RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 348
नई दिल्ली, सोमवार, 31 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




हमने अच्छा खेल नहीं दिखाया
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# गुजरात में केबल पुल टूटा, 60 की मौत

- मोरबी शहर में माच्छू नदी पर बना एक सदी पुराना पुल मरम्मत के बाद चार दिन पहले ही खोला गया था

**पायनियर समाचार सेवा।** मोरबी, नई दिल्ली



गुजरात के मोरबी शहर में माच्छू नदी पर बना केबल पुल टूटने के बाद राहत और बचाव कार्य में लगे कर्मचारी

**गुजरात** के मोरबी शहर में रविवार की शाम माच्छू नदी पर बना केबल पुल टूटने से कम से कम 60 व्यक्तियों की मौत हो गई। यह पुल करीब एक सदी पुराना था और मरम्मत के बाद हाल ही में इसे लोगों के लिए खोला गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि हाल ही में मरम्मत के बाद जनता के लिए चार दिन पहले ही फिर से खोले गए इस पुल पर लोगों की काफी भीड़ थी। उन्होंने बताया कि पुल शाम करीब साढ़े छह बजे टूट गया।

मोरबी सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. प्रदीप दुधरजिया ने कहा, मोरबी केबल पुल टूटने से कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई है। हमारे अस्पताल में अब तक कई शव लाए गए हैं। गुजरात के मंत्री बृजेश मेरजा ने पुष्टि की कि हादसे में करीब 60 लोगों की मौत हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि जब पुल टूटकर गिरा तब उस पर कई महिलाएं, बच्चे और अन्य लोग थे, जो नीचे पानी में गिर गए। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तीन टीम रविवार को गुजरात के मोरबी जिले में भेजी गईं हैं। एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल ने बताया कि राज्य की राजधानी गांधीनगर और वडोदरा से तीन टीम भेजी गई हैं। दीपावली की छुट्टी और रविवार होने के कारण प्रमुख पर्यटक आकर्षण पुल पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ी हुई थी। एक निजी संचालक ने लगभग छह महीने तक पुल की मरम्मत का काम किया था। पुल को 26 अक्टूबर को गुजराती नववर्ष दिवस पर जनता के लिए फिर से खोला गया था।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लोगों को नदी से निकालने के लिए नावों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा, हम नावों की मदद से बचाव कार्य कर रहे हैं। नदी में करीब 40-50 लोग हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने एक ट्वीट में कहा कि वह त्रासदी से दुखी हैं। उन्होंने कहा, प्रशासन द्वारा राहत और बचाव अभियान जारी है। प्रशासन को घायलों के तत्काल इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। मैं इस संबंध में जिला प्रशासन के लगातार संपर्क में हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना के संबंध में मुख्यमंत्री पटेल और अधिकारियों से बात की। मोदी इस समय, गुजरात में हैं। पीएमओ ने (शेष पेज 8)

## दक्षिण कोरिया में हुई भगदड़ में मृतक संख्या 153 हुई

**सियोल (भाषा)।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में हैलोवीन के दौरान भीड़ के एक संकरी गली में घुसने के प्रयास से मची भगदड़ में कुचलकर मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 153 हो गई है, जबकि 133 अन्य घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक एओल ने रविवार को एक सप्ताह के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की और सरकारी भवनों और सार्वजनिक कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्र ध्वज आधा झुकाने का आदेश दिया। टेलीविजन संबोधन के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि पीड़ितों के परिवारों की हर संभव मदद करना उनकी सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने घायलों के बेहतर उपचार का भी आश्वासन (शेष पेज 8)

# रक्षा व एयरोस्पेस सेक्टर देश को बनाएंगे आत्मनिर्भर: मोदी

- वडोदरा में रखी सी-295 मध्यम दर्जे के परिवहन विमान की विनिर्माण सुविधा की आधारशिला
- कहा-2025 तक भारत का रक्षा निर्माण बढ़कर 25 अरब डॉलर का हो जाएगा
- राष्ट्र परिवहन विमानों का प्रमुख निर्माता बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



वडोदरा में सी-295 विमान की निर्माण इकाई देखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आने वाले सालों में रक्षा और एयरोस्पेस सेक्टर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में दो महत्वपूर्ण स्तंभ साबित होंगे। उन्होंने कहा कि 2025 तक देश का रक्षा निर्माण बढ़कर 25 अरब डॉलर का हो जाएगा।

मोदी ने कहा भारत के 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर ग्लोबल' दृष्टिकोण से उसकी ताकत बढ़ रही है। प्रधानमंत्री गुजरात के वडोदरा में भारतीय वायु सेना के लिए सी-295 मध्यम दर्जे के परिवहन विमान की विनिर्माण सुविधा की आधारशिला रखने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत अब परिवहन विमानों का एक प्रमुख निर्माता बनेगा।

सी-295 विमान एयरबस और टाटा ग्रुप का संयुक्त उपक्रम हैं और इसकी लागत 22,000 करोड़ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बन गया है और देश में आर्थिक सुधारों की एक नई गाथा लिखी जा रही है क्योंकि मौजूदा सरकार की नीतियां स्थिर, अनुमानित और भविष्योन्मुखी हैं। मोदी तीन दिन के राजस्थान और गुजरात दौरे पर हैं, जहां अगले कुछ दिनों चुनाव की तारीखों का ऐलान होना है। पीएम ने कहा 'मेड इन इंडिया' यात्री विमान जल्द हकीकत होंगे क्योंकि उनकी सरकार ने भारत में कारोबार को सुगम बनाने की दिशा में काम किया है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत परिवहन विमानों का एक प्रमुख निर्माता बनने जा रहा है और उन्हें वह दिन दिखाई दे रहा है जब देश में बड़े वाणिज्यिक विमान बनाए जाएंगे।

मोदी ने कहा कि वडोदरा में सी-295 विमान के विनिर्माण से न केवल सेना को ताकत मिलेगी बल्कि इससे एयरोस्पेस इकोसिस्टम भी तैयार होगा। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की भारत की आकांक्षा में (शेष पेज 8)

# निर्माण गतिविधियों पर रोक के लिए बनीं 586 टीमें

**वायु प्रदूषण**

- दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू कराने व निगरानी की जिम्मेदारी निभाएंगी टीमें
- पीडब्ल्यूडी, निगम, रेलवे, डीडीए और डीपीसीसी के अधिकारियों के साथ पर्यावरण मंत्री की बैठक में फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लगातार** बिगड़ रही आबोहवा को दुरुस्त करने के लिए ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत लगाई गईं पाबंदियों को लागू कराने के लिए दिल्ली सरकार ने 586 टीमों का गठन किया है। ये टीम निर्माण-तोड़ फोड़ से संबंधित पाबंदियों के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगी।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने खराब हो रही वायु गुणवत्ता के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण कार्य और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर लगाई गई पाबंदी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये टीमें पूरी शिद्दत से काम करेंगी। राय ने उत्तर प्रदेश की सरकार से अनुरोध किया कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सीएनजी बसों (शेष पेज 8)

## राजधानी में पराली से 26% बढ़ा प्रदूषण, पंजाब में 4 अफसर नपे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**दिल्ली** के पीएम 2.5 प्रदूषक कणों में पराली जलाने का योगदान बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया है, जो खेतों में फसल के अवशेषों को आग लगाने की बढ़ती घटनाओं और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषकों के गमन के लिए अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण सबसे अधिक है।

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को पीएम 2.5 प्रदूषण में 21 प्रतिशत योगदान पराली जलाने का था। पीएम 2.5 महीन कण होते हैं जो 2.5 माइक्रोन या उससे कम व्यास के होते हैं और श्वसन नली के माध्यम से शरीर में फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं और रक्त में प्रवेश कर सकते हैं। पंजाब सरकार ने पराली जलाए जाने की घटनाओं को रोकने में नाकाम संबद्ध इलाकों के चार कृषि अधिकारियों को रविवार को निलंबित कर दिया।

सरकारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देश पर कृषि मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने कृषि विभाग के चार अधिकारियों को कर्तव्य में लापरवाही बरतने को लेकर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा था कि इस साल पंजाब में पराली जलाने की बढ़ती घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। इसने कहा कि सैटेलाइट रिमोट सेंसिंग डाटा के मुताबिक, 24 अक्टूबर तक पंजाब में बुवाई क्षेत्र का केवल 39 प्रतिशत हिस्सा ही काटा गया था और इस प्रकार पराली जलाने की घटनाओं (शेष पेज 8)

# सीएए पर सुप्रीम कोर्ट में 232 याचिकाओं की सुनवाई आज

- अधिकांश जनहित याचिकाएं शामिल, नौ दिन की छुट्टी के बाद खुल रहा सर्वोच्च न्यायालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दीपावली** एवं अन्य त्योहारों के अवसर पर नौ दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को खुल रहा उच्चतम न्यायालय पहले ही दिन विवादास्पद नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं सहित करीब 232 जनहित याचिकाओं की सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश (शेष पेज 8)

# सैनिकों को अत्याधुनिक युद्ध प्रशिक्षण दे रही आईटीबीपी

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली

- गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ झड़प के बाद नई निरस्त्र आक्रामक युद्ध तकनीक अपनाने का लिया गया फैसला

**चीन** से लगी सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की सुरक्षा में तैनात इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) ने अपनी बुनियादी रणनीति में बदलाव करते हुए आज की जरूरतों के हिसाब से जवानों को प्रशिक्षण देने का काम शुरू किया है।

इसमें जवानों को नई निरस्त्र युद्ध तकनीक सिखाई जा रही है, ताकि अपना नुकसान उठाए बिना दुश्मन को आगे बढ़ने से रोका जा सके। अब तक 20,000 से अधिक लड़ाकू और गैर-लड़ाकू गतिविधियों में शामिल जवानों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मालूम हो कि वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीन और भारतीय जवानों के बीच खूनी संघर्ष हुआ था।

इस संघर्ष में 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस झड़प में 40 से 45 चीनी सैनिक भी मारे गए थे। उस घटना के बाद से सीमा पर तनाव बरकरार (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,959 | |
| निफ्टी | 17,786 | |
| सोना | 50,889 | /10g |
| चांदी | 58,336 | /kg |

## क्विक न्यूज

### तेलंगाना ने सीबीआई को दी आम सहमति वापस ली

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने राज्य में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को मामलों की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। इसके साथ ही प्रदेश उन कई गैर-भाजपा शासित राज्यों की सूची में शुमार हो गया है जिसने केंद्रीय एजेंसी को मामलों की जांच की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से 30 अगस्त को जारी एक आदेश के अनुसार, तेलंगाना में प्रत्येक मामले की जांच के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी को प्रदेश की पूर्व अनुमति लेना आवश्यक कर दिया गया है। हालांकि, सरकारी आदेश दो महीने पहले जारी किया गया था, लेकिन यह शनिवार को तब सार्वजनिक हुआ जब अतिरिक्त महाधिवक्ता ने तेलंगाना उच्च न्यायालय को टीआरएस के विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली भाजपा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी।

# भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे चिराग पासवान

**बिहार विस उपचुनाव**



**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**लोक** जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष ने रविवार को स्पष्ट कर दिया कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा की दो सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों का समर्थन करेगी और वे भगवा पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के लिए दोनों विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

बिहार में मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों का समर्थन करने की घोषणा चिराग ने दिल्ली से लौटने के बाद रविवार को की। पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में चिराग ने कहा कि वह मोकामा और गोपालगंज, जहां भाजपा का राजद से कड़ा मुकाबला है, में भगवा पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दो महीने पहले एनडीए से बाहर निकलने के बाद कमजोर हुई भाजपा और प्रदेश में सत्ताधारी महागठबंधन (जिसमें सात दल शामिल हैं) में से सबसे बडी पार्टी राजद के लिए तीन नवंबर को होने वाले इस उपचुनाव को शक्तिपरीक्षण के पहले अवसर के तौर पर देखा जा रहा है। चिराग अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान द्वारा स्थापित लोक जनशक्ति पार्टी के एक अलग समूह के प्रमुख हैं। जमुई के 39 वर्षीय सांसद चिराग अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी (शेष पेज 8)




# महापर्वः व्रतियों ने जल में खड़े होकर दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य

## केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर की पुष्पवर्षा





कृत्रिम छठ घाट में सूर्य को अर्घ्य देती महिला।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में छठ पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। व्रतियों ने जल में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और परिवार में सुख.शांति की कामना छठ मइया से की।

छठ पूजा का मुख्य आयोजन हिंडन नदी के दोनों किनारों पर हुआ। यहां लाखों श्रद्धालु उमड़े। जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की ओर से व्यापक इंतजाम सभी घाटों पर किए गए थे। श्रद्धालुओं ने इस दौरान प्रसाद वितरित किया और फिर आतिशबाजी भी की।

रविवार को ऐस सिटी और आसपास की हाउसिंग सोसाइटीज के निवासियों ने छठ पर्व का संयुक्त आयोजन किया। हर साल की तरह इस बार भी आस्था का प्रतीक महापर्व छठ पूजा का आयोजन ऐस सिटी गोल चक्कर के सामने खाली प्लॉट में हुआ। वहां कृत्रिम घाट बनाकर छठ पूजा की गई। ऐस सिटी के निवासी उदय शंकर पाठक, दीपक झा, अंजनी कुमार, सुमन, जितेंद्र कुमार, आत्माराम, राजीव और अन्य निवासियों ने बताया कि यहां हर साल भारी संख्या में व्रती अर्घ्य देने आते हैं। अथॉरिटी से निवेदन किया गया है कि सेक्टर.1 और सेक्टर.2 के लिए अस्थाई रूप से छठ पर्व घाट का प्रबंध किया जाए। इस छठ घाट पर आसपास के गांव एम्माबाद, चौगानपुर, सेक्टर-1 और सेक्टर.2 की सभी सोसायटी के निवासियों की भागीदारी रहती है। निवासियों ने कहा पर हर तरह की व्यस्था को भी और सुरक्षा व्यवस्था का भरपूर ध्यान रखा गया है। विधायक तेजपाल नागर संध्या अर्घ्य के समय उपस्थित रहे। उन्होंने छठ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। गौर सिटी की विभिन्न सोसाइटियों में कृत्रिम घाट में सैकड़ों महिलाओं ने की पूजा अर्चना की हैं। छठ पूजा का व्रत कठिन व्रतों में से एक होता है। इसमें पूरे चार दिन तक व्रत के नियमों का पालन करना पड़ता है और व्रत रखने वालों को पूरे 36 घंटे निर्जला व्रत रखना पड़ता है। छठ व्रत की शुरुआत नहाए.खाय के साथ होती है। इसके बाद दूसरे दिन खरना और तीसरे दिन अस्ताचलगामी अर्घ्य की परंपरा निभाई जाती है। शाम में किसी नदी या तालाब में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देती हैं।

सेक्टर 31 के शहीद भगत सिंह पार्क में पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित छठ पूजा महोत्सव में छठ व्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि रोशनी से जगमग छठ घाट को केले के पत्तों से सजाया गया था।

छठ घाट के पानी में गंगा जल के साथ गुलाब की पंखुड़िया डाली गई एवं छठ वृतियों के ऊपर एक कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की गई। छठ घाट पर महत्वपूर्ण स्लोगन लिखकर जागरूक किया गया वहीं वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, प्लाटिक का उपयोग रोकने, जल संरक्षण जैसे स्लोगन लिखकर सामाजिक संदेश देने का भी कार्य किया गया। छठ घाट पर छठ मैया, भगवान सूर्यदेव की प्रतिमा दरबार सहित स्थापित की गई।

छठ मैया के गीतों से एवं जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। छठ वृतियों ने छठ वेदी पर पूजा अर्चना की इसके उपरांत घाट के पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की समृद्धि व सुख शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। राघवेंद्र दुबे ने बताया कई छठ व्रतियों ने दण्डवत होकर छठ घाट की परिक्रमा की। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही। समिति की ओर से गरीब महिला को सिलाई मशीन भेंट की गई।

खुशबू तिवारी एन्ड पार्टी द्वारा छठी मैया के गीतों से सजा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। गायकों की भक्तिमय प्रस्तुति ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया15,000/- के इनाम से पुरस्कृत किया।

# दबंगईः सिगरेट जलाकर न देने पर महिला दुकानदार के दांत तोड़े

- शिकायत मिलने पर पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विजयनगर थानाक्षेत्र के सिद्धार्थ विहार इलाके में शनिवार रात कार सवार युवकों की दबंगई देखने को मिली। युवकों ने महिला दुकानदार से सिगरेट मांगी और फिर जलाने को कहा।

सिगरेट जलाने से मना करने पर आरोपियों ने पैसे देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट कर दी, जिसमें उसके दांत टूट गए। इसके अलावा बचाने आए महिला के बेटे के साथ भी मारपीट की। वहीं, घटना का पता लगने पर स्थानीय लोगों ने आरोपियों की कार में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवार तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

सिद्धार्थ विहार सेक्टर.9 में प्रेमधाम सोसायटी के गेट पर ऊषा यादव खोखा चलाकर परिवार का पालन पोषण करती हैं। शनिवार रात वह खोखे पर बैठी थीं। उसी दौरान कार सवार तीन युवक आए और सिगरेट मांगी। उषा यादव ने कार के पास जाकर सिगरेट पकड़ा दी।

इसके बाद युवकों ने सिगरेट जलाने को कहा। ऊषा यादव ने इनकार कर दिया तो युवकों ने कहा कि सिगरेट जलाने पर ही वह उसका भुगतान करेंगे। आरोप है कि ऊषा देवी ने विरोध किया तो कार सवार तीन युवक तैश में आ गए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उनके दो दांत टूट गए। शोर.शराबा सुनकर ऊषा यादव का बेटा भूरा आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। युवकों की दबंगई देख मौके पर अफरा.तफरी मच गई।

महिला दुकानदार के साथ मारपीट की घटना का पता लगने ही प्रेमधाम सोसाइटी के लोग आक्रोशित हो गए। घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने हमला करने वाले युवकों की कार को घेर लिया और लाठी-डंडों तथा ईंट से वार कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद तीनों हमलावर इधर-उधर भागकर जाने लगेए लेकिन लोगों ने उन्हें मौके पर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। विजयनगर एसएचओ योगेंद्र मलिक का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान अरूण, दीपक और विनय के रूप में हुई है।

तीनों आरोपी सिद्धार्थ विहार के रहने वाले हैं और नोएडा में प्राइवेट नौकरी करते हैं। जिस कार में बैठकर आरोपी आए थे, वह विनय की है। जबकि अरुण पीड़ित महिला का पड़ोसी है।

एसएचओ का कहना है कि घायल महिला दुकानदार और उसके बेटे का सरकारी अस्पताल में उपचार कराने के बाद शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## ओएसडी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की

**गाजियाबाद।** जीडीए ओएसडी और मुख्य अभियंता के नाम पर उगाही का प्रयास करने वाले बाबू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। अपनी जांच रिपोर्ट में उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए जीडीए उपाध्यक्ष को रिपोर्ट भेजी है।

इस हफ्ते बाबू के खिलाफ कार्रवाई होगी। जीडीए लेखा अनुभाग का बाबू ने सभी को अवैध निर्माण कर रखे होने की बात कही। उसने कहा कि ओएसडी और मुख्य अभियंता ने आपके अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं।

# एक हजार किलोवाट तक के कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे



'झटपट वेब पोर्टल उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शुरू किया गया है। इस पर दो सप्ताह में उपभोक्ता को कनेक्शन दिए जा रहे हैं। घरेलू श्रेणी में उपभोक्ता पोर्टल पर एक हजार किलोवाट तक के लिए आवेदन कर सकते हैं।'

-मुकेश मित्तल
मुख्य अभियंता, विद्युत निगम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

अब उपभोक्ता विद्युत निगम के झटपट पोर्टल पर एक हजार किलोवाट तक के बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। घरेलू श्रेणी में कनेक्शन की तमाम प्रक्रिया पूरी करने के बाद अधिकतम दो सप्ताह में कनेक्शन जारी कर दिया जाएगा। अब तक केवल 25 किलोवाट तक कनेक्शन के लिए ही पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध थी।

पावर कॉरपोरेशन ने अपनी वेबसाइट पर झटपट ऑनलाइन कनेक्शन नाम से लिंक दिया हुआ है। इस लिंक पर क्लिक करने के बाद पंजीकरण के लिए नया पेज खुलकर आ जाएगा। इसमें उपभोक्ताओं को अपना पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद यूजर आईडी और पासवर्ड उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई.मेल पर आ जाएगा। फिर यूजर आईडी और पासवार्ड से लॉगइन करने पर कनेक्शन के लिए फॉर्म खुलकर आए जाएगा। इसमें उपभोक्ता को नाम, पता, कनेक्शन का स्थान और मोबाइल नंबर आदि की जानकारी देने के बाद अपना फोटो, पहचान पत्र और संबंधित कनेक्शन की संपत्ति के दस्तावेज अपलोड करने होंगे। पेज पर पूरी प्रक्रिया करने के बाद सबमिट करना होगा।

इसके बाद संबंधित आवेदन अधिशासी अभियंता के पास पहुंच जाएगा। इसके बाद संबंधित क्षेत्र के उपखंड अधिकारी और जूनियर इंजीनियर जेई कनेक्शन स्थल का मौका.मुआयना करके अपनी रिपोर्ट लगाएंगे। आपत्ति होने पर उपभोक्ता को ऑनलाइन जानकारी दी जाएगी, अन्यथा शुल्क जमा कराके उपभोक्ता के घर पर कनेक्शन मीटर लगा दिया जाएगा। मीटर लगाने से पूर्व भी उपभोक्ता को जानकारी दे दी जाएगी। उपभोक्ताओं को कनेक्शन के लिए बिजली कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया आठ चरण में पूरी होगी। इसमें पहली प्रक्रिया में कनेक्शन फॉर्म भरा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



छठ पूजा के दौरान गाजियाबाद के पुलिस अधिकारी मौके पर मुस्तैद रहे।

### युवती से छेड़छाड़ कर रहे आरोपी दबोचे

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थानाक्षेत्र में घर में घुसकर दो युवकों ने युवती से छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर युवती के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को दबोच लिया। धुनाई के बाद दोनों आरोपी पुलिस के हवाले कर दिए गए। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सिहानी गेट थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला का कहना है कि शनिवार रात करीब 10 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में मौजूद थीं। उसी दौरान लोहिया नगर की अंबेडकर कॉलोनी निवासी यामीन और जिला मुरैना निवासी रोहित उनके घर में घुसकर उनकी बेटी से छेड़छाड़ करने लगे। महिला का कहना है कि बेटी ने शोर मचाया तो उनके समधीए बेटा और पड़ोसी मौके पर दौड़ पड़े और दोनों आरोपियों को दबोच लिया। धुनाई के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया सिहानी गेट एसएचओ नरेश शर्मा का कहना है कि महिला की शिकायत पर छेड़छाड़ का केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### 3 फ्लैटों में आग लगने के मामले में चार गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रेडिकॉन वेदांत सोसाइटी गौर सिटी 2 के फ्लैटों में बीते दिनों आग लग गई थी। सोसाइटी में फायर सेफ्टी उपकरणों में लापरवाही के मामले में बिसरख पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि सोसाइटी में आग सेफ्टी उपकरणों के कारण लगी थी। देखरेख में लापरवाही बरतने पर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 24 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की रेडिकॉन वेदांत सोसाइटी गौर सिटी टू के एक फ्लैट में आग लग गई थी। फ्लैट से आग तीन फ्लैट तक चली गई। फ्लैट में आग को बुझाने वाले फायर सेफ्टी संबंधी यंत्र उपलब्ध नहीं थे।

### बंद घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**नोएडा।** सेक्टर बीटा-2 पुलिस ने बंद घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण और नगदी बरामद हुई है। आरोपियों ने 11 जून को सेक्टर बीटा.1 के एक घर में चोरी की थी। थाना बीटा-2 कोतवाली प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि पुलिस टीम ने रविवार को एटीएस गोल चक्कर के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान गौरव कुमार निवासी ग्राम नेहरूपुर थाना खुर्जा, सुरेंद्र निवासी ग्राम नेहरूपुर थाना खुर्जा और फैजान निवासी मोहल्ला सराय नसुल्ला खुर्जा के रूप में हुई है। इसमें एक आरोपी बिसरख में रह रहा था। आरोपियों के पास से सोने का हार, सोने के कंगन, दो अंगूठी और 2830 रुपये बरामद हुए हैं।

### मोदीनगर में ईंट मारकर मवेशी को मार डाला

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की जगतपुरी कॉलोनी में ईंट लगने से एक गौवंश की मौत हो गई। हिंदू संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विशेष समुदाय के युवक पर हमला कर पशु को मार डालने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हिंदू युवा वाहिनी के जिला मंत्री नीरज शर्मा ने बताया कि रविवार की दोपहर को सूचना मिली कि नगर की जगतपुरी कॉलोनी में एक पशु को पीटकर मार डाला गया है। सूचना मिलते ही दर्जनों कार्यकर्ता एकत्र होकर मौके पर पहुंचे गए। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि विशेष समुदाय के युवक ने पशु के सिर में ईंट मार दी। इससे गौवंश की मौत हो गई।

# नवंबर में मिल सकती है ग्रेनो मेट्रो को मंजूरी

- एमआरसी की ओर से इस लाइन को लेकर वित्त मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा से ग्रेनो वेस्ट के बीच चलने वाली मेट्रो को लेकर नौ नवंबर को दिल्ली में अहम बैठक होगी। इस दिन नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एनएमआरसी की ओर से इस लाइन को लेकर वित्त मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा।

बैठक में मंजूरी होते ही इस कैबिनेट के पास भेज दिया जाएगा। ऐसे में उम्मीद है कि नवंबर महीने में कैबिनेट से इस लाइन को मंजूरी मिल सकती है। केबिनेट से मंजूरी होने के बाद लाइन के निर्माण को लेकर टेंडर जारी किया जाएगा। इसमें तीन से चार महीने का समय लग जाता है।

अगर पहली बार ही में टेंडर प्रक्रिया में कंपनी का चयन हो जाता है तो मार्च 2023 के आसपास मेट्रो का काम शुरू हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तुतीकरण में वित्त मंत्रालय के अधिकारी देखेंगे कि मेट्रो की यह परियोजना किस तरह से आर्थिक रूप से उपयोगी साबित होगी। प्रस्तुतीकरण को लेकर एनएमआरसी अधिकारियों ने पूरी तैयारी कर ली है।

प्रस्तुतीकरण 14.95 किलोमीटर के रूट का होगा इसमें एक्वा लाइन के सेक्टर.51 स्टेशन से नॉलेज पार्क तक के 9 स्टेशन शामिल हैं। काम दो चरणों में करवाया जाना है। पहले चरण में 9.1555 किलोमीटर के कॉरिडोर का काम होगा। यह सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा के सेक्टर.2 तक होगा। इस कॉरिडोर पर पांच स्टेशन होंगे। इसमें नोएडा सेक्टर-122, नोएडा सेक्टर-123, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4, ईकोटेक और ग्रेटर नोएडा सेक्टर.2 होगा। दूसरे चरण में दूसरे चरण में 5.8025 किलोमीटर का काम होगा। इस कॉरिडोर पर चार स्टेशन होंगे। इसमें ग्रेटर नोएडा सेक्टर.3, ग्रेटर नोएडा सेक्टर.10, ग्रेटर नोएडा सेक्टर.12 और ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क-5 स्टेशन शामिल होंगे।

# पत्नी पर गलत नजर रखने वाले पड़ोसी को मार डाला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने ग्रीन वैली पार्क अभय खंड में मिले शव की गुत्थी 48 घंटे में सुलझा ली। मृतक का हत्यारोपी उसका पड़ोसी निकला।

हत्यारोपी की पत्नी पर गलत नजर रखने पर वारदात की गई थी। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को रविवार को जेल भेज दिया। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के अभयखंड चौकी स्थित ग्रीन वैली पार्क में 28 अक्टूबर को एक व्यक्ति की लाश पड़ी मिली थी। उसके सिर पर भारी वस्तु से प्रहार किया गया था। पुलिस जांच में मृतक की शिनाख्त जितेंद्र के रूप में हुई। वो खोड़ा थाना क्षेत्र की गली नंबर.छह में रहता था। जितेंद्र की पत्नी ने पुलिस को बताया कि वो 25 अक्टूबर से लापता चल रहे थे। पुलिस ने रविवार को इस प्रकरण में जितेंद्र के पड़ोसी रणजीत को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में रणजीत ने बताया कि जितेंद्र उसकी पत्नी पर गलत नजर रखता था। कई लोगों से जितेंद्र उसकी पत्नी के बारे में गलत बातें बोलता था। ये बात रणजीत को बर्दाश्त नहीं हुई।

## इस हफ्ते अवैध निर्माण की सूची आएगी

**गाजियाबाद।** जिले में लगातार अवैध कालोनियां काटी जा रही है। अब इस संबंध में शासन ने जीडीए से अवैध कालोनियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है।

प्राधिकरण इस हफ्ते यह जानकारी शासन को भेजेगा। जीडीए सर्वे के अनुसार प्राधिकरण क्षेत्र में 321 अवैध कालोनियां हैं। इसके बाद तेजी से अवैध कालोनियों का जाल फैला है। जिले में धड़ल्ले से कट रही अवैध कालोनियों पर शासन ने नाराजगी जताई है। प्रमुख सचिव आवास के निर्देश के बाद शासन के उच्चाधिकारियों ने अवैध कालोनियों के संबंध में जानकारी मांगी थी।

# पति को जहर देकर पत्नी जेवर लेकर फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक को उसकी पत्नी द्वारा जहर देने का आरोप लगा है। युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

युवक के पिता का कहना है कि उसकी बहू बेटे को जहर देकर घर में रखे हुए सभी जेवरात लेकर फरार हो गई। इस मामले में पीड़ित के पिता ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच में जुट गई है। ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के हल्द्वानी के रहने वाले किशन सैनी ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि उनके लड़के ज्ञानचंद की शादी गाजियाबाद निवासी सोनम से हुई थी। दिवाली से 4 दिन पहले भी इन लोगों के बीच विवाद हुआ। जिसके बाद लड़की के परिवार वाले आए और इन लोगों को अलग रखने की बात कही। मैंने बहू और बेटे को अपने से अलग रख दिया।

28 अक्टूबर की शाम को मेरे बेटे को सोनम ने खाने में कुछ मिला कर दे दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद उसको हमने एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसको नोएडा के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि इसको जहर दिया गया है। जब हम दोबारा से घर वापस लौटे तो देखा कि घर की अलमारी खुली हुई थी। उसमें रखे पैसे और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे और वहां से हमारी बहू सोनम भी गायब थी।

पीड़ित के पिता ने बहू सोनम, उसके भाई, बहन और जीजा पर साजिश रचकर अपने बेटे को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। साथ ही पैसे और जेवरात चोरी करने की भी पुलिस से शिकायत की है।

फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है।

## पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर फरार हुआ 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पुलिस की सर्विस पिस्टल छीनकर भागने का प्रयास कर रहे 50 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक दरोगा गोली लगने से घायल हुआ है, जबकि बदमाश के पैर में गोली लगी है। आरोपी लोनी थाने का हिस्ट्रीशीटर और जग्गू गैंग का संचालक था।

लोनी थाने का हिस्ट्रीशीटर तथा निठोरा के कुख्यात जग्गू गैंग का संचालक यतेंन्द्र उर्फपैंदा पुत्र रामबीर निवासी निठोरा लोनी के विरुद्ध हत्या का मामला चल रहा था तथा वह जिलाबदर था। एक सितंबर को हत्या के मामले में गवाह को धमकी देने कोर्ट पहुंचा था, इसी दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया था।

# बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़, तीन लुटेरों को लगी गोली

- पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ 60 से ज्यादा मुकदमें दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर 58 में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। जबकि एक बदमाश को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान पकड़ लिया। घायल बदमाशों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पकड़े गए बदमाशों पर 60 से ज्यादा मुकदमें दर्ज हैं। शनिवार रात को नोएडा की सेक्टर 58 पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाशों ने मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया है और फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। जब पुलिस सेक्टर 57 सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस को बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल और एक ऑटो रिक्शा आता हुआ दिखा। पुलिस ने इन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन इन लोगों ने तीव्र गति से वाहनों को दौड़ा दिया। जिसके बाद पुलिस ने इनका पीछा किया तो इन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में 3 बदमाशों के पैर में गोली लग गई और वह मोटरसाइकिल से नीचे गिर गए। जबकि ऑटो में सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। मुठभेड़ में घायल हुए बदमाशों की पहचान गोलू, मनीष और जगत के रूप में हुई है।

तीनों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कॉम्बिंग के दौरान फरार हुए बदमाश रईस को भी गिरफ्तार कर लिया गया। यह सभी लोग दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 7 मोबाइल फोन, तीन तमंचे, एक ऑटो और मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में एडिशनल डीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया की दिल्ली एनसीआर में इनका आतंक था। यह एक दिन में 30 से 40 मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। पकड़े गए बदमाशों पर 60 से ज्यादा मुकदमें दर्ज हैं। लूट के मोबाइल को बेचने वाले आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। साथ ही इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।



पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश और मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य, खुशहाली की कामना

**● राजधानी में चारों तरफ छठ की धूम, कोविड के बाद पूरे उत्साह से मना पर्व**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालू। फोटो: रंजन डिमरी

लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के हर कोने से श्रद्धालु यमुना नदी के किनारे समेत 1100 घाटों के अलावा गली-मोहल्लों में बने अस्थाई घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देने के लिए उमड़ पड़े।

कोविड के कारण लागू पाबंदियों के कारण दो साल बाद पूरे उत्साह के साथ छठ पर्व मनाया जा रहा है। छठ पर्व के अंतिम चरण में सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ आस्था के इस पर्व का समापन हो जाएगा।

सूर्य और छठी मईया की पूजा के लिए 36 घंटे लंबा निर्जला व्रत करने वाले व्रतियों ने शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया। चार दिन चलने वाली छठ पूजा के पहले दिन नहाय खाए होता है, दूसरे दिन खरना होता है जिसमें व्रतियों के लिए मीठा भोजन, सामान्य रूप से रोटी और रसियाव (बिना दूध का खीर) बनता है, तीसरे दिन व्रती शाम को सूर्य को अर्ध्य देते हैं और चौथे दिन ऊगते हुए सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही छठी मईया की पूजा और छठ व्रत संपन्न हो जाता है।

इस दौरान मन्नत मांगने वाले लोग व्रती कोशी भी भरते हैं। छठ पूजा दीवाली से छठवें दिन, षष्टी को होती है। गौरतलब है कि दो साल लंबी कोविड पाबंदियों के बाद इस साल राजधानी दिल्ली में यमुना घाट के अलावा अलग-अलग जगहों पर, गली-मोहल्लों में बनाए गए अस्थाई घाटों में पूरे उत्साह के साथ छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। इन्द्रप्रस्थ कालोनी की रहने वाली व्रती सुषमा सिंह का कहना है कि महंगाई की मार तो सभी पर पड़ी है, लेकिन यह छठ पूजा है। उन्होंने बताया कि मैं पिछले 20 साल से छठ का व्रत कर रही हूं। दिन-ब-दिन यह लोकप्रिय होता जा रहा और व्रत करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस साल छठ की व्यवस्था अच्छी है, लेकिन और सुधार की जरूरत है। कोविड के दो साल के बाद इस बार हम घाट पर आए हैं। आशा करती हूं कि छठी मईया सबको आशीर्वाद देंगी और सबकी मनोकामनाएं पूरी करेंगी। सामान्य तौर पर सांझ घाट और सुबह की घाट के दौरान व्रती घाट पर जल में खड़े होकर सूर्य को अर्ध्य देते हैं। इस साल कुछ व्रतियों का कहना है कि यमुना घाट पर उन्हें नदी में उतरने की अनुमति नहीं दी गई है, ऐसे में वे वहां बने अस्थाई घाटों में जल में खड़े होकर अर्घ्य दे रही हैं।लक्ष्मी नगर के रहने वाले रघुनाथ कांत छठ पूजा के लिए आईटीओ घाट पर आए हैं। उनका कहना है, हम छठ पूजा के लिए यहां आए हैं। सरकार ने अच्छी व्यवस्था की है, लेकिन हमें यमुना में प्रवेश करने से मना किया गया है, पूजा के लिए अस्थाई घाट बनाए गए हैं। दिल्ली की आम आदमी पार्टी नीत सरकार ने इस साल छठ पूजा के लिए शहर में 1,100 घाट बनाए हैं और 2014 के 2.5 करोड़ रुपए के बजट को 10 गुना बढ़ाकर इस साल 25 करोड़ रुपए कर दिया है।

# केजरीवाल को दिल्ली की चिंता नहीं : भाजपा

**● मनोज तिवारी ने पंजाब का मुख्यमंत्री बनने की दी सलाह**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


मनोज तिवारी

छठ पर्व के उल्लास के बीच राजधानी में यमुना नदी में प्रदूषण को लेकर राजनीतिक पार्टियों घमासान तेज हो गया है। भाजपा, कांग्रेस और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के बीच जुबानी जंग जारी है।

भाजपा नेता मनोज तिवारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गुजरात दौरे को लेकर उन पर निशाना साधा। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को छठ पूजा के मौके पर दिल्ली में रुककर तैयारियों की वास्तविकता परखनी चाहिये थी। मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में छठ पर्व पर व्रतियों को सुविधाएं नहीं देना चाहते हैं। यदि केजरीवाल को दिल्ली की चिंता नहीं है, तो उन्हें पंजाब जाकर वहां का मुख्यमंत्री बन जाना चाहिए।

वहीं भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने ट्विटर पर कई वीडियो साझा कर दिल्ली सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को त्योहार मनाने के लिए बनाए गए अस्थायी तालाबों में पानी उपलब्ध नहीं है। प्रवेश वर्मा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के यमुना नदी को साफ करने के वादे की याद दिलाई और कहा कि ये दिन कब आएंगे।

वहीं कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अनिल कुमार ने शनिवार को दिल्ली सरकार के रवैये पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया।

# छठ के घाटों पर व्यवस्थाओं का मंत्री कैलाश गहलोत ने जायजा लिया

*पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली*

*राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने कुतुब विहार और डाबरी मोड़ स्थित छठ के घाटों का दौरा किया और इस पर्व को लेकर की गई व्यवस्था का जायजा लिया। गहलोत ने अपने दौरे पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जलापूर्ति, अस्थाई तालाब बनाने, सीसीटीवी लगाने सहित अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया। दौरे के बाद गहलोत ने ट्वीट किया, कुतुब विहार-मटियाला जा कर छठ पूजा के घाटों का निरीक्षण किया। लोग दिल्ली सरकार द्वारा की गई व्यवस्था से काफी खुश हैं। छठ समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आभार व्यक्त किया। छठ पूजा दिवाली के बाद छठे दिन मनाई जाती है और इसे सूर्य षष्ठी भी कहा जाता है क्योंकि यह सूर्य भगवान को समर्पित है। दिल्ली में रहने वाले बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग यह पर्व धूम-धाम से मनाते हैं। डाबरी मोड़ छठ घाट पर गहलोत ने व्रती महिलाओं से भी बातचीत की और उनसे त्योहार की तैयारी के बारे में पूछा।*

# जलबोर्ड निदेशक ने यमुना के पानी से किया स्नान



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड के निदेशक (क्वालिटी कंट्रोल) संजय शर्मा ने रविवार को यमुना नदी के पानी से स्नान किया है। उन्होंने ऐसा भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा के चैलेंज देने के बाद किया है।जानकारी के मुताबिक, रविवार को दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी ने कालिंदी कुंज के यमुना घाट पर स्नान किया। इस दौरान दिल्ली जल बोर्ड (क्वालिटी कंट्रोल) निदेशक संजय शर्मा ने कहा कि पानी का बीओडी स्तर 12-13 है, टीएसएस 20 के नीचे है, फास्फेट 0.1 और डिसोल्वड ऑक्सीजन 7.0 से ज़्यादा है।

यमुना नदी स्वच्छ है और लोग बेझिझक होकर यहां डुबकी लगा सकते हैं। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में ट्रीटमेंट क्वालिटी कंट्रोल के निदेशक संजय शर्मा ने शनिवार को भाजपा नेता व सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा के खिलाफ अभद्रता और काम में बाधा उत्पन्न करने के मामले में कालिंदी कुंज थाने में शिकायत दी थी।

हालांकि मामला अभी दर्ज नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया था कि शुक्रवार को वह अपने सहयोगियों के साथ अपना काम कर रहे थे। इसी दौरान वहां पर आए भाजपा नेताओं ने उन्हें न केवल काम करने से रोका बल्कि उनके साथ अभद्रता भी की।

# सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल में मिल रहीं सुविधाएं : ईडी



**● न्यायालय में दायर हलफनामे में एजेंसी ने किया दावा**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट में दायर एक हलफनामे में दावा किया है कि दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल में स्पेशल ट्रीटमेंट मिल रहा है। ईडी ने कहा कि वो जेल में मसाज भी करा रहे हैं। साथ ही वह नियमित रूप से अपनी पत्नी से भी मिल रहे हैं।

ईडी ने ट्रायल कोर्ट में पेश अपने हलफनामे में आरोप लगाया कि सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन को उनके सेल तक पहुंचने की अनुमित दे दी गई है। वह अपने पति से तय समय सीमा से भी ज्यादा देर तक मिलती हैं। ईडी ने निचली अदालत में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल के अंदर कई सुविधाएं दी जा रही हैं। ईडी की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पूनम जैन को मंत्री के बैरक में जाने की अनुमति दी गई है, जहां वह तय समय से अधिक घंटों तक उनके साथ रहती हैं।

यह ध्यान देने योग्य है कि सत्येंद्र जैन जेल मंत्री भी हैं। जिस जेल में उन्हें रखा गया है वह जेल भी उनके अधिकार क्षेत्र में आती है। सबूतों के लिए ईडी ने कोर्ट में सीसीटीवी की फुटेज भी कोर्ट में जमा कराई है। ईडी के सूत्रों ने खुलासा किया है कि वीडियो फुटेज में सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल परिसर के अंदर मालिश करते हुए दिखाया गया है।

## मंत्री पद से बर्खास्त करें केजरीवाल: आदेश गुप्ता

भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने प्रेसवार्ता में भ्रष्टाचार के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन को तमाम सुविधाएं लेने पर आप सरकार पर निशाना साधा। भाजपा नेता ने कहा कि जब भ्रष्टाचार को लेकर जैन से पूछताछ होती है तो वह यादशात जाने का बहाना करते हैं। वहीं मंत्री तिहाड़ जेल में सुविधाएं ले रहे हैं और मसाज करा रहे हैं। जैन को घर से खाना मिल रहा है। इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग कर रहे हैं। केजरीवाल ने इसलिए जैन को मंत्री पद से हटाया नहीं क्योंकि वह जेल मंत्री रहे हैं। जैन को तुरंत मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए।

# बढ़ीं पराली जलाने की घटनाएं, प्रदूषण बढ़ाएगा मुसीबत

**● राजधानी की वायु गुणवत्ता गंभीर से बहुत खराब श्रेणी में आई**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की वायु गुणवत्ता रविवार को बहुत खराब श्रेणी में रही और हवा की रफ्तार धीमी होने व विशेष रूप से पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि से इसके गंभीर होने का अनुमान है।

केंद्र सरकारी की वायु गुणवत्ता समिति ने प्रदूषण का स्तर बदतर होता देख शनिवार को अधिकारियों को दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में आवश्यक परियोजनाओं को छोड़कर निर्माण व तोड़फोड़ संबंधी सभी गतिविधियों पर पाबंदी लगाने और चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत अन्य प्रतिबंध लागू करने का निर्देश दिया था।

दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 367 रहा। शनिवार को 24 घंटे का एक्यूआई 397 दर्ज किया गया था। बृहस्पतिवार को यह 254, बुधवार को 271, मंगलवार को 302 और सोमवार को (दिवाली पर) 312 रहा था। आनंद विहार (एक्यूआई 468) राजधानी का सबसे प्रदूषित स्थान रहा। वहीं, वजीरपुर (412), विवेक विहार (423) और जहांगीरपुरी (407) निगरानी स्टेशनों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पर्यावरण निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के प्रमुख वी के सोनी ने कहा, प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के बीच शनिवार से दिल्ली-एनसीआर में धुंध की एक परत बनी हुई है।

इसके दो और दिनों तक बने रहने का अनुमान है। मंगलवार से कुछ राहत मिलने की संभावना है।

## दुकान में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** बाबा हरिदास नगर इलाके में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक दुकान में आग लगने से 40 वर्षीय मालिक की झुलसकर मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना देर रात दो बजकर 20 मिनट पर मिली थी। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) हर्षवर्धन के मुताबिक, दमकल विभाग के कर्मियों द्वारा आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लेने के बाद दुकान मालिक अरुण का जला हुआ शव मिला था। पीड़ित नजफगढ़ में बंगाली कॉलोनी स्थित नवीन प्लेस का रहने वाला था। उपायुक्त ने कहा कि कानूनी कार्यवाही के लिए शव को आरटीआरएम अस्पताल के शवगृह में स्थानांतरित कर दिया गया।

# पिस्टल दिखाकर बदमाशों ने लूटी फार्च्यूनर

**● कैंट क्षेत्र की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, तलाश जारी**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली कैंट थाना क्षेत्र में बदमाशों ने पिस्टल की नोंक पर फार्चूनर कार लूट ली। बदमाशों ने चालक को न सिर्फ पिस्टल से गोली मारने की धमकी दी, बल्कि गोली चलाकर यह भी संदेश दिया कि यदि उसकी बात नहीं मानी गई तो वे उन्हें गोली मार देंगे। चालक से उनकी कार व पर्स लूटकर बदमाश चलते बने। यह पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह घटना अब इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

मेरठ स्थित निजी कंपनी में बतौर चालक कार्यरत राहुल ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि वे अपने मालिक गौरव भारद्वाज को एयरपोर्ट पर छोड़ने फार्चूनर कार से 29 अक्टूबर को आइजीआइ एयरपोर्ट पर आए थे। मालिक को छोड़ने के बाद जब ये वापस मेरठ जा रहे थे, तब आरटीआर फ्लाईओवर के पास से एक मोटरसाइकिल गुजरी। मोटरसाइकिल पर तीन बदमाश सवार थे। इनमें से एक पिस्टल दिखाते हुए कार को रोकने की धमकी दी। राहुल ने कार को झरहेड़ा गांव के नजदीक अंडरब्रिज के पास एक दुकान के सामने रोकी। इसके बाद मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने मोटरसाइकिल कार के आगे लगाई। मोटरसाइकिल से दो बदमाश उतरे और राहुल को पिस्टल दिखाई। धमकाते हुए बदमाशों ने राहुल से कार की चाबी मांगी। चाबी मांगने के दौरान ही एक बदमाश ने राहुल से चाबी छीन ली।

राहुल ने जब मोबाइल सामने की दुकान पर बैठे दुकानदार को देने की कोशिश की तो बदमाश ने वहां गोली चला दी। इसके बाद बदमाशों ने पिस्टल लहराते हुए धमकी देनी शुरू कर दी। धमकी के दौरान ही बदमाश ने राहुल के हाथ से मोबाइल लूट ली। इसके बाद तीनों बदमाश मौके से कार लूटकर फरार हो गए। जाते जाते बदमाशों ने मोटरसाइकिल वहीं छोड़ दी।

## संक्षिप्त समाचार


''मुझ में राम'' का लोगो राज्यपाल को भेंट करते कंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे।

### राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मिले अश्विनी चौबे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री चौबे ने भगवान श्री राम की प्रथम कर्मभूभि, बक्सर में श्री राम कर्मभूमि न्यास के तत्वावधान में विश्व सनातन संस्कृति समागम राम राज्य की ओर एवं वामनेश्वर श्री राम कर्मक्षेत्र महाकुंभ के आयोजन के अवसर पर आमंत्रित किया। यह आयोजन 7 नवंबर से शुरू होकर 15 नवंबर 2022 को पांच आयामों में सम्पन्न होगा। यह विराट आयोजन सिद्धाश्रम बक्सर को केंद्र में रखते हुए भगवान श्री राम की मर्यादा को प्रत्येक भारतीयों के मनमंदिर व व्यवहार में स्थापित करने के अभियान का शुभारंभ है। इस अवसर पर ''मुझ में राम'' नाम का लोगो भी उन्होंने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेंट की।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**नई दिल्ली।** बुध विहार इलाके में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। एसडीएम को दिये बयान के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला की पहचान कीर्ति के रूप में हुई है। फरवरी 2020 में कीर्ति की शादी प्रदीप नामक युवक से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि बेटी को दहेज के लिये अक्सर परेशान किया जाता था। जिसके बारे में परिवार को भी जानकारी थी। कई बार बेटी के ससुराल जाकर उन्होंने मामले को सुलटाने की कोशिश की थी। फिर भी बेटी लोकलाज के डर से खामोश रहकर ससुराल वालों का पक्ष लेती रहती थी। परिजनों को प्रदीप ने फोन कर बताया था कि कीर्ति के चोट लग गई है।

### स्पेशल स्टॉफ ने किया बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिला की स्पेशल स्टॉफ ने एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सौरभ उर्फ माशी के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरी की स्कूटी और दो मोबाइल फोन जब्त किये हैं। आरोपी के पकड़े जाने के बाद कई वारदातों का खुलासा भी हुआ है। पुलिस आरोपी के नेटवर्क के बारे में जानने की कोशिश कर रही है। वह कई स्नैचिंग मामलों में शामिल है।

### ससुरालियों से परेशान होकर की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** मुंडका इलाके में एक महिला ने ससुरालियों से परेशान होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी करने से कुछ ही घंटे पहले महिला ने अपने व्हाट्सएप पर दहेज नहीं लेने की डीपी भी लगाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। एसडीएम के बयान के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला की पहचान आदर्श नगर बहादुरगढ़ हरियाणा की रहने वाली पूजा के रूप में हुई थी।

### डीयू की आज दूसरी लिस्ट, सीट लॉक कर सकेंगे छात्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) स्नातक कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आज दूसरी लिस्ट जारी होगी. छात्र सोमवार से सीट लॉक कर सकेंगे.दाखिला चाहने वालों को आवंटित सीट को 31 अक्टूबर पूर्वाह्न 10 बजे से 31 अक्टूबर शाम 4:59 बजे तक स्वीकार करना होगा। ज्ञात हो कि दिल्ली विश्वविद्यालय की पहली लिस्ट जारी हो चुकी है और मुख्य कॉलेजों में अधिकतर सीटें फुल हो चुकी है।

# तीन साल बाद खुशहाल दिवाली, बंपर खरीदारी ने तोड़े रिकॉर्ड

**● खुदरा व्यापार पिछले साल की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक रहा**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कोविड महामारी से राहत मिलने के बाद इस साल दीपावली की खरीददारी ने पिछले कई साल की बिक्री के रिकार्ड तोड़ दिए हैं।

इस साल दीपावली सीजन में देश में लगभग 1.75 लाख करोड़ का व्यापार हुआ, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत से अधिक है। जबकि वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 1.25 लाख करोड़ रुपये का था। कैट द्वारा जारी यह आंकड़ा राष्ट्रीय राजधानी समेत देश भर के 30 शहरों में हुए सर्वे में सामने आया है। इस बार के त्यौहार में ग्राहकों का जोर भारत में निर्मित उत्पादों की खरीद में ही रहा, जिसके चलते चीनी सामान बाजारों में कम दिखा, जिस वजह से चीन को लगभग 75 हजार करोड़ से ज्यादा का व्यापार का नुकसान भारतीय व्यापारियों ने दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकल पर वोकल एवं आत्मनिर्भर भारत की अपील का देश भर में व्यापक असर देखने को मिला है। कैट द्वारा जारी यह आंकड़े कैट की रिसर्च विंग कैट रिसर्च एवं ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा देश के 30 शहरों में किए गए एक सर्वे के आधार पर है। यह सर्वे 26 सितम्बर से 26 अक्टूबर के दौरान लगातार विभिन्न चरणों में किया गया।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया व राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि दीपावली पर बाजारों में जिस तरह से ग्राहकों की भीड़ उमड़ी, उसने इस मिथक को तोड़ दिया की ई-कामर्स व्यापार जल्दी ही देश के खुदरा व्यापार में अपनी पैठ बना लेगा।

कैट ने यह सर्वे दिल्ली, मुंबई, पुणे, नागपुर, सूरत, अहमदाबाद, भोपाल, इंदौर, कलकत्ता, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, बंगलोर, रायपुर, रांची, भुवनेश्वर, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, झांसी, वाराणसी, तिनसुकिया, जम्मू, जमशेदपुर, तिरुअनंतपुरम, पटना, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना व गुड़गांव में किया। सर्वे में यह भी ध्यान में आया कि इस बार दीपावली खरीद में टियर-2 व टियर-3 शहर, शहरीकृत ग्रामीण क्षेत्र आदि के व्यापारियों ने अपने नजदीक के शहरों से खूब खरीदारी की। वहीं महानगरों और बड़े शहरों के थोक व्यापारियों ने भी बड़ी मात्रा में अंतरराज्यीय बिक्री की।

खंडेलवाल ने कहा कि दीपावली की बिक्री में मौटे तौर पर जिन वस्तुओं में ज्यादा व बड़ा व्यापार हुआ, उनमें मुख्य रूप से एफएमसीजी उत्पाद, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, खाद्यान, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल फिटिंग व इलेक्ट्रिक का अन्य सामान,फर्नीचर,कंप्यूटर एवं कंप्यूटर से संबंधित सामान, स्टेनलेस स्टील, एल्युमीनियम व पीतल के बर्तन, किचन के उपकरण व किचन की वस्तुएं, टेक्सटाइल, रेडीमेड गारमेंट व फैशन के कपड़े, कास्मेटिक, व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुएं, गिफ्ट आइटम्स, घड़िया, दीवार घड़ियां, सजावटी पेंटिंग, खिलौने, रेडीमेड, खाद्य वस्तुएं, आफिस व घर की साज सज्जा का सामान, फर्निशिंग फैब्रिक्स, ज्वेलरी, सोने व चांदी का सामान, आटोमोबाइल्स, मिठाई व नमकीन, बेकरी प्रोडक्ट्स, कंफेक्शनरी,पूजा का सामान, बिजली के उपकरण, कागज व स्टेशनरी, बिल्डर हार्डवेयर, लकड़ी व प्लाईवुड आदि शामिल हैं।

वहीं, ट्रेवल, कैब सर्विस, रेस्त्रां, गली मोहल्ले में काम करने वाले हलवाई, कुम्हार, शिल्पकार व कारीगर आदि ने भी इस दीपावली में बड़ा व्यापार किया है।

दीपावली की बिक्री के बाद अब व्यापारी शादियों के सीजन की बिक्री की तैयारियों में जुट गए हैं और उम्मीद है कि इस वर्ष कोरोना के कोई प्रतिबंध नहीं है इसलिए शादियां भी बड़े धूमधाम से होंगी जिससे भी व्यापार में बड़ी वृद्धि होगी।

# गुरुग्राम की तरक्की में भागीदार हैं पूर्वांचल के लोग : नवीन गोयल

### गुरुग्राम की खुशहाली व तरक्की में छठ मैया का भी आशीर्वाद

### पूर्वांचलियों को गुरुग्राम में सभी सुविधाएं मिलनी जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में छठ पूजा समारोह को संबोधित करते पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने रविवार को शहर में पूर्वांचल की कई संस्थाओं द्वारा छठ पूजा समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने आयोजकों को बेहतर आयोजन के लिए बधाई देते हुए गुरुग्राम में सुख-शांति की छठ मैया से कामना की। शक्ति पार्क में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, विधायक सुधीर सिंगला भी पहुंचे। शक्ति पार्क में मुख्य रूप से सतेंद्र सिंह, जेपी कुशवाहा, प्रदीप कनौजिया, कमल पहलवान, ईश्वर मित्तल, राजेश मंगला, रितु कटारिया, नरेश यादव और बसई में धर्मेंद्र मिश्रा, अमरीश, दिनेश शास्त्री, पांडे जी ने शिरकत की। बसई और शक्ति पार्क में पूर्वांचल की संस्थाओं द्वारा आयोजित किए गए छठ पूजा समारोह में पहुंचे नवीन गोयल का आयोजकों की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

सभी को छठ पर्व की बधाई देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि छठ पर्व भी पर्यावरण संरक्षण का त्योहार है। इस त्योहार पर पानी की सफाई की जाती है। जहां कहीं गंदगी पड़ी रहती है, उसकी सफाई की जाती है। गुरुग्राम में अनेक स्थानों पर यह पर्व मनाया जा रहा है। इसके लिए सभी स्थानों की बेहतर सफाई भी की गई है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के विकास में पूर्वांचलियों का अहम योगदान है। यहां खड़ी इमारतों में इनका खून-पसीना लगा हुआ है। ऐसे में जरूरी है कि इन सभी को यहां सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। पूर्वांचल के बच्चों की शिक्षा के साथ सभी के स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। इन सबकी चिंता करना हमारा फर्ज है।

# निर्माणाधीन मकान में सो रहे प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

### शहर के सेक्टर-22 अल सुबह हुई वारदात

### बिना नंबर की स्विफ्ट कार में आए थे आरोपी

**गुरुग्राम।** रविवार की अल सुबह निर्माणाधीन मकान में सो रहे प्रॉपर्टी डीलर की अज्ञात हमलावरों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी। घटना के दौरान एक मजदूर भी मकान में सो रहा था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन, पालम विहार थाना पुलिस, एसीपी, डीसीपी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

जानकारी के अनुसार प्रॉपर्टी डीलर धर्मेश यादव सेक्टर-22 में अपना मकान बना रहे थे। छठ पूजा के कारण मजदूर अपने गांव गए हुए थे। एक मजदूर मकान में था। मजदूरों के छठ पूजा पर जाने के कारण पिछले तीन दिनों से धर्मेश इस निर्माणाधीन मकान में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि रविवार अल सुबह एक बिना नंबर की स्विफ्ट गाड़ी आई, जिसमें कुछ बदमाश सवार थे। उन्होंने धर्मेश को बहुत करीब से गोलियां मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावरों ने पास में सोये मजदूर को कुछ नहीं कहा और वे मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही परिजन व पालम विहार थाना पुलिस समेत एसीपी व डीसीपी रेंक के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी। डीसीपी दीपक सहारण ने रविवार को बताया कि मौके पर सो रहे मजदूर व परिजनों से इस घटना के बारे में जानकारी ली जा रही है। परिजनों ने किसी पर भी रंजिश का आरोप नहीं लगाया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। परिजन भी इस बात पर अड़ गए हैं कि वह धर्मेश के शव तब तक पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजेंगे, जब तक पुलिस हत्यारों को नहीं पकड़ती।

## संक्षिप्त समाचार

### डंपर से टकराने पर बाइक में लगी आग, युवक बाल-बाल बचा



सड़क हादसे में डंपर से हुई टक्कर के बाद बाइक में लगी आग।

**सोहना।** एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड पर डंपर की टक्कर से सड़क पर रगड़ खाने से बाइक में आग लग गई। इससे बाइक 70 से 80 फ ीसदी जल गई। बाइक पर सवार युवक आग गलने से पहले सड़क पर कलाबाजी खाते हुए घायल हो गया। जिससे पास के अस्पताल में दाखिल कराया गया। शनिवार की रात करीब सात बजे गुरुग्राम जाने वाले एलिवेटेड मार्ग के साथ-साथ बना सर्विस रोड़ पर जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के निकट डंपर और बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बाइक अंसुलित होकर सड़क पर गिर गई। उस पर सवार कैफ नामक युवक भी बाइक समेत सड़क पर करीब 15 फीट तक घसीटता हुआ चला गया। लेकिन बाइक की टंकी से पेट्रोल निकलने और बाइक सड़क पर रगड़ने के दौरान उठी चिंगारियों से वह आग जल उठी। जब तक बाइक में लगी आग को काबू किया जाता। तब तक आग से आइक 80 फीसदी जल चुकी थी। मामले की जांच कर रहे हवलदार सुखबीर ने बताया कि अभी तक हादसे में घायल कैफ नामक युवक की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर ही जांच के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

### प्रिंस हत्याकांड में आज होगी जिला अदालत में सुनवाई

**गुरुग्राम।** बहुचर्चित प्रिंस हत्याकांड में आज सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में सुनवाई होगी। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने आरोपी भोलू के इस मामले की सुनवाई बालिग आरोपी के रुप में जिला एवं सत्र न्यायालय में कराने के आदेश दिए हैं। आरोपी बालिग है या नाबालिग इस पर एक लंबे समय तक अदालतों में बहस होती रही। अंत में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने इस मामले की सुनवाई बालिग आरोपी के रुप में करने के आदेश दे दिए हैं। उधर सर्वोच्च न्यायालय ने आरोपी भोलू को इस मामले में अंतरिम जमानत भी दे दी है। भोलू पिछले 5 वर्षों से घटना के बाद से सुधार गृह में बंद था। गौरतलब है कि वर्ष 2017 की 8 सितम्बर को जिले के एक निजी स्कूल के शौचालय में कक्षा दूसरी के छात्र की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आनन-फानन में स्कूल बस परिचालक अशोक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जब परिजनों ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की प्रदेश सरकार से गुहार लगाई तो सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी थी। सीबीआई ने इसी स्कूल के कक्ष 11वीं के छात्र भोलू को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया था।

### भारत विश्वगुरु होने के पथ पर तीव्रता से हो रहा है अग्रसर



**गुरुग्राम।** रविवार को शहर के लेजरवैली पार्क में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर वैश्य समाज द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस महोत्सव में संत व धार्मिक क्षेत्र में आस्था रखने वाले संत महात्मा भी शामिल हुए। आचार्य महामंडलेश्वर डा. बालकानंद गिरि महाराज भी इस आयोजन में शामिल हुए। इससे पूर्व वह भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष सुमन दहिया के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित आवास पर भी उन्हें तथा परिजनों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। डा. बालकानंद गिरि ने देश व प्रदेश की राजनीतिक की अवस्था और व्यवस्था पर अपने विचार भी प्रकट करते हुए कहा कि राजनीति मे शिक्षित वर्ग की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। भारत विश्व गुरु होने के पथ पर तीव्रता से अग्रसर हो रहा है जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी किसी तरह से कम नहीं है। मोदी सरकार ने जिस प्रकार से महिलाओं को मान सम्मान दिया है, उसकी सर्वत्र प्रशंसा भी हो रही है। उन्होंने सुमन दहिया द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह भाजपा की नीतियों व कार्यक्रमों का आमजन में खूब प्रचार-प्रसार कर रही हैं। महाराज जी ने उन्हें और अधिक ऊर्जा से काम करने का आशीर्वाद भी दिया। इस अवसर पर 1008 बाल योगी अलख नाथ महाराज, सुरेश पुरी महाराज, संदीप अनेजा एडवोकेट, डा. भूषण मेहता, वीरेंद्र शर्मा, बीके रंजन, राहुल भारद्वाज, खुशबू रानी व बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी शामिल रहे।

### किताब के शौकीनों को जल्द बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी : विज



**चंडीगढ़।** गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि विचार हर व्यक्ति के मन में आते हैं, मगर एकीकृत और किसी दिशा में आए और उस विचार को कागजों में उतारा जा सके ऐसी बहुत कम लोगों पर परामात्मा की कृपा होती है। उन्होंने कहा कि आज इंटरनेट युग में लोगों का रूझान किताबों की ओर कम हुआ है, मगर हम अच्छे विषय निकाल-निकाल कर लाएंगे तो लोग सारे काम छोड़कर इन किताबों को पढ़ना चाहेंगे। किताबे पढ़ने वालों के लिए अम्बाला छावनी लघु सचिवालय में नई लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है और सुंदर लाइब्रेरी बनाई गई है। जल्द ही यहां डिजिटल लाइब्रेरी भी तैयार होगी। उन्होंने कहा कि आज इसी लाइब्रेरी में 300 से 400 तक बच्चे पढ़ने के लिए आ रहे हैं, लड़कों व लड़कियों के लिए अलग-अलग हॉल पढ़ने के लिए बनाए गए हैं। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारे समाज की जो रचना हुई या हो रही है जोकि समय-समय पर बदलती भी है वह साहित्यकारों की देन है। साहित्यकार अपनी लेखनी से वहां पहुंचता है जहां सरकार अपने सारे साधनों के साथ नहीं पहुंच पाती। साहित्यकार उन विषयों की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करता है जो पूरी तरह से अनछुए होते हैं। उन्होंने कहा कि वह उल्लेख करना चाहेंगे कि सन् 1857 में आजादी की पहली लड़ाई पर लिखने वाले साहित्यकार तेजिंद्र वालिया और प्रो. यूवी सिंह जो यहां मौजूद है जिन्होंने काफी कुछ खोज कर तथ्यों के साथ इतिहास को पुस्तकों पर उतारा है। किताबों में तथ्यों सहित यह सिद्ध कर दिया कि आजादी की पहली लड़ाई मेरठ से 10 घंटे पहले अम्बाला छावनी से शुरू हुई थी। 10 मई को प्रात: 9 बजे सात नेटिव इन्फेंट्री ने आजादी के आंदोलन को शुरू कर दिया था। तथ्य सामने आ रहे हैं कि 10 मई से पहले यहां आंदोलन चलाया जा रहा था क्योंकि जो कारतूस देने का डिपो था वह अम्बाला छावनी, दमदम और सियालकोट में था। अम्बाला में जितने भी सिपाही कारतूस लेने आते थे और यहीं आंदोलन की रूपरेखा बनाते थे। 26 मार्च से उन लोगों की कोठियों व दफ्तरों को आग लगानी शुरू कर दी थी जो उनके इस काम में बाधा थे। इसके पुख्ता सबूत सामने आ गए हैं।

# गुरुग्राम समेत कई जिलों को ऊंचाइयों पर ले जाएगा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर

### गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन को भी मिला 212 करोड़ रुपये का बजट

### गुरुग्राम स्टेशन को हैरिटेज लुक देकर बनाया जाएगा आकर्षक

### आर्बिटल रेल कॉरिडोर हरियाणा के विकास की बढ़ाएगा गति

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**रेलवे** सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने केंद्र सरकार की ओर से हरियाणा में रेलवे की दी गई सौगात पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हरियाणा आर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) परियोजना हरियाणा के विकास की गति को बढ़ाने के साथ यात्रियों को सुगम यात्रा का भी अहसास कराएगा। यह रेल कॉरिडोर पलवल से सोनीपत वाया सोहना, मानेसर और खरखोदा से जोड़ने वाला रेल नेटवर्क यात्री और माल यातायात के लिए ब्रॉड गेज डबल रेलवे लाइन है। इसी के साथ ही गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए रेल मंत्री की ओर से बजट की घोषणा कर दी गई है। इसे हैरिटेज लुक देकर आकर्षक बनाया जाएगा।



डा. डीपी गोयल।

हरियाणा आर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) परियोजना समेत गुरुग्राम स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी की हरियाणा के विकास के प्रति सकारात्मक सोच का यह परिणाम है। यह कॉरिडोर हरियाणा के कई जिलों विशेषकर दक्षिण हरियाणा को जोड़कर यहां की किस्मत चमकाएगा। डा. डीपी गोयल ने कहा कि इस परियोजना पर 5618 करोड़ रुपये की लागत आएगी। तीन साल में यह कॉरिडोर शुरू हो जाएगा। यह रेल कॉरिडोर पलवल से वाया सोहना, मानेसर, खरखौदा होते हुए सोनीपत, दिल्ली-रेवाड़ी लाइन से पातली, गढ़ी हरसरू-फरुखनगर लाइन से सुल्तानपुर, दिल्ली-रोहतक लाइन से आसोदा और दिल्ली-अंबाला लाइन से हरसाना कलां स्टेशन को जोड़ेगी। यह रेल मार्ग केएमपी के साथ होकर निकलेगा।

**दिल्ली का दबाव भी होगा काम :** उन्होंने बताया कि इस कॉरिडोर के अस्तित्व में आने के बाद दिल्ली में अनावश्यक यातायात का दबाव काफी कम होगा।

# कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है मगर धरती की बेचैनी...

### कवि महा सम्मेलन में कवियों ने अपनी हास्य कविताओं से किया लोट पोट

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**महाकवि** सम्मेलन में हास्य से शुरू हुई कविताओं को सुनाने का सिलसिला देश की सरहदों पर दुश्मन के दांत खट्टे करने वाले देश के शूरवीरों की गौरव गाथा पर समाप्त हुआ। कुमार विश्वास ने अपनी कालजयी कविता, कोई दीवाना कहता है कोई पागल समझता है। धरती की बेचैनी को सिर्फ बादल समझता है, सुनाकर श्रोताओं को गुदगुदाया। अन्य कवियों ने अपनी हंसी के ठहाकों से श्रोताओं को पेट में हंसा-हंसा दर्द कर दिया।



सोहना के कवि महा सम्मेलन में कविता सुनाते हुए कवि कुमार विश्वास।

कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री, देश के गृहमंत्री और प्रधानमंत्री को जमकर लपेटा। सोहना सांस्कृति मंच के माध्यम से पहला महाकवि सम्मेलन शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम में हुआ। इस महाकवि सम्मेलन को सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रोता पहुंचे। इस महाकवि सम्मेलन में हिन्दी के युग कवि डॉक्टर कुमार विश्वास समेत प्रेम से भरे शब्दों से बनी कविताओं से लोटपोट करने वाली पूनम वर्मा, वीररस की कविताओं के रचनाकार कवि अर्जुन सिसौदिया और विनीत चौहान, रमेश मुस्कान ने व्ययंगात्मक कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। करीब चार घंटा तक चले महाकवि सम्मेलन की शुरूआत क्षेत्र के उन नौजवानों को सम्मान करते हुए हुई। जो आईआरएस, आईपीएस, आईएएस और जज के पद पर कार्यरत हैं। ऐसे युवाओं की संख्या 20 से 25 थी। महाकवि सम्मेलन के मंच का संचालन वीररस के कवि विनित चौहान ने किया। जिन्होंने शुरुआत में अपनी कविताओं की शुरुआत करते हुए हंसी के ठहाकों से पेट में गुलगूली शुरु कर दी थी। राजस्थान से कवि सुनील व्यास ने व्यांगात्मक कविताएं सुनाई। उसके बाद रमेश मुस्कान ने पारीवारिक जीवन पर कविताएं सुनाई। महाकवि सम्मेलन में पहुंचे हजारों नागरिक सर्दी की मीठी मीठी ठिठुरन से अपने हाथों को बगल में देने लगे तो वीररस के कवि अर्जुन सिसौदिया ने देश के वीर जवानों पर अपनी कविताओं की एक के बाद एक चार-चार लाइनें सुनाईं। इससे श्रोता हाथों को बगल से निकालते हुए तालियां पीटने के लिए मजबूर हो गए।

कार्यक्रम में अपनी हास्य, कलात्मक, प्रेम, राजनीति तथा देश के वीर जवानों द्वारा देश पर दी गई शहादत से भरी कविता सुनाते हुए सभी श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। युग कवि कुमार विश्वास ने अपने व्ययंगों में राजनीति की कविताओं में किसी भी राजनीति दलको नहीं बख्शा।

# पंचायत चुनाव में 19 नामांकन रद्द हुए

### अब पंच, सरपंच और समिति सदस्य पर के लिए कुल 852 उम्मीदवार रह गए

### उम्मीदवार अपने चुनाव चिन्ह को लेकर मतदाताओं के बीच में वोट मांग सकेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**खण्ड** में चल रही पंचायत चुनाव प्रक्रिया में 19 नामांकन रद्द हुए हैं। समिति सदस्य चुनाव में एक भी नामांकन रद नहीं हुआ है। सरपंच पद में 2 और पंच पद में 17 नामांकन रद्द हुए है। चुनाव मैदान में अब पंच, सरपंच और समिति सदस्य पर के लिए कुल 852 उम्मीदवार रह गए हैं। अपनी दावेदारी ठोंक दी है। जिसमें पंचायत समिति सदस्य, सरपंचए पंच पदों के उम्मीदवार शामिल हैं।

पंचायत चुनाव में नामाकन भरने से लेकर छंटनी करने का उम्मीदवार द्वारा नामांकन वापस लेने और दोपहर बाद चुनाव चिन्ह वितरण की प्रक्रिया की जाएगी। जिसके बाद चुनाव मैदान में बाकी बचे दिनों में उम्मीदवार अपने चुनाव चिन्ह को लेकर मतदाताओं के बीच में वोट मांग सकेंगे। खण्ड में होने वाले पंचायती चुनावों के लिए उम्मीदवारों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। सभी पदों के लिए जमकर पर्चे दाखिल किए हैं। खण्ड में कुल 14 पंचायत समिति सदस्य, 35 सरपंच व 318 पंच चुने जाएंगे। जिसके लिए 21 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक चली नामांकन प्रक्रिया में जांच करने के बाद कुल 852 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। जिसमें पंचायत समिति सदस्य पद के लिए कुल 71 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिसमें 44 पुरुष व 27 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। पंचायत समिति में कुल 14 वार्ड निर्धारित हैं। इसके अलावा सरपंच पदों के लिए कुल 291 उम्मीदवारों ने चुनावी ताल ठोंकी है। जिसमें 154 पुरुष उम्मीदवार व 137 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। खण्ड में कुल 35 सरपंच चुने जाएंगे। प्रशासन ने सरपंच पदों के 2 आवेदनों को रद्द कर डाला है। जिसमें एक पुरुष व एक महिला उम्मीदवार शामिल हैं। इसी प्रकार खंड में कुल 318 पंच चुने जाएंगे। जिसके लिए कुल 490 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी ठोंकी है। जिसमें 280 पुरुष व 210 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। प्रशासन ने कुल 17 उम्मीदवारों के पर्चों को रद्द कर दिया है। बता दें कि पंचायती चुनाव में कुल 52 हजार 311 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

**31 को नामांकन होंगे वापस :** सोहना खण्ड में पंचायती चुनावों में दाखिल किए नामांकन पत्रों को सोमवारए 31 अक्टूबर को वापस लिया जा सकेगा। जिसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी की हुई है। वहीं उम्मीदवारों को इसी दिन चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे।

# दो कारों के टकराने पर परखच्चे उड़े, तीन लोग हुए घायल

**सोहना।** गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर भोंडसी में बना फ्लाई ओवर पर दो कारें टकराने के बाद 100 मीटर तक सड़क पर पलटियां मारती और डिवाइडर से टकराने से परखच्चे उड़ गए। दोनों कार में सवार तीन लोग घायल हुए हैं। जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। रविवार को गुरूग्राम से सोहना जा रही आगे पीछे दो कार भोंडसी फ्लाई ओवर पर टकरा गई। जानकारी के अनुसार आगे जा रही वैगनआर कार को पीछे से आई स्विफ्ट डिजायर कार ने टक्कर मार दी। दोनों कारें टकराने के बाद बेकाबू हो गई। दोनों ही कारें सड़क पर 6 से 7 बार टकराई तथा साथ में सड़क के बीच बना डिवाइडर से टकराती रही। लेकिन दोनों को कारों के चालक समेत सवार तीन लोग अपनी-अपनी कार में ही सीट पर बैठे हुए लुढ़कते रहे। वैगन आर कार में लगे ऐयर बैग खुल गए। जबकि स्विफ्ट डिजायर कार चालक सीट बेल्ट लगी होने के कारण सुरक्षित रहा, लेकिन तीनों को गंभीर चोटें नहीं लगी। हाथ, पैर और शरीर का अन्य हिस्सा खिल गए। तीनों घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया। मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस और हाइवे की टीम ने क्षतिग्रस्त कारों को उठाते हुए भोंडसी थाना में ले गए।



गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर भोंडसी में भिड़ी कार।

**ऑवर स्पीड बन रही है हादसों का कारण :** गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर दो दिन में चार सड़क हादसे हुए है। जिनमें 7 लोग घायल हुए है। शनिवार को भोंडसीए अलीपुर और सोहना में सड़क हादसे हुए। यह सभी हादसे अधिक गति के कारण हुए हैं।

# लेखक व चित्रकार सुकुमार राय को उनकी जयंती पर किया याद

**गुरुग्राम।** बांग्ला भाषा के प्रसिद्ध कवि, लेखक एवं चित्रकार सुकुमार राय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए बाल साहित्यकार डा. घमंडीलाल अग्रवाल ने कहा कि वह बच्चों के लिए हास्य कविता व कहानियां भी लिखते थे। वह गुरु रविंद्र नाथ टैगोर के प्रमुख शिष्यों में से थे। उन्होंने भारतीय फिल्मों को भी नई पहचान दिलाने का कार्य किया था।

उनका जन्म 30 अक्तूबर 1887 को कलकत्ता में उपेंद्र किशोर राय के परिवार में हुआ था। वह एक लेखक एवं चित्रकार थे। उन्होंने यथार्थवादी धारा की फिल्मों को नई दिशा देने के अलावा साहित्य, चित्रकला जैसी अन्य विधाओं में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। डा. अग्रवाल ने कहा कि सुकुमार राय विश्व में भारतीय फिल्मों को नई पहचान दिलाने वाले भारत रत्न से सम्मानित सत्यजीत राय के पिता थे।

# गुरुग्राम में निर्माण व तोड़फोड़ गतिविधियों पर तुरंत प्रभाव से रोक

### प्रदूषण का स्तर बढ़ने की आशंका के चलते लिया गया निर्णय

### ग्रैप का तीसरा चरण लागू, वायु प्रदूषण के कारणों पर प्रतिबंध और कड़े होंगे

### उद्योगों के संचालन के भी हिदायतें जारी

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**दिल्ली** के साथ पूरे एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने की आशंका के चलते गुरुग्राम सहित दिल्ली एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का तीसरा चरण तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है कि वायु गुणवत्ता का स्तर और खराब ना हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप-समिति ने ग्रेप के तीसरे चरण को लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पहले व दूसरे चरण में लागू प्रतिबंधों के साथ ही तीसरे चरण के प्रतिबंध भी प्रभावी कर दिए गए हैं।

गुरुग्राम जिला में सभी सम्बंधित एजेंसियों को इन आदेशों की पालना सुनिश्चित कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। ग्रेप के तीसरे चरण के तहत पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई वाले औद्योगिक क्षेत्रों में एनसीआर के लिए स्वीकृत ईंधन का प्रयोग करने वाले उद्योगों को ही संचालन की अनुमति होगी, बाकी के संचालन पर बैन रहेगा। ऐसे औद्योगिक क्षेत्र, जिनमें पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई नहीं है। वे एनसीआर के लिए स्वीकृत ईंधन का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, वहां पर उद्योगों को रेगुलेट किया जाएगा।



एक साइट पर काम करते श्रमिक। फाइल फोटो।

ऐसे उद्योगों को इस वर्ष 31 दिसंबर तक सप्ताह में 5 दिन संचालन की अनुमति होगी। इनमें पेपर और पल्प प्रोसेसिंग, डिस्टलरी और कैपटिव थर्मल पावर प्लांट शनिवार और रविवार को बंद रखे जाएंगे। इसी प्रकार धान अथवा चावल प्रोसेसिंग यूनिट सोमवार और मंगलवार को बंद रहेंगे और टेक्सटाइल अथवा गारमेंट और डाई प्रोसेसिंग सहित अपैरल्स की इकाइयां बुधवार और गुरुवार को बंद रखी जाएंगी। इनके अलावा औद्योगिक इकाइयां जो उपरोक्त श्रेणियों में नहीं आती, उनका संचालन शुक्रवार और शनिवार को बंद रहेगा।

गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि 1 जनवरी 2023 से जिला में जो इकाइयां एनसीआर के लिए स्वीकृत इंधन अथवा फ्यूल की स्टैंडर्ड सूची वाले ईंधन का प्रयोग नहीं कर रही हैं, उनके संचालन पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा दूध तथा डेरी इकाइयों और जीवन रक्षक मेडिकल उपकरण या दवा बनाने वाली इकाइयों को इन प्रतिबंधों में रियायत दी गई है। निर्माण तथा तोड़फोड़ गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं। इन प्रतिबंधों में कुछ श्रेणियों के प्रोजेक्ट को छूट भी दी गई है जिनमें रेलवे सेवाएं व रेलवे स्टेशन, स्टेशन सहित मेट्रो रेल सेवाएं, एयरपोर्ट तथा अंतर राज्यीय बस टर्मिनल, राष्ट्रीय सुरक्षा व डिफेंस संबंधी गतिविधियां अथवा राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट, अस्पताल अथवा हेल्थ केयर सुविधाएं तथा रेखांकित जन सुविधा वाले प्रोजेक्ट जैसे कि राष्ट्रीय राजमार्ग, सड़कें, फ्लाईओवर, ओवर ब्रिज, पावर ट्रांसमिशन, पाइप लाइन इत्यादि शामिल हैं। स्वच्छता संबंधी परियोजनाएं जैसे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा जलापूर्ति परियोजनाएं और उपरोक्त श्रेणियों की गतिविधियों से जुड़ी या उनकी पूरक परियोजनाओं को भी आदेशों में छूट दी गई है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 31 अक्टूबर, 2022



# छठ महापर्व पूजा: डूबते हुए सूरज को श्रद्धालुओं ने दिया अर्घ्य





छट पूजा पर भारतीय प्रवासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी अपने परिवार के संग पूजा करते हुए। सेक्टर-52 के घाट पर छठ पूजा करते श्रद्धालुओं की भीड़। डबुआ कालोनी में परिवार के साथ छठ पर्व मनाते श्रद्धालु।

**कविता। फरीदाबाद**

**त्याग,** आस्था, विश्वास व संस्कार के महापर्व छठ पर शहर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। घाटों पर दोपहर बाद से छठ पर निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं व उनके परिवार के सदस्यों का जमघट होने लगा। व्रती महिलाओं ने कमर तक पानी में प्रवेश कर अस्ताचलगामी (डूबते) सूर्य को अर्ध्य देकर पुत्र, परिवार और कुल के मंगल की कामना की। सोमवार को उगते सूरज की पूजा होगी। वहीं दिनभर श्रद्धालु घरों में ठेकुआ बनाते नजर आए। बाजारों में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी नजर आई।

**दंडवत करते पहुंचीं घाट :** शहर में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए घाटों पर उत्सव सा माहौल रहा। व्रती महिलाओं ने छठ मईया को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की। कुछ महिलाएं अपने घर से घाट तक दंडवत होते हुए लेटकर गईं। महिलाएं हाथ जोड़कर सड़क पर लेट जातीं। फिर उठती और छठ मइया की जय बोलकर थोड़ा आगे बढ़कर पुन: लेट जातीं। मान्यता है कि ऐसा करने से छठ मइया प्रसन्न होकर भक्त की हर मुराद पूरी करती हैं।

**ढोल पर नाचे श्रद्धालु :** रविवार को दोपहर बाद व्रती महिलाएं परिवार व ढोल की थाप के साथ घरों से निकलकर घाटों की तरफ गई। छठ मईया को रिझाने के लिए महिलाओं ने छठ के परम्परिक गीत गए। इस दौरान उनके हाथ में गन्ना और प्रसाद की थाली थी। साथ चल रहे पुरुषों के सिर पर बांस की टोकरी में सूप, फल, सब्जी व पूजा की सामग्री थी। घाट पर व्रती महिलाओं ने बनाई वेदी पर गन्ने का मंडप तैयार कर उसमें बैठकर छठ मईया का विधिवत पूजन किया। सूर्य के अस्त होते समय हाथ में लोटा व प्रसाद लेकर महिलाएं पानी में खड़ी होकर ओम घृणि सूर्य देवाय नम:, ओम दिवाकराय नम: आदि मंत्र का जप करते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। परिवार के सदस्यों द्वारा क्रम से अर्घ्य दिया गया। अर्ध्य देने के बाद पति के सुहाग और मंगल की कामना की। परिवार की बड़ी महिलाओं ने अपनी छोटी महिलाओं को सिंदूर लगाकर सदासुहागन रहने का आशीर्वाद दिया। घाट पर ढोल की थाप पर युवाओं के साथ बुजुर्ग भी जमकर थिरके।

**आज उगते सूर्य को देंगे अर्घ्य :** परंपरागत छठ पूजा व्रत का पारायण उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया जाएगा। इसको लेकर काफी दिनों से तैयारियां चल रही थीं। मान्यता है कि छठ पूजा का व्रत पुत्रवती महिलाएं रखती हैं। इस व्रत में महिलाएं अपने पति की व पुत्रों की लम्बी उम्र की कामना करती हैं। इस दिन महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को ढलते सूर्य को अर्घ्य देती है। सुबह की पूजा के बाद महिलाएं अपने व्रत को खोलती है।

**उत्साहित दिखे श्रद्धालु :** पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी छठ पूजा का आयोजन प्राचीन शिव मंदिर राजीव कॉलोनी हार्डवेयर चौक पर किया गया। जहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ देकर अपने सुहाग की कामना की। बच्चों के दीर्घायु होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के महंत आचार्य सर्वेश पांडे ने सभी आगंतुकों का स्वागत और सम्मान किया। कॉलोनी के चारों तरफ से विभिन्न संगठन के पदाधिकारी गण उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रात: काल सूर्योदय के समय भी अर्घ देकर माताएं अपने व्रत को पूरा करेंगी। कुछ श्रद्धालु घरों से निकलकर लेटते हुए दंडवती यात्रा कर छठ घाट तक पहुंचे, माता कात्यायनी की कृपा सदैव सभी भक्तों पर बनी रहे, ऐसी कामना मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने की।

# फरीदाबाद में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान स्टेज-3 सख्ती से लागू : डीसी

## उपायुक्त ने कहा कि आदेशों की अवहेलना होने पर होगी सख्त कार्यवाही

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



फरीदाबाद बाइपास रोड पर उड़ती धूल से निकलते वाहन।

**उपायुक्त** विक्रम सिंह ने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की समीक्षा के लिए बैठक की गयी। जिला फरीदाबाद एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता गंभीर होने का अनुमान है। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए गठित उप-समिति द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के स्टेज-1 तथा 2 के अंतर्गत आने वाली गतिविधियों साथ-साथ स्टेज-3 के अंतर्गत आने वाले सभी गतिविधियां राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लागू करने का निर्णय लिया गया है। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के स्टेज-3 के अंतर्गत यह निम्नलिखित गतिविधियां अमल में लाई जाएंगी।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि सडकों की वैक्यूम मशीनों से सफाई का कार्य किया जाएगा। साथ ही पीक अवर्स से पहले सडकों व पेड़-पौधों पर पानी का छिडकाव किया जाएगा। आमजन के बीच पब्लिक ट्रांसपोर्ट के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट्स, बस टर्मिनल्स तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं, राष्ट्र हित व रक्षा से जुड़ी गतिविधियों के अलावा किसी भी प्रकार की कंस्ट्रक्शन एवं डेमोलिशन गतिविधियां प्रतिबंधित होंगी। उन्होंने बताया कि कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स पर उन गतिविधियों पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है जो नॉन-पोल्युटेड और जिनसे धूल या डस्ट उत्पन्न न होता हो।

### औद्योगिक संचालन के लिए गाइडलाइन्स

**औद्योगिक** क्षेत्र जहां पीएनजी आधारभूत संरचना व सप्लाई उपलब्ध है वहां औद्योगिक गतिविधियों के संचालन हेतु राष्ट्रिय राजधानी क्षेत्र में स्वीकृत ईंधन सूची में उपलब्ध विकल्प का ही उपयोग किया जा सकता है। तथा वह औद्योगिक क्षेत्र जहां पीएनजी आधारभूत संरचना व सप्लाई उपलब्ध नहीं है वहां औद्योगिक गतिविधियों के संचालन हेतु राष्ट्रिय राजधानी क्षेत्र में स्वीकृत ईधन सूची में उपलब्ध विकल्प के अलावा किसी विकल्प का उपयोग करने वाली औद्योगिक गतिविधियों को 31 दिसंबर 2022 तक हफ्ते में सिर्फ पांच दिन ही ऑपरेट करने की अनुमति दी जाएगी। पेपर और पल्प प्रसंस्करण, डिस्टिलरी और कैप्टिव थर्मल पावर प्लांट शनिवार और रविवार को निष्क्रिय रहेंगे। धान, चावल प्रसंस्करण इकाइयां सोमवार और मंगलवार को निष्क्रिय रहेंगी। रंगाई प्रक्रियाओं सहित कपड़ा, वस्त्र और परिधान प्रसंस्करण इकाइयां बुधवार और गुरुवार को निष्क्रिय रहेंगी। अन्य उद्योग जो उपरोक्त उल्लिखित श्रेणियों में नहीं आते हैं वह शुक्रवार और शनिवार को निष्क्रिय रहेंगे।

एक जनवरी 2022 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उन सभी औद्योगिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा जो एनसीआर के लिए स्वीकृत ईंधन की मानक सूची के अनुरूप ऑपरेट नहीं कर रहीं हैं। हालांकि यह प्रतिबंध दूध और डेयरी इकाइयों सहित उन सभी लाइफ सेविंग इक्विपमेंट या दवाएं बनाने वाली औद्योगिक इकाइयों पर लागू नहीं होगा। स्टोन क्रेशिंग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। माइनिंग से संबंधित गतिविधियां भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रतिबंधित होंगी। उपायुक्त ने आगे बताया कि हरियाणा व दिल्ली सरकार बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल वाले लाइट मोटर वाहनों पर भी प्रतिबंध लगा सकती है। इसका अधिकार राज्य सरकार के पास है। इसके अलावा नागरिकों से नागरिक चार्टर का पालन करने और इसमें सहायता करने का आग्रह किया जाएगा।

# पुलिस कर्मियों ने भी सूर्यदेव को दिया अर्घ्य



प्राचीन हनुमान मंदिर में छठ मैया पूजा कर सूर्य को अर्घ्य देते पुलिस अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**प्राचीन** हनुमान मंदिर सेवा समिति सेक्टर-22 में छठ पूजा के अवसर पर हजारों महिलाओं के मुख से गूंज उठा छठ मईया हम सबकी अरज सुनेंगी। मंदिर के तालाब में महिलाओं ने छठ माता की पूजा अर्चना की उसके बाद अस्त होते सूरज को हजारों महिलाओं ने अर्घ्य दिया। कार्यक्रम का आयोजन राजराजेश्वरी पीठाधीश्वर अंतरराष्ट्रीय धर्म गुरु महामंडलेश्वर संत श्रीराधे सरकार व प्राचीन हनुमान मंदिर सेवा समिति के प्रधान गंगेश तिवारी ने किया। मंदिर के चेयरमैन प्रदीप राणा व मंदिर के संस्थापक सीतासरन तिवारी ने अतिथियों का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री पंव मूलचंद शर्मा के भाई टिपर चंद मौजूद थे। टिपर चंद ने कहाकि छठ पूजा का यह पर्व पूर्वांचल के लोगों का प्रमुख त्योहार है। पूर्वांचल के परिवार की महिला व पुरुष इस दिन परिवार की मंगलकामना के लिए व्रत रखते है। उन्होंने सभी पूर्वांचल परिवार को छठ पर्व की बधाई दी।

इस अवसर पर उद्योगपति भुवनेश्वर शर्मा, भाजपा नेता अनिल प्रताप, शिक्षाविद जेपी अग्रवाल, डॉ अजय तिवारी, बिजनेसमैन तपन रावत, मॉडल डॉ विंध्या गुप्ता, समाजसेवी राज साहनी, पूर्व डिप्टी मेयर राजेंद्र भामला, बीजेपी युवा जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला समस्त भक्तों ने संत श्रीराधे सरकार के साथ मिलकर मुजेसर थाने के पुलिसकर्मियो ने पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। राजराजेश्वरी पीठाधीश्वर अंतरराष्ट्रीय धर्म गुरु महामंडलेश्वर पूज्य संत श्री राधे जी सरकार कहा कि जहां देश की पवित्र नदियों में हजारों महिलाएं सूर्य की आराधना करती है वही इस मंदिर में इतनी संख्या देखकर पता चलता है की इस पर्व को श्रद्धालु दिल से मनाते है।

# अवैध संबंधों के संदेह पर की थी पत्नी की हत्या

**फरीदाबाद।** मुजेसर इलाके के जीवन नगर पार्ट- वन में पत्नी की गला दबाकर हत्या किए जाने के आरोपी पति को क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की चुन्नी से गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने दोनों बच्चों को दादा-दादी के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस आरोपी पूछताछ कर रही है।

आरोपी का नाम सुंदर है, जो मूलरूप से पलवल का रहने वाला है। आरोपी अपनी पत्नी अंजलि ज्योति व दो बेटों के साथ जीवन नगर पार्ट-वन में किराए के मकान में रह रहा था। आरोपी टेंपो चलाता था, जबकि अंजलि एक गोदाम में सहायक की नौकरी करती थी। शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपी अपनी पत्नी पर शक करता था। उसे लगता था कि किसी और युवक के साथ पत्नी के अवैध संबंध हैं।

इस बात को लेकर उसका गुरुवार रात अंजलि के साथ झगड़ा हुआ था। पूरी रात दोनों के बीच झगड़ा होता रहा और शुक्रवार सुबह सात बजे उसने दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी और दोनों बेटों को लेकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और दोनों बेटों को पुलिस ने उनके दादी-दादा को सुपुर्द कर दिया है।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नीतीश अग्रवाल के द्वारा जघन्य मामलों में अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया की टीम ने पोक्सो एक्ट के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राहुल है जो स्थाई रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नंद गांव का तथा हाल में फरीदाबाद के लक्कड़पुर में रहता है। आरोपी ने 28 अक्टूबर को एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने की वारदात को अंजाम दिया था जिस पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत महिला पुलिस थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज किया।

# चौकी थानों की दलाली करने वालों की पुलिस ने बनाई लिस्ट

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पुलिस** थानों और चौकियों में फैसला कराने वाले दलालों की अब खैर नहीं है। अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस चंडीगढ़ ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर को एक पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने बारे निर्देश जारी किए हैं।

सूत्रों के मुताबिक उच्चाधिकारी का पत्र मिलते के साथ ही पुलिस कमिश्नर ने तुरंत सभी थाने चौकियों को सक्रिय दलालों की सूची बनाने के निर्देश दिए। यह खबर सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही है।

वायरल खबर के मुताबिक 11 क्राइम ब्रांच ने 45 सक्रिय दलालों की एक सूची तैयार की है। जोकि मारपीट, लड़ाई झगड़ों में फैसला करवाने, मारपीट से बचाने व कराने, अवैध शराब, महिला अपराधों मामलों में फैसला करवाने सहित अन्य मामलों में पैसों का लेन-देन करते हैं। माना जा रहा है कि अब जल्द ही इन दलालों पर गाज गिरनी है। 45 सक्रिय दलालों की सूची सभी क्राइम ब्रांच प्रभारियों को भेजी गई है ताकि वह इनकी जांच कर व कॉल डिटेल के आधार पर जांच कर अपनी रिपोर्ट तैयार कर सके। सभी दलालों के बारे में 11 नवंबर तक जांच कर क्राइम ब्रांच प्रभारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। सूत्रों की माने तो पुलिस थानों और चौकियों में कोई मामला पहुंचते ही वहां क्षेत्र के दलाल भी सक्रिय हो जाते हैं और समझौता कराने के नाम पर पैसों का लेन देन करते हैं। जिससे पुलिस की छवि पर भी विपरित प्रभाव पड़ता है। इस तरह की तमाम शिकायतें पुलिस के आला अधिकारियों तक पहुंचती रही हैं। इन्हीं शिकायतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त एडीजीपी चंडीगढ़ ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर को 13 अक्टूबर को एक पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने निर्देश देते हुए लिखा है।

# भारत के हर क्षेत्र में विकास की लहर: नरेंद्र गुप्ता

## विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



बीजेपी कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की मन की बात सुनते विधायक नरेंद्र गुप्ता।


**फरीदाबाद** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने अपने सेक्टर-11 स्थित कार्यालय पर सभी बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पीएम मोदी की मन की बात सुनी। इस दौरान पीएम मोदी ने पवित्र छठ पूजा की सभी को बधाई दी और छठ पूजा के महत्व को बताया।

इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हमारे आज के युवा, जिस तरह देश के लिए काम कर रहे हैं, राष्ट्र निर्माण में जुट गए हैं, इससे निश्चित ही भारत के हर क्षेत्र में विकास की लहर दौड़ रही है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी ने सौर ऊर्जा पर बात की। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर को हमारा देश जन-जातीय गौरव दिवस मनाएगा। हमारा देश, सोलर सेक्टर के साथ ही स्पेस सेक्टर में भी कमाल कर रहा है। पूरी दुनिया आज भारत की उपलब्धियां देखकर हैरान है। भारत ने एक साथ 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया है। दीपावली से ठीक एक दिन पहले मिली ये सफलता एक प्रकार से ये हमारे युवाओं की तरफ से देश को एक स्पेशल दिवाली गिफ्ट है। इस लॉन्चिंग के साथ भारत ग्लोबल कमर्शियल मार्केट में एक मजबूत खिलाड़ी बनकर उभरा है, जिससे अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के लिए अवसरों के नए द्वार खुले हैं।

विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि कई बार हम देखते हैं कि जब स्टूडेंट पावर की बात होती है, तो इसको छात्र संघ चुनावों से जोड़कर उसका दायरा सीमित कर दिया जाता है, लेकिन स्टूडेंट पावर का दायरा बहुत बड़ा है, बहुत विशाल है। छात्रों की शक्ति भारत को शक्तिशाली बनाने का आधार है। आज जो युवा हैं, वही तो भारत को 2047 तक लेकर जाएंगे। जब भारत शताब्दी मनायेगा, युवाओं की ये शक्ति, उनकी मेहनत, उनका पसीना, उनकी प्रतिभा, भारत को उस ऊंचाई पर लेकर जाएगी, जिसका संकल्प देश आज ले रहा है।

# हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**डीसीपी** क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में शांति व्यवस्था को देखते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध हथियार से हत्या की कोशिश करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सागर उर्फ शौंकि है। आरोपी फरीदाबाद के एनआईटी का रहने वाला है। आरोपीयों ने पुरानी रंजिश को लेकर शिकायतकर्ता की गाड़ी के आगे गाड़ी लगाकर जान से मारने की नियत से थाना कोतवाली एरिया में तीन चार राउंड फायर किये गये। गोली पीड़ित की गाड़ी में लगी। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मामले में 5 आरोपीयो को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर 17 एरिया से गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरडब्ल्यूए के चुनाव में सीमा को चुना प्रधान



**फरीदाबाद।** सेक्टर-75 स्थित पार्क एलिट फ्लोर सोसायटी के क्यू ब्लॉक में रविवार को आरडब्ल्यूए के चुनाव सम्पन्न हुए। इस चुनाव में निर्विरोध रूप से सीमा भारद्वाज को प्रधान पद के लिए चुना गया। यह चुनाव अपने आप में खास था। क्योंकि इसमें मात्र एक ही पद का चुनाव हुआ। वहीं इसके बाद उन्होंने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें सीनियर वाइज प्रेजिडेंट का पद स्वतंत्र शर्मा को दिया गया। इसके संग ही पंकज गोयल को उपप्रधान का पद सौंपा गया। वहीं महासचिव का पद एमबी श्रीवास्तव को सौंपा गया। कोषाध्यक्ष का पद अरूणिमा सिंह को सौंपा गया। रमेश मनचंदा को वरिष्ठ सचिव का पद और मधुसुधन आचार्य को संयुक्त सचिव का पद सौंपा गया। आरडब्ल्यू क्यू ब्लॉक सेक्टर-75 की कमेटी में कार्यकारणी सदस्यों के रूप में संजय विष्ट, विनिता शर्मा, जगवीर सिंह और वरूण भाटिया को शामिल किया गया। इस मौके पर प्रधान चुनी गई सीमा भारद्वाज ने कहा कि आरडब्ल्यूए के सभी सदस्य मिलकर ब्लॉक में मूलभूत सुविधाओं को सभी नागरिकों के लिए उपलब्ध करवाने के लिए लगातार काम करेंगे। ब्लॉक के नागरिकों की सुरक्षा पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### रक्त दान शिविर किया आयोजित

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित न्यूटेक मेडिकल डिवाइस कंपनी में डिवाइन चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत कंपनी चेयरमैन केसी शर्मा ने रक्तदान कर की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्तदान करना एक पुण्य का कार्य है। इसमें सभी को आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। केसी शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारी सहित कई तरह की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। वहीं नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने कहा कि एक आपका एक छोटा सा प्रयास किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। इसलिए रक्तदान जरूर करें। इस अवसर पर प्रवीण शुक्ला, जेके शर्मा, दीपक गुप्ता, यशिका, रितु, आरके शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### गडढ़े के पास मिला अज्ञात शव

**फरीदाबाद।** सेक्टर-3 स्थित बाईपास रोड के पास रविवार सुबह करीब 35 साल का व्यक्ति मृत मिला। वहीं दूसरी तरफ बताया जा रहा है कि व्यक्ति के शव को पानी के गड्ढे से निकाला गया है। जिस पर पुलिस ने शव की पहचान व पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मौत के कारणों का तभी खुलासा हो सकेगा। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-7 थाना पुलिस के अनुसार सेक्टर-3 में बाईपास रोड के निकट रविवार सुबह एक व्यक्ति मृत पड़ा हुआ था। जिसे देखने वालों की भीड़ लग गई। इस बारे में किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आसपास के लोगों के शव की शिनाख्त कराई। मगर किसी ने उसकी पहचान नहीं की।जिबों की तलाशी लिए जाने पर उसकी जेब में पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। सेक्टर-3 पुलिस चौकी की इंचार्ज सीमा ने बताया कि शव को बीके अस्पताल भेजा गया है। पहचान के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। जिसके बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है।

### नाले में गिरी कार, बचा ड्राईवर



**फरीदाबाद।** आईएमटी के पास बाईपास रोड पर खोदे गए नाले में एक चलती कार गिर गई। नाले को खोदने के बाद किसी तरह का कोई बैरिकेड सड़क पर नहीं लगाया गया था, जिस कारण यह हादसा हुआ। वहीं यदि किसी तरह का बैरिकेड यहा लगा होता तो शायद यह हादसा न होता। जानकारी के मुताबिक आईएमटी के पास बाईपास रोड पर निर्माण कार्य किये जा रहे है, इसी के दौरान वहां नाले के लिए गड्डा खोदा गया था। लेकिन कुछ समय पर पहले खोदे गए इस गडढ् के आसपास किसी तरह का कोई बैरिकेट नहीं लगाया गया, जिसके कारण कार के ड्राईवर को नाले की खुदाई का पता न चला और वह कार समेत उसमें जा गिरा, जिससे कार बैलेंस खो गई और पलट गई। हालाकि इस हादसे के दौरान ड्राईवर ने किसी तरह से कुद कर खुद की जान बचाई। वरना किसी तरह का कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

### अरूआ गांव मे पीएनजी की मैन पाइप लाइन के कार्य का शुभारंभ

**फरीदाबाद।** अरूआ गांव के लोगों को लिए आज का दिन शुभ रहा क्योंकि गांव में पीएनजी की मैन पाईप लाईन के कार्य का शुभारंभ अडानी कंपनी के पदाधिकारियों और नवीन भारद्वाज की टीम द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। इस मौके पर नवीन भारद्वाज ने कहा कि यह अरूआ गांव के विकास और बेहतरी के लिए अच्छा होगा इससे लोगों को सस्ती गैस मिलेगी जो सुरक्षित भी होगी। उन्होंने कहा कि कि यह गैस पाईप लाईन यहां के लोगों की लिए मील का पत्थर साबित होगी और गैस पाईप लाईन बिछ जाने के बाद इस क्षेत्र के लोगों के जीवनस्तर में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। इस अवसर पर विजयपाल भारद्वाज ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो और वे खुशहाल हो इसको लेकर माननीय मंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर कोई कमी नहीं छोड़ रहे है और लगातार प्रयास कर रहे है। यह मंत्रीजी के अथक प्रयास का ही नतीजा है कि गांव अरूआ के लोगों को जल्दी ही पीएनजी की सौगात मिलेगी। विजयपाल भारद्वाज ने कहा कि मंत्री चौ.कृष्णपाल गुर्जर इस क्षेत्र के लोगों के सपनों का शहर बनाने में लगे है। जिसके लिए हम गांव की तरफ से उनका आभार प्रकट करते है। इस मौके पर जगना शर्मा, टेकचन्द शर्मा, रामवीर शर्मा, सतवीर शर्मा, विजयपाल भारद्वाज, इंदरजीत शर्मा, एडवोकेट इंद्रपाल भाटी, नेपाल शर्मा, राधेश्याम, कुमरपाल शर्मा, महेन्द्र शर्मा, कल्लू पंडित प्रवीन भारद्वाज, डॉ मुकेश, नवीन भारद्वाज, राहुल भारद्वाज, मेघराज, योगेश और कम्पनी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्नैचिंग करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा द्वारा अपराधिक गतिविधियो में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने एक स्नैचिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहम्मद सुहेल उर्फ़ सलमान है। आरोपी मूल रुप से उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के गांव नवादा का तथा वर्तमान में फरीदाबाद के सेक्टर-58 के चुंगी वाला रोड पर रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से समयपुर चुंगी से थाना सेक्टर-58 के स्नैचिंग के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामन आया कि आरोपी 16 अक्टूबर को अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर शराब पी रहा था साथ में ही रास्ते से एक व्यक्ति जा रहा था। व्यक्ति से अपने साथियों की मदद से बैग और मोबाइल फोन छिन्ने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी होटल में वेटर का काम करता है। आरोपी नशे का आदी है आरोपी ने नशे की पूर्ती के लिए वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी से 1000 रुपये नगद बरामद हुए है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है जल्द गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा।

# मोदी की दृढ़ता

## नक्सलवाद विरोध

**अच्छी** बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नक्सलियों व नक्सलवाद की आलोचना करने में पूरी दृढ़ता का परिचय देते हैं। हालांकि, कुछ लोग राजनीतिक बयान के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नक्सलियों व नक्सलवाद पर जोरदार आक्रामक कथन को देख सकते हैं या उसे खारिज कर सकते हैं। ऐसे लोगों को माओवादी या माओवाद समर्थक भी कहा जा सकता है। राज्यों के गृह मंत्रियों व पुलिस प्रमुखों के 'चिंतन शिविर' को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'नक्सलियों के पास बंदूके हो सकती हैं और उनके पास कलम भी हो सकते हैं। वे नौजवानों को भ्रमित कर रहे हैं।' आमतौर से ऐसा नहीं होता कि कोई सर्वोच्च राजनेता साम्यवाद के विभिन्न रूपों के बारे में कठोर व कष्टदायक टिप्पणियां करे। मार्क्सवादी सैद्धान्तिकी के कारण हमारे देश की अनेक पीढ़ियों को खामियाजा भुगतना पड़ा है। साम्यवाद तथा उसके थोड़ा हल्के स्वरूप समाजवाद को अब भी 'मानवीय' व 'मुक्तिदाता' विचारधारायें माना जाता है। इसलिए फासीवाद व नाजीवाद की निन्दा करने वाले सार्वजनिक बुद्धिजीवी विरले ही साम्यवाद व समाजवाद के खिलाफ कोई आलोचनात्मक बात कहते हैं। इस परिदृश्य में यह देखना अच्छा लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी नक्सलवाद के मामले में कोई रियायत नहीं बरतते हैं जो अनेक कारणों से खतरा है। नक्सलवादियों के 'संरक्षक संत' माओ त्से तुंग का यह कथन कुख्यात है कि राजनीतिक सत्ता बंदूक की नली से निकलती है। यह उद्धरण काल्पनिक न होकर शाब्दिक व असली है। माओ ने अपने पूरे जीवन यही किया था जिसके परिणामस्वरूप लाखों लोग मारे गए थे। मृतकों की संख्या 30 मिलियन से 70 मिलियन के बीच हो सकती है। उन्होंने जिस सर्वसत्तावादी राज्य की नीव डाली थी वह आज विश्व शांति के लिए खतरा बन चुका है।



भारत में उनके अनुयाइयों ने 1960 के दशक से ही भारतीय गणतंत्र के खिलाफ हिंसक युद्ध छेड़ दिया था जिसके परिणामस्वरूप हजारों सुरक्षाकर्मी व नागरिक मारे गए। यह सच है कि देश को अनेकानेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिनमें गरीबी और बेरोजगारी से लेकर सामाजिक बुराइयां तथा पर्यावरण क्षरण तक शामिल हैं। लेकिन इनसे मुक्ति का रास्ता 'खूनी क्रांति' नहीं है जिस पर नक्सलवादी विश्वास करते हैं। बीसवीं शताब्दी की शुरुआत से ही दुनिया ने अनेक क्रांतियां देखी हैं जिन्होंने भारी उथलपुथल, विनाशकारी सामूहिकता अभियान, नरसंहार व अराजकता को जन्म दिया। इसलिए नक्सलियों की निन्दा के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की जानी चाहिए। उनका यह आंकलन भी सही है कि ये लोग अपने निरर्थक नारों व वादों से नौजवानों को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं। यह काम कलम का प्रयोग करने वाले नक्सल-समर्थक बुद्धिजीवियों द्वारा किया जाता है। हालांकि, प्रधानमंत्री को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि नक्सलियों व नक्सलवाद के खिलाफ सरकार के अभियान में बुद्धिजीवियों पर निशाना लगाने में भेदभाव न बरता जाए। केवल उन लेखकों व एक्टिविस्टों पर निशाना लगाना चाहिए जो सीधे आपराधिक गतिविधियों से जुड़े हैं। केवल माओवादी लक्ष्यों के प्रति हमदर्दी रखने पर कुछ भी अवैध न करने वाले बुद्धिजीवियों का खोखलापन और नैतिक दीवालियापन उजागर किया जाना चाहिए, लेकिन उनके खिलाफ अभियोजन चलाना संभवत: उचित नहीं होगा। किसी को केवल उसके विश्वास के लिए अपराधी नहीं ठहराया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा होने पर एक आरवेलवादी विकृति की ओर बढ़ेंगे जहां लोगों को केवल 'सोचने के अपराधों' के लिए दंड दिया जाता है। माओवादी समेत कम्युनिस्ट यही करते हैं, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को यह नहीं करना चाहिए। इसलिए तथाकथित 'शहरी नक्सलियों' के खिलाफ अभियोजन तभी चलाए जाने चाहिए जब वे अवैध कामों में संलिप्त हों।

# भारत ने मुक्त कराया था हैदराबाद

निजाम के शासन में हैदराबाद राज्य पाकिस्तानी प्रांत या स्वतंत्र देश बनने की ओर बढ़ रहा था। भारत में उसका विलय सहज नहीं था।



**विवेक गुमाश्ते**
(लेखक, राजनीतिक टिप्पणीकार हैं।)



अनेक भारतीयों को इस बात का श्रेय दिया जा सकता है कि उनमें विकृत पंथनिरपेक्षता की सेवा करने की असाधारण क्षमता मौजूद है। वर्तमान समय में 1948 में हैदराबाद राज्य के भारत में विलय के बारे में गरमागरम बहस चल रही है। तेलंगाना राष्ट्र समिति-टीआरएस व आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन-एआईएमआईएम ने 17 सितंबर को तेलंगाना एकता दिवस मनाने की घोषणा की थी।

इस प्रकार वे हैदराबाद के भारत में विलय के समय हुई त्रासद हिंसा, जनता के विभिन्न वर्गों के बीच पैदा की गई शत्रुतापूर्ण भावनाओं तथा इस्लामी कट्टरपन पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही हैं जो आज भी एक दु:खद याद की तरह लोगों के मन में है। 2014 में आंध्र प्रदेश से अलग किया गया तेलंगाना मुख्यत: पुरानी हैदराबाद रियासत है। ऐतिहासिक रूप से देखें तो हैदराबाद राज्य का जन्म 1707 में औरंगजेब की मृत्यु के बाद मुगल साम्राज्य के विघटन के परिणामस्वरूप हुआ था। हैदराबाद राज्य स्वयं को महिमामंडित करते हुए अपने को मुगल साम्राज्य का वारिस राज्य बताता था।

1947 में हैदराबाद पर सातवें निजाम मीर उस्मान अली खान का शासन था। यह देशी रियासतों में सबसे बड़ी रियासत थी जिसका क्षेत्रफल लगभग 80,000 वर्ग किलोमीटर था। उस समय हैदराबाद के शासक निजाम की गिनती दुनिया के सबसे बड़े रईसों में होती थी। हालांकि, कुछ लोगों की नजर में निजाम एक प्रगतिशील शासक थे जिन्होंने सार्वजनिक कल्याण के लिए कई कदम उठाए थे, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी था कि वे एक इस्लामी राज्य का संचालन करते थे जहां हिंदुओं के खिलाफ भेदभाव किया जाता था। रियासत की जनसंख्या में 85 प्रतिशत हिंदू थे। लेकिन नौकरशाही में 80 प्रतिशत तथा सेना व पुलिस में 90 प्रतिशत स्थानों पर मुस्लिम तैनात थे। 1948 में प्रकाशित 'टाइम' पत्रिका के अनुसार, हैदराबाद रेलवे स्टेशन पर उस समय अलग-अलग कमरे थे जिन पर 'मुस्लिम टी रूम' व 'हिंदू टी रूम' लिखा था।

देश विभाजन के समय निजाम हैदराबाद अपना अलग स्वतंत्र देश बनाने या पाकिस्तान में शामिल होने का सपना पाल रहे थे। इसी कारण उन्होंने भारत में विलय होने से इनकार कर दिया था। उन्होंने भारत में विलय टालने के लिए अनेक प्रकार के हथकंडे अपनाए। उन्होंने अंग्रेजों के साथ लाबींग के लिए एक ब्रिटिश वकील सर वाल्टर मोनक्टान की सेवायें लीं। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना के साथ भी मिल कर एक षडयंत्र रचा तथा मुस्लिम कट्टरपंथियों या रजाकारों को हिंदुओं के खिलाफ जघन्य अत्याचारों की अनुमति दे दी। ब्रिटेन में उस समय अनेक ऐसे लोग थे जो निजाम का पक्ष ले रहे थे।

सर विंस्टन चर्चिल ने हाउस आफ कामन्स में कहा कि अंग्रेजों की 'व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि वे किसी ऐसे राज्य पर दबाव न पड़ने दें, उसे भूखा न मरने दें या उसे हिंसा का शिकार न होने दें जिसे उन्होंने संप्रभु राज्य घोषित किया है।' रामचंद्र गुहा ने 2007 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'इंडिया आफ्टर गांधी' में इस तथ्य का उल्लेख किया है। इसी पुस्तक में वे यह भी लिखते हैं कि उस समय ब्रिटिश संसद के एक अन्य सदस्य आर.ए. बटलर ने घोषणा की थी कि ब्रिटेन को 'हैदराबाद के स्वतंत्र रहने के उचित दावों' के पक्ष में दबाव डालना चाहिए।

जब भारत के अंतिम वायसराय लार्ड माउंटबेटन ने उनको समझाने का प्रयास किया तब निजाम ने एक यथास्थिति समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसका उद्देश्य राज्य की यथास्थिति बनाए रखना था। इस प्रकार वे भारत सरकार से लेनदेन जारी रखने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन एक प्रकार से यह षडयंत्र या बहाना था। समझौते पर हस्ताक्षर के फौरन बाद उन्होंने कीमती धातुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया, भारतीय मुद्रा को अवैध घोषित कर दिया तथा भारतीय सिक्यूरिटीज़ के रूप में पाकिस्तान को 22 करोड़ कर्ज देने का प्रस्ताव किया। मुहम्मद अली जिन्ना को व्यक्तिगत रूप से नापसंद करने के बावजूद निजाम ने भारत के खिलाफ उनके साथ मिल कर षडयंत्र किया जो देश के विभाजन के बाद भी जारी रहा।

जिन्ना को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा था, 'महामहिम निश्चित रूप से भारतीय राज्य के बजाय पाकिस्तान के साथ ज्यादा निकट संबंध रखना पसंद करेंगे। हैदराबाद चारों ओर जमीन से घिरा है तथा वह हिंदुस्तान के अधिकांश हिंदू हिस्सों के केन्द्र में है। इससे उसकी स्थिति बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। जब पाकिस्तान और हैदराबाद की स्थिति काफी मजबूत हो जाए तब महामहिम पाकिस्तान से अपने निकट संबंध बनाने की स्थिति पर गौर करेंगे।'

इन स्थितियों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि जमीनी स्तर पर निजाम ने रजाकारों के फलने-फूलने में पूरा सहयोग किया। इसके साथ ही उन्होंने उग्र रूप से सांप्रदायिक व कट्टर मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन के आक्रामक तत्वों को भी बढ़ावा दिया। उल्लेखनीय है कि इसी मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन से वर्तमान समय में कार्यरत आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन-एआईएमआईएम का जन्म हुआ। 1946 में मजलिस के नेता कासिम रिजवी थे जो अत्यधिक कट्टर मुस्लिम चरमपंथी तथा हिंदुओं से भयंकर घृणा करने वाले थे।


भारतीय विद्या भवन से 1990 में प्रकाशित पुस्तक 'द इनडामिटेबल सरदार' के अनुसार, कासिम रिजवी का मानना था कि 'हैदराबाद एक इस्लामी राज्य है। जब भारतीय संघ हमारे खिलाफ कोई हमला बोलेगा तो भारत के साढ़े चार करोड़ मुसलमान हमारे साथ उठ खड़े होंगे और विद्रोह का झंडा उठा लेंगे। मुस्लिम विजेता होते हैं। हमें आगे बढ़ कर अपने दुश्मनों को टुकड़े-टुकड़े कर देना चाहिए और इस्लाम का वर्चस्व स्थापित करना चाहिए। हिंदू काफिर हैं जो पत्थरों और बंदरों की पूजा करते हैं, जो धर्म के नाम पर गौमूत्र पीते हैं तथा गोबर खाते हैं।'

रजाकारों ने आतंक की स्थिति पैदा की जिसके चलते सैकड़ों हिंदू या तो मारे गए या उनको जबरन मुसलमान बना लिया गया और हिंदू महिलाओं से बलात्कार किया गया। इसके साथ ही साथ हैदराबाद ने औपचारिक सैनिक तैयारियां शुरू कीं, हवाईअड्डे बनाने शुरू किए तथा अवैध रूप से हथियार व गोला बारूद एकत्र करना शुरू किया। सरदार वल्लभभाई पटेल ने कहा कि भारत के लिए उसके बीच में एक स्वतंत्र मुस्लिम राज्य 'भारत के पेट में कैंसर की तरह होगा।' जब हिंदुओं के खिलाफ रजाकारों व अन्य मुस्लिम कट्टरपंथियों के अत्याचार असहनीय हो गए तो सरदार पटेल ने 13 सितंबर, 1948 को भारतीय सेना को हैदराबाद में प्रवेश करने का आदेश दे दिया। भारत की इस सैनिक कार्रवाई को 'आपरेशन पोलो' का नाम दिया गया। भारतीय सेना ने 108 घंटे के भीतर ही अपना लक्ष्य पूरा कर लिया। हैदराबाद की सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया तथा रजाकार दुम दबा कर भाग गए। इस प्रकार 17 सितंबर को हैदराबाद भारतीय संघ का हिस्सा बन गया।

हैदराबाद के शासक निजाम द्वारा सैनिक तैयारियां, हथियार एकत्र करना, हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार तथा पाकिस्तान के साथ गठजोड़, आदि सभी एक 'अघोषित युद्ध' के तत्व थे। इसलिए इसे 'एकजुटता दिवस' या हैदराबाद का भारत में विलय कहना सत्य से पूरी तरह मुंह मोड़ना है। यह झूठ को जारी रखने के साथ ही अनैतिक अल्पसंख्यक तुष्टीकरण का एक और उदाहरण है। हैदराबाद का शांतिपूर्वक विलय नहीं हुआ था। हैदराबाद को स्वेच्छाचारिता तथा इस्लामी कट्टरता से मुक्ति दिलाई गई थी और यह भारत में विलय के बाद लोकतांत्रिक व पंथनिरपेक्ष राजनीति का हिस्सा बना था।

# हरित नेतृत्व में मिसाल बना भारत

**अमित मिश्रा**
(लेखक, अकादमिक क्षेत्र से संबद्ध हैं)



भारत ने पिछले कुछ सालों में पर्यावरण संरक्षण तथा फासिल ईंधनों के बजाय नवीकरणीय या अक्षय ऊर्जा स्रोत विकसित करने में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। सरसरी तौर से कहा जाए तो भारत ने पर्यावरण संरक्षण या हरित नेतृत्व में दुनिया के सामने एक मिसाल कायम की है। देश-दुनिय के पर्यावरणविदों व राजनेताओं ने भारत की यह महत्वपूर्ण भूमिका स्वीकार भी की है। लेकिन समस्याएं भी हैं और अपने 2030 के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए, भारत को अक्षय ऊर्जा को ढाई गुना अधिक तेजी से स्थापित करने की आवश्यकता होगी।

इंस्टीट्यूट फार एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) के एक हालिया अध्ययन के अनुसार, भारत का अक्षय ऊर्जा उद्योग चमक रहा है और फल-फूल रहा है। यह खबर ऐसे समय आई है जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय संघर्षों, त्रैश्विक मुद्रास्फीति, उच्च ऊर्जा लागत और बढ़ती ब्याज दरों से त्रस्त है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है या शायद बढ़ते वैश्विक ऊर्जा संकट और सऊदी अरब व रूस द्वारा अपने उत्पादन को प्रति दिन 2 मिलियन बैरल घटाने के हालिया अशांत निर्णय के कारण अधिक हो सकता है।

ब्रेंट क्रूड वर्तमान में लगभग 90.70 डालर पर कारोबार कर रहा है, बार 7 अक्टूबर को अपने उच्चतम 97.4 पर पहुंचकर नीचे गिर रहा है। विदेशों में मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के परिणामस्वरूप सोमवार की रुपया/डॉलर विनिमय दर निराशाजनक रूप से 82.79 रुपये थी। स्पष्ट कारणों से, भारत को निकट भविष्य में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बारे में भी चिंता करनी पड़ सकती है, लेकिन लंबे समय में, यह स्थिति को सफलतापूर्वक हल करने के लिए अक्षय ऊर्जा उद्योग में अपनी क्षमता निर्मित कर रहा है। भारत की अक्षय ऊर्जा प्रगति और ऊर्जा-स्वतंत्र अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता नौ दिनी आश्चर्य नहीं है। भारत ने अपनी आजादी के बाद से 1947 में 1.3 गीगावॉट की कुल स्थापित क्षमता से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अब एक विशाल (118 गीगावॉट ) बनने के लिए एक लंबा सफर तय किया है। पिछले 10 वर्षों में, भारत की स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 700 प्रतिशत बढ़ी है, जो 160 गीगावॉट से अधिक तक पहुंच गई है।

जुलाई 2022 तक, भारत ने अपने एनडीसी लक्ष्य को पूरा कर लिया है, इसकी स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता (हाइड्रो सहित) 161.28 गीगावॉट थी, जो कुल स्थापित बिजली क्षमता का 40 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती है। सितंबर 2022 तक, स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता पिछले दस वर्षों में 50 गुना बढ़कर 61 गीगावॉट तक पहुंच गई थी। भारत की वर्तमान अक्षय ऊर्जा क्षमता लगभग 161 गीगावॉट है, जो चीन, अमेरिका और ब्राजील के बाद दुनिया में चौथे स्थान पर है, विशेष रूप से पिछले दस वर्षों में, भारत ने अक्षय ऊर्जा स्रोतों की स्थापित क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है।

स्कॉटलैंड के ग्लासगो में हाल ही में आयोजित 26वें यूएनएफसीसीसी में, जिसे पार्टियों का सम्मेलन (सीओपी 26) भी कहा जाता है, भारत 'पंचामृत' या 'फाइव एम्ब्रोसिया' नामक पांच एजेंडा के माध्यम से वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के अपने वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिबद्धताओं में 2030 तक इसकी गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक बढ़ाना, 2030 तक नवीकरणीय साधनों के माध्यम से ऊर्जा आवश्यकता का 50 प्रतिशत पूरा करना, 2030 तक अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को एक बिलियन टन कम करना, अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को2030 तक 45 प्रतिशत तक कम करना और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य प्राप्त करना शामिल है। । नवीनतम मिशन हालांकि उत्तराधिकार में आए, पेरिस समझौते में की गई प्रतिबद्धताओं के बाद आया।

भारत सरकार ने पिछले साल कहा था कि वह दृढ़ता से पेरिस समझौते के उद्देश्यों की ओर बढ़ रही है। भारत के जलवायु प्रतिबद्धता के ट्रैक रिकॉर्ड का समर्थन करते हुए, भारत के उत्सर्जन में 2005 के स्तर से 28 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि 2030 तक 35 प्रतिशत की कमी का लक्ष्य रखा गया है।

इन बिंदुओं को जोड़ते हुए, लोकसभा ने 8 अगस्त को बिना किसी विरोध के बहुप्रतीक्षित ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक पारित किया। नया उपाय न केवल गैर-जीवाश्म ईंधन जैसे इथेनॉल, हरित हाइड्रोजन, हरित अमोनिया और बायोमास को ऊर्जा स्रोतों के रूप में नियोजित करना आवश्यक बना देगा, बल्कि भारत को अपने 2030 सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी 7) को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण सहायता करेगा।

हालांकि, भारत की हरित क्षेत्र में परिकल्पनायें तथा उनका जमीनी क्रियान्वयन काफी सीमा तक सफल व अनुकरणीय रहा है। लेकिन मौजूदा सरकार के लिए सब कुछ सुनहरा और इंद्रधनुषी नहीं है। अधिकारियों ने कुछ समस्याओं को स्वीकार किया है कि वे विभिन्न कारणों का हवाला देते हुए अपने 2022 के आरईएस के अपने लक्ष्य से 175 गीगावाट पिछड़ रहे हैं। 2022 तक आरईएस के 175 गीगावाट क्षमता का निर्माण करने की देश की महत्वाकांक्षा में भारी मंदी देखी जा रही है, केवल चार भारतीय राज्य अब तक अपने अक्षय ऊर्जा उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम हुए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्षय ऊर्जा पैदा करने के मामले में राजस्थान, कर्नाटक और तेलंगाना के बाद गुजरात अपने लक्ष्य को प्राप्त करने वाला चौथा भारतीय राज्य था।

मार्च के रिकॉर्ड उछाल के बावजूद सौर ऊर्जा पैदा करने वाले प्रतिष्ठानों से ऊर्जा पैदा करने में कमी आई है। बिजनेस व आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, यह गिरावट सरकार द्वारा सौर मॉड्यूल और सेल के आयात पर सीमा शुल्क लगाने का परिणाम है। हालांकि, जब स्वतंत्रता के 75 साल बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार देश अमृत काल में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है तब शायद सीमा शुल्क बढ़ाने का मकसद स्वदेशी क्षमता को बढ़ावा देना रहा हो। लेकिन फिलहाल तथ्य यह है कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता का अधिकांश हिस्सा आयात किया जाता है जिसने संकट को और बढ़ा दिया है। यह देखते हुए कि भारत सरकार ने 2030 तक अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को 450 गीगावाट तक बढ़ा दिया है, इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एक त्वरित गोद लेने की दर की आवश्यकता होगी। चार राज्य-महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश-175 गीगावाट लक्ष्य की कमी के लिए जवाबदेह हैं। अपने 2030 के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए, भारत को मौजूदा दर से 2.5 गुना तेजी से अक्षय ऊर्जा की तैनाती की आवश्यकता होगी। प्राथमिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत को मासिक आधार पर औसतन 3.7 गीगावॉट उत्पादन बढ़ाना होगा।

वर्ष 2022 में 1.4 गीगावाट की औसत मासिक दर देखी गई है, मार्च में रिकॉर्ड-तोड़ 3.5 गीगावाट होने से। जब तक मासिक आवश्यक दर प्राप्त नहीं हो जाती, तब तक ऊर्जा-आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य दूर का सपना बना रहेगा। इस दिशा में प्रयास जारी हैं।

## आप की बात

### विश्वसनीयता का सवाल

**देश** में फर्जी खबरों (फेक न्यूज) का चलन दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जिससे गफलत के साथ ही बवाल मचने की भी संभावनाएं बढ़ रही हैं। इसे रोकने के लिए सोशल मीडया, मीडिया, प्रिंट मीडिया को सावधानी बरतने की जरुरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फर्जी ख़बरों पर चिंता जताते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर कोई भी सन्देश फॉरवर्ड करने से पहले 10 बार सोचें और कन्फर्म करें ताकि लोगों के बीच गलत सन्देश न पहुंच सके। बात सही है गलत ख़बरें या सन्देश अथवा चित्रांकन लोगों में भ्रम पैदा कर सकता है, साथ ही बवाल भी हो सकता है। छोटी सी लापरवाही से बड़ी घटनाएं जन्म ले सकती हैं। अत: कुछ भी फॉरवर्ड करने से पहले खबर या सन्देश अथवा चित्र आदि पहले जांचें और विश्वास होने या सही पाने पर ही फॉरवर्ड करके एक जागरूक नागरिक होने का परिचय दें ताकि गलत सन्देश लोगों तक न पहुंच सके और न ही किसी तरह का कोई तूफान खड़ा हो सके। जनहित व देशहित में फर्जी ख़बरों को रोकने के लिए ईमानदारी से अपना फर्ज निभाएं। वैसे अनेक सवेक्षणों ने स्पष्ट किया है कि प्रिंट मीडिया ने बड़ी सीमा तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखी है।

**शकुंतला महेश,** इंदौर

### रूस-यूक्रेन युद्ध

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के यूक्रेन की ओर से 'डर्टी बम' के इस्तेमाल की आशंका जताए जाने के बाद युद्ध के घातक दौर में प्रवेश का डर बढ़ गया है। युद्ध को 8 माह हो गए और दोनों अभी भी अपनी, 'मूंछ पर ताव' दे रहे! इससे दोनों देश तो बर्बाद हो रहे हैं साथ ही समूचा विश्व खाद्यान्न, आर्थिक तकलीफों को झेल रहा है। आशंका है कि न्यूक्लियर ड्रिल की आड़ में रूस डर्टी बम का इस्तेमाल करते हुए इसका इल्जाम यूक्रेन पर लगाने की कोशिश कर सकता है ताकि उसे और बड़ी कार्रवाई का बहाना मिल जाए। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं ऐसी परिस्थितियों में इन देशों के बीच शांति करा सकत हैं। इसीलिए उनकी स्थापना हुई थी। मगर चंद देशों को दिए गए वीटो पावर ने इस संस्था को महत्वहीन कर दिया गया है। दुनिया के चन्द बड़े राष्ट्रों के राष्ट्रीय अध्यक्षों की मानसिक विकृति का परिणाम विश्व के करोड़ों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अब इन देशों की जनता को ही अपने देशों के राष्ट्राध्यक्ष को युद्ध रोकने के लिए बाध्य करना होगा। मुट्ठी भर सनकी शासकों की जिद का खामियाजा पूरा विश्व क्यों भुगते!

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आतिशबाजी पर नियंत्रण

**इस वर्ष** पूरे देश में दीपोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । चारों तरफ तड़क-भड़क, साज सज्जा व पटाखों का धूम धड़ाका था। कई जगह बेतरतीब आतिशबाजी के चलते, जान माल की हानि की खबरें भी सोशल मीडिया व अखबारों में आई हैं, जो चिंताजनक है। ये घटनाएं, हर्षोल्लास के रंग में भंग डाल जाती हैं। मगर सब अपनी सामूहिक जिम्मेदारी से बेपरवाह है! आखिरकार हम अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कब करेंगे? यह दिवाली बीत गई, मगर भविष्य में नुकसानदेह पटाखों को लेकर अति सचेत / संवेदनशील होना होगा । पटाखें (पैसों) में आग लगाने के साथ हर दृष्टि से खतरा ही मोल लेते हैं। अब अपनी जिम्मेदारी के साथ गंभीर चिंतन बहुत ही जरूरी है । चाहे शासन/ प्रशासन, राजनेता हो या जनता जनार्दन सबको अपनी जिम्मेदारी निभाने का वक्त आ गया। भविष्य में जान माल की हानि की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए सबक सीखना बहुत जरूरी है। आतिशबाजी पर नियंत्रण समय की आवश्यकता है।

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हिंदी-विरोधी** आंदोलन का इतिहास 85 साल पुराना है, जब पेरियार जैसे नेताओं ने इसका समर्थन किया था।

- **वाइको**
एमडीएमके नेता



**मैं** ऐसा ब्रिटेन बनाना चाहता हूं जिसमें हमारे बच्चे और उनके बच्चे अपने दिए जलाने में सफल हों।

- **ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**पंजाब** में जेल की सजा पूरी करने वाले सिखों को रिहा नहीं किया जा रहा है और न उनको पैरोल मिल रही है।

- **चरनजीत सिंह बरार**
शिअद नेता

# पिछड़ों को लामबंद कर निकाय व लोकसभा चुनाव जीतने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**बीजेपी** ने पिछड़ों को लामबंद कर आगामी नगरीय निकाय व वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव जीतने की तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में रविवार को यहां बुद्धेश्वर में पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।


अवध क्षेत्र के इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप ये उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष व पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह तथा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने अपने विचार व्यक्त किये। अलग-अलग सत्रों के जरिये भाजपा की कार्यपद्धति से अवगत करवाते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय और डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों के भारत को आज का भाजपा कार्यकर्ता उत्साह व उमंग के साथ पूरा करने को प्रतिबद्ध है। कभी लोकसभा में दो सदस्यों वाली भाजपा के आज लोकसभा में 303 सदस्य हैं और 17 राज्यों में सत्ता में भागीदारी है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने प्रदेश की योगी व केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए किये जा रहे कामकाज से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को एससी, एसटी कमीशन की तर्ज पर संवैधानिक दर्जा देकर और नीट व यूपी पीजी परीक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करके पिछड़ों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।

## ट्विटर पर टॉप ट्रेंड में छाया रहा स्वच्छ, सुरक्षित, छठ हैशटैग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- सीएम योगी की अपील को सोशल मीडिया पर मिला जबरदस्त समर्थन

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की ओर से स्वच्छ और सुरक्षित छठ पर्व मनाने की अपील को सोशल मीडिया पर जबरदस्त समर्थन मिला है। पहली बार सुरक्षा के साथ ही छठ पर्व पर स्वच्छता की अपील को इंटरनेट यूजर्स ने हाथो हाथ लिया है। सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर पर रविवार को हैशटैग स्वच्छ सुरक्षित छठ जमकर ट्रेंड हुआ है। ये हैशटैग टॉप ट्रेंड में नंबर वन पर बना रहा। इस दौरान 21.3 करोड़ लोगों तक ये हैशटैग पहुंचा। वहीं तकरीबन 11 हजार लोगों ने इस हैशटैग के साथ अपनी भावनाओं को पोस्ट किया। लगभग 18 हजार लोगों ने इस हैशटैग से जुड़कर लाइक, रिप्लाई और रीट्वीट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी छठ घाटों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा उनकी ओर से घाटों की सफाई को लेकर भी विस्तृत दिशानिर्देश दिये गये हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से भी छठपर्व के बाद घाटों की साफ-सफाई को लेकर अपील की है और अफसरों को भी निर्देश दिये हैं कि पर्व की समाप्ति के बाद सभी घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री खुद भी रविवार शाम राजधानी के लक्ष्मण मेला मैदान में छठ पर्व के दौरान मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को उनके सरकारी आवास पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने की शिष्टाचार भेंट

## राज्य मंत्री को बैठकों में बुलाए जाने के लिए एसीएस ने लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने जताई थी नाराजगी

**ग्लोबल** इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों के बीच औद्योगिक विकास विभाग के राज्यमंत्री जसवंत सैनी की नाराजगी सामने आई है। उन्हें विभाग के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी विभागीय बैठकों में बुलाते नहीं है। इस मसले को लेकर एसीएस औद्योगिक विकास सचिव अरविंद कुमार ने अपने विभाग के सभी अधिकारियों को पत्र कर राज्यमंत्री को बैठकों में बुलाए जाने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले जलशक्ति विभाग के राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने आरोप लगाए थे कि उनके कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने उन्हें कामकाज नहीं दिया है और उन्हें बैठकों में नहीं बुलाया जाता।

उनकी नाराजगी भरा पत्र वायरल होने और उनके द्वारा इस्तीफा राज्यपाल को भेजने के चलते सियासी संकट पैदा हो गया था। विवाद ने एक बार फिर कैबिनेट मंत्रियों की मनमानी की पोल खोल दी है। अरविंद कुमार ने पत्र मे लिखा है कि यह देखने में आ रहा है कि औद्योगक विकास मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठकों में राज्यमंत्री औद्योगिक विकास विभाग को नहीं बुलाया जा रहा है। जिस पर मंत्री द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। भविष्य में औद्योगिक विकास मंत्री की बैठकों में राज्यमंत्री को आमंत्रित किया जाना सुनिश्चित करें। सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के सीईओ से भी कहा गया है कि वह कैबिनेट मंत्री के स्तर पर होने वाली बैठक में राज्य मंत्री को अवगत कराएं।

## उपचुनाव को प्रभावित कर रही है भाजपा, आयोग कार्रवाई करे

- सपा मुखिया ने मतदाताओं से की साइकिल वाले निशान पर बटन दबाने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्र के आगामी उपचुनाव में भय और लालच के जरिए मतदान को प्रभावित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग से इस पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

अखिलेश यादव ने लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में मतदाताओं से भाजपा की हर साजिश का मुकाबला करके सपा प्रत्याशी विनय तिवारी को भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए ईवीएम में साइकिल वाले निशान पर बटन दबाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग को इस क्षेत्र में भाजपा नेताओं द्वारा भय व प्रलोभन के जरिए मतदान को प्रभावित करने की जो चालें चली जा रही हैं, उन पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र में विकास के तमाम कार्य किए गए थे और जीत पर क्षेत्र की जनता के हित में और भी विकास कार्य होंगे। भाजपा सिर्फ वादे करती है जबकि समाजवादी जो कहते हैं, वह करते हैं। उनकी कथनी-करनी में अन्तर नहीं होता है।

श्री यादव ने इस बात पर गहरा क्षोभ एवं चिंता जाहिर की है कि भाजपाई समाजवादी समर्थकों को प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्हें कई तरह से धमकियां दी जा रही हैं। मतदाताओं को प्रलोभन दिए जा रहे हैं। सपा मुखिया ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग को अभी 27 अक्टूबर 2022 को ही पत्र लिखकर बताया गया है कि गोला गोकरननाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अमन गिरि के चुनाव संचालक हरविन्दर साहनी, विधायक पलिया आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन कर रहे है। दीवाली पर्व के नाम पर रुपए एवं मिठाई बांटी जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी प्रत्याशी को धारा 110 की नोटिस देना निष्पक्ष चुनाव की मर्यादा के विरूद्ध है। भाजपा के 40 मंत्री अपनी सुरक्षा के साथ क्षेत्र में मौजूद हैं और आतंक फैला रहे हैं। विशेषकर यादव पुलिस कर्मियों को चिह्नित कर उन्हें जबरन छुट्टी पर भेजा जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी की चुनाव सभाओं में सरकारी कर्मचारी भाग ले रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपाई उपचुनाव में जो हालात पैदा कर रहे हैं उससे निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कैसे हो सकेंगे इसलिए भारत निर्वाचन आयुक्त तत्काल इन शिकायतों का संज्ञान लेकर प्रभावी कार्रवाई करें और आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में मुकदमा दर्ज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि गोला गोकरननाथ विधानसभा का यह उपचुनाव निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से सम्भव हो सके।

## सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- सीएम ने की धान खरीद की समीक्षा, कहा- किसानों के हितों की अनदेखी करने वालों की जवाबदेही तय की जाए, समय से उनकी उपज का भुगतान किया जाए

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद को पूरी तत्परता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। धान खरीद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी क्रय केन्द्रों पर पूरी पारदर्शिता के साथ धान खरीद किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर धान खरीद की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। किसानों के हितों की अनदेखी करने वालों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि धान क्रय केन्द्र समय से संचालित हों। किसानों को समय से उनकी उपज का भुगतान किया जाए। प्रदेश में ई-पॉप डिवाइस के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण द्वारा किसानों से धान की खरीद सुनिश्चित की जाए। धान के मूल्य का भुगतान किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में पीएफएमएस से खाते सत्यापित कराते हुए कराया जाए। धान खरीद की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन है।

खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में कॉमन श्रेणी के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 रुपये प्रति कुन्तल तथा ग्रेड ए श्रेणी के धान का समर्थन मूल्य 2060 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित है। अब तक धान क्रय केन्द्रों पर 21415.74 मीट्रिक टन धान की खरीद सम्पन्न हो चुकी है।

## समान नागरिक संहिता को मुद्दा बना रही है बीजेपी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने समान नागरिक संहिता को लेकर बीजेपी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा हैं कि बीजेपी इसको चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही हैं, इससे साफ लगता हैं कि सत्तारूढ़ दल बीजेपी की हालत ठीक नहीं हैं।

रविवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी सहित अन्य राज्यों में भी सत्तारूढ़ दल के नेता विकास व रोजगार के बजाय विवादित एंव विभाजनकारी मुद्दों की तरह ही नागरिक संहिता को मुद्दा बनाना खास नहीं हैं, लेकिन अगर वह गुजरात चुनाव में इसको मुद्दा बना रही हैं तो इससे साफ पता लगता हैं बीजेपी की गुजरात में हालत ठीक नहीं हैं। बसपा सुप्रीमो ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक समान नागरिक संहिता के मामले में कोई निर्णय नहीं लिया हैं और ना ही इस पर कोई निर्णय लिया जाए। गुजरात चुनाव के मद्देनजर मायावती ने कहा इस चुनाव में ऐसा क्या होने जा रहा हैं, जिससे बीजेपी ज्यादा ही विचलित दिख रही हैं। मायावती ने बीजेपी के चंदे पर सवाल खड़ा किया, उन्होंनें कहा कि अज्ञात श्रोतों से मिल रहा रूपया का इस्तेमाल कहा हो रहा है, इस रूपये का उपयोग चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है।

### एआईएमआईएम नेता इरफान मलिक अपने समर्थकों के साथ बसपा में शामिल

**लखनऊ।** पश्चिम के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी मुस्लिम वोट बैंक में बसपा बड़ी सेंधमारी करने में सफल हो चुकी है। डुमरियागंज से छह बार विधायक रहे पूर्व मंत्री स्व. मलिक कमाल यूसुफ के परिवार ने बसपा का दामन थाम लिया है। स्व. मलिक कमाल यूसुफ के बड़े बेटे एवं एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष इरफान मलिक अपने हजारों समर्थकों के साथ बसपा में शामिल हो गए है। इससे बहुजन समाज पार्टी की मुस्लिम वोट बैंक में जबरदस्त सेंधमारी मानी जा रही है। स्व. मलिक कमाल यूसुफ के बड़े बेटे इरफान मलिक अपने पिता की सियासी विरासत को संभालने के लिए काफी संघर्षरत हैं। उन्होंने 2022 में एआईएम से विधानसभा चुनाव भी लड़ा था लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी। इरफान मलिक के अपने समर्थकों के साथ बसपा में शामिल होने के बाद इसे मुस्लिम वोट बैंक के रूप में जबरदस्त चाल मानी जा रही है।

## ब्लॉक, थाना, तहसील स्तर पर अधिकतम समस्याओं का समाधान करें: केशव

- विद्युत कनेक्शन के नाम पर किसानों का उत्पीड़न नहीं होगा बरदाश्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद ललितपुर के भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया, साथ ही समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जनपद में विद्युत बिल संशोधन के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, ऐसे लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्यवाही करें, साथ ही किसानों पर जो मुकदमें दर्ज किये गए हैं, उन्हें निस्तारित करायें। उन्होंने निर्देश दिये कि सौभाग्य योजना के तहत जहां जहां कनेक्शन दिये गए हैं, वहां देख लें कि आपूर्ति हो रही है या नहीं।

पोस्टमार्टम हाउस निर्माण की समीक्षा के दौरान सीएमओ द्वारा बताया गया कि जनपद में एक पीएम हाउस बना हुआ है, इस पर निर्देश दिये गए कि महरौनी क्षेत्र में नये पीएम हाउस हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को भिजवाना सुनिश्चित करें। सीएमओ ने यह भी अवगत कराया कि महिला चिकित्सालय में चिकित्सक न होने के कारण वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से 11 चिकित्सक मिल गए हैं, इस पर निर्देश दिये गए कि इस कार्य की सूचना मीडिया में प्रकाशित करायें। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पंचायत सहायकों, आशा कार्यकत्रियों एवं एएनएम के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनवाये जायें ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से कोई गरीब वंचित न रहे। साथ ही मैनपावर की कमी से शासन को अवगत करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना का लाभ दिलाये जाने के नाम पर अवैध धन की वसूली की शिकायत मिलने पर जांच होगी और शिकायत सही पाई गई तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने निर्देश दिये कि जिला स्तरीय अधिकारी लोगों की समस्याओं का जिला स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित करायें। इसके साथ ही जिस अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ शिकायत है या जांच प्रस्तावित है, उस व्यक्ति को जांच या जांच से सम्बंधित दस्तावेज नहीं मिलने चाहिए, दोषी व्यक्ति जांच न करें, इसका गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित करायें।

## सेवानिवृत्त होने के बाद सेवा दे रहे चिकित्सकों को मिलेगा एचआरए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सेवानिवृत** होने के बाद सेवाएं दे रहे प्रान्तीय चिकित्सा संवर्ग के चिकित्सकों के लिए हाउस रेंट एलाउंस की सुविधा बहाल होने वाली है। इस बावत जल्द ही आदेश जारी होने वाला है। वित्त विभाग की ओर से स्पष्टीकरण जारी किया गया है कि पुनर्योजित सरकारी सेवकों को एचआरए अनुमन्य है।

फिलहाल अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशालय की ओर से जल्द एचआरए बहाल करने का आदेश जारी किया जाएगा और इससे करीब 600 डाक्टरों को राहत मिलेगी। प्रदेश में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है और इसे पूरा करने के लिए फिर से सेवानिवृत्त डाक्टरों से आवेदन मांगे गए हैं। विशेष सचिव, वित्त नील रतन कुमार की ओर से जारी किए गए आदेश में 15 दिसंबर 1983 के शासनादेस का जिक्र किया गया है कि जिसके द्वारा पुनर्योजित सरकारी सेवकों को एचआरए अनुमन्य है। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के अध्यक्ष डा सचिन वैश्य का कहना है कि जिन डाक्टरों को करीब नौ महीने एचआरए नहीं मिला है, उन्हें इसका अलग से भुगतान किया जाए। उधर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए हैं कि डाक्टरों को मिलने वाले किसी भी तरह के लाभ से वंचित न किया जाए।

## सांगठनिक समीक्षा को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में बैठक आज

**लखनऊ।** सांगठनिक समीक्षा के परिपेक्ष्य में सोमवार 31 अक्टबूर को कांग्रेस मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में सघन दौरा कार्यक्रमों के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी सहित सभी प्रांतीय अध्यक्ष गण अपने अपने प्रभार क्षेत्र में पार्टी के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से संपर्क करने के साथ ही प्रदेश और जिला स्तर पर मौजूदा संगठन की समीक्षा बैठक कर रहे है। सोमवार 31 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी प्रदेश कांग्रेस राष्ट्रीय प्रभारी सचिव गण, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी सहित समस्त प्रांतीय अध्यक्ष गण पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व मंत्री अजय राय, विधायक वीरेंद्र चौधरी, योगेश दीक्षित और अनिल यादव भी मौजूद रहेंगे।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 4428 लोगों को मिला चिकित्सकीय परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 4428 लोगों ने लिया चिकित्सकीय लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4428 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1590 पुरुष, 2084 महिलायें और 754 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 27 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 42 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।

## प्रदूषण मुक्त हो रही गंगा में वापस आ रहीं डाल्फिन, संख्या 600 पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में गंगा नदी के जल की गुणवत्ता में हो रहे सुधारों के सकारात्मक नतीजे अब सामने आने लगे हैं। प्रदूषण के कारण गंगा नदी से जहां पूर्व में डाल्फिन गायब रो रही थीं, अब वापस आने लगी हैं। मौजूदा समय में प्रदेश में गंगा में 600 डाल्फिन के होने का अनुमान लगाया गया है।

प्रदेश की योगी सरकार में नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत शुरू की गईं परियोजनाओं की वजह से गंगा के जल की गुणवत्ता में तेजी से सुधार हो रहा है। बृजघाट, नरौरा, कानपुर, मिर्जापुर, वाराणसी में डॉल्फिन को प्रजनन करते हुए भी देखा गया है जिससे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यहां इनकी संख्या में और बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। नमामि गंगे कार्यक्रम केंद्र सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

प्रदेश में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार की तरफसे हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। 2014 से अब तक पूरी हुई 23 परियोजनाओं के द्वारा 460 एमएलडी से अधिक सीवेज को गंगा में प्रवाहित होने से रोका जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत सितंबर 2022 से दिसंबर 2022 के बीच झांसी, कानपुर, उन्नाव, शुक्लागंज, सुल्तानपुर बुढ़ाना, जौनपुर और बागपत में 2304.55 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 33 एमएलडी सीवेज दुरुस्त किए गए 130 एमएलडी सहित की अतिरिक्त उपचार क्षमता बढ़ जाएगी। दिसंबर 2022 तक पूरे गंगा बेसिन में प्रतिदिन 1336 मिलियन लीटर की उपचार क्षमता का निर्माण किया जाएगा। 2022 में कुल सीवेज शोधन क्षमता निर्माण 2109 एमएलडी हो जाएगा। प्रदेश में 20 स्थानों पर 2014 से 2022 की अवधि के दौरान नदी के पानी की गुणवत्ता के आकलन से पता चला है कि घुलित ऑक्सीजन, बॉयोकेमिकल डिमांड और फेकल कोलीफॉर्म जैसे मापदंडों में काफी सुधार हुआ है। जांच में पाया गया कि 20 स्थानों पर पीएच स्नान के लिए पानी की गुणवत्ता के मानदंडों को पूरा करता है जबकि डीओ, बीओडी और एफसी में 20 में से क्रमश: 16, 14 और 18 स्थानों पर सुधार हुआ है।

# सरदार पटेल ने देश को प्रेरणादायक दिखाए कार्यः साकेन्द्र प्रताप वर्मा

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर



**देश ने सरदार** वल्लभ भाई पटेल को लौह पुरुष की उपाधि ऐसे ही नहीं दी थी। उन्होंने देश की आजादी के बाद के भारत को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए कई अवसरों पर साहसिक निर्णय लेते हुए भविष्य के लिए नासूर बनने वाले कई ज्वलंत मुद्दों को अपनी सूझ-बूझ के साथ जड़ से समाप्त करने का काम किया। उनके प्रेरणादायक कार्य व दिखाए गए मार्ग पर देश लगातार अग्रसर हो रहा है। अपने जीवन में उनके विचारों को आत्मसात कर देश भक्ति की भावना जागृत करनी होगी तभी हम सच्चे नागरिक बन सकेंगे। यह बातें सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में देश के प्रथम गृहमंत्री, भारत रत्न, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के पूर्व दिवस पर आयोजित 'पटेल के सपनों का भारत' विषयक विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए विधानसभा कुर्सी के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कही।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये कालेज के प्रधानाचार्य आरके वाजपेयी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। गोष्ठी में जयपाल आर्य, आशुतोष वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष, वरिष्ठ शिक्षक अखिलेश दुबे, शंशाक शुक्ल, मोहिनी मिश्रा, यशपाल वर्मा व छात्रा कृति शुक्ला ने जागरण व प्रेरणा गीतों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति जागृत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, मां शारदे, मां भारती तथा सरदार पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत भावनृत्य भी प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह व सरदार वल्लभ भाई पटेल का चित्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला संघचालक राजाराम यादव, पूर्व प्रधानाचार्य रामकुमार गिरि, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेश वर्मा, कृतार्थ मिश्र, वरिष्ठ शिक्षक विनोद गुप्त, महाराज सिंह, सीपी तिवारी, जितेंद्र वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, सुशील अवस्थी, देवेश मिश्र, आसाराम रस्तोगी, चक्रसुदर्शन पांडेय, अतुल चित्रांश, ज्ञानेश मिश्र, उमेश वर्मा, राहुल वाजपेयी, अमित राठौर, ज्ञान सागर गुप्त, अरविंद त्रिपाठी मुन्ना, नरेंद्र पांडेय, दिलीप मिश्र, अंकुर गिरि मार्कंडेय, विशाल गुप्त सहित कॉलेज के उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, आदर्श जायसवाल, अवनीश अवस्थी, एसआर वर्मा सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकायें व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## फाउण्डेशन के तत्वाधान में वितरित की गयी औषधि

**फतेहपुर।** डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आरोग्य भारती व डॉ0 सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में यूथ आइकॉन डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव द्वारा विनोबा नगर के गिहार जाति के 156 बच्चों को डेंगू के संक्रमण को कम करने में सहायक व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होमियोपैथिक औषधि वितरित की गई। साथ ही डॉ0 अनुराग ने सभी बच्चों को बताया कि डेंगू बीमारी एडीज मच्छर के काटने से होती है व इसमें तेज बुखार के साथ बदन दर्द व पेट दर्द भी होता है। साथ ही प्लेटलेट्स की संख्या कम हो जाती है। इससे बचाव हेतु दवा के साथ-साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कहीं भी एकत्र पानी को हटा दे, नालियों में रुके हुए पानी व कूलर इत्यादि में पुराने भरे हुए पानी व गमलों इत्यादि में पुराने भरे हुए पानी को बदल देना चाहिए क्योंकि रुके हुए पानी मे ही मच्छरों का जन्म होता है जो बीमारी फैलाते हैं। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी आचार्य रामनारायण आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### नेताजी की श्रद्धांजंलि सभा में पूर्व सांसद ने रखे विचार

**सिधौली सीतापुर।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने पूर्व रक्षा मंत्री एव पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की आत्मा के शांती के लिए एक श्रद्धांजंलि सभा का आयोजन सिधौली कस्बे के डाग बंगला प्रांगण मे किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुशीला सरोज ने नेताजी के स्मंरण साझा किए। नेताजी की श्रद्धांजंलि सभा में महासभा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रमोद चौधरी एवं जगनायक यादव, सीपी यादव, सुनील यादव, शिवप्रसाद यादव, सीके यादव, अशोक यादव, इंद्रपाल यादव, सुरेश यादव, अभिग्यान चौधरी सहित संगठन के तमाम कार्यकर्ताओ ने नेताजी के बारे मे विचार रखे। कार्यक्रम मे अधिवक्ता अखिलेश यादव, कुलदीप यादव, रामजीवन यादव, रामनरेश यादव, प्रधान कमलेद्र सिंह यादव , शिव पूजन यादव, योगेश यादव, प्रवीण यादव, प्रधान अशोक कुमार, प्रधान अमरनाथ यादव, प्रधान राजेद्र यादव सहित सैकड़ो की संख्या मे लोग शामिल हुए। संगठन के कार्यकर्ताओं ने आए हुए सभी लोगो को प्रसाद भी वितरित किया।

### मच्छरों के प्रकोप दे रहें गंभीर बिमारियों की दावत

**नसीराबाद रायबरेली।** बरसात का सीजन खत्म होने के बाद भी मच्छरों के प्रकोप थमने का नाम नही ले रहा है।जिससे ग्रामीण संक्रमक बीमारियों के चपेट में आ रहें है। लेकिन जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद से जागने को तैयार होते नही दिखायी दे रहें है। जिससे अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बेकाबू होती जा रही है।बतातें चलें कि विकास खंड डीह व छतोह के अंतर्गत आने वाली ज्यादातर ग्राम पंचायतों में जिम्मेदारों की उदाशीनता से नियमित रूप से सफाई व समय पर दवाओं के छिड़काव ना होने के कारण मच्छरों का प्रकोप थमने का नाम नही ले रहा है।मच्छरों के काटने से भारी तादात में ग्रामीण डेंगू,मलेरिया,चिकुनगुनिया वायरल फीवर जैसी गंभीर संक्रमक बीमारियों की चपेट में आकर अस्पतालों की चौखट पर माथा टेकने को विवश है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर भी गंभीर नही हो रहे है। मिली जानकारी अनुसार छतोह ब्लॉक के पूरे प्रताप मजरे आलमपुर में डेंगू का मरीज मिलने से हड़कंप मच गया। अभी तो शुरुवात है।वहीं अगर समय रहते जिम्मेदार नही चेते तो संक्रमक बीमारियों के चपेट में ना जाने कितने लोग होंगे।यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।सलोन। कोतवाली पुलिस रायबरेली बॉर्डर के अगई मोड़ के पास से एक वांछित व्यक्ति को एक आदत 315 बोर तमंचा व एक जीवित व एक खाली कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा। करहिया बाजार पुलिस चौकी प्रभारी संजय शर्मा ने पुलिस बल के साथ रविवार की सुबह प्रतापगढ़ जनपद के थाना उदयपुर क्षेत्र के इछवापुर पुर गांव निवासी कुलदीप सिंह पुत्र रामबली सिंह भदोरिया को एक आदत 315 बोर तमंचा वह एक जीवित तथा एक खाली कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा। कोतवाली प्रभारी बृजेश राय ने बताया कि लगभग 4 दिन पूर्व नामजद व्यक्ति नूरुद्दीनपुर गांव निवासी राज शर्मा के ऊपर तमंचे से फायर कर जानलेवा हमला किया था उस मामले में भी यह व्यक्ति नामजद था। घटना के बाद से आरोपी व्यक्ति फरार चल रहा था जिसे आज गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के ऊपर सलोन समेत कई थानों में लगभग 9 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### पराली जाने पर कृषकों पर दर्ज किया गया मुकदमा, लगा जुर्माना

**फतेहपुर।** उप कृषि निदेशक ने जनपद के कृषकों से अपील किया कि फसल अवशेष (पराली) आदि को न जलायें अपितु यदि खेतों में फसल अवशेष (पराली) आदि है तो अपने ग्राम प्रधान या लेखपाल को सूचित कर अवगत करा दें ताकि फसल अवशेष को नजदीकी गौशाला में संरक्षित किया जा सके। जनपद की तहसील बिन्दकी में 01, सदर तहसील में 01 तथा खागा तहसील में 01 कम्बाइन हार्वेस्टर मशीनें बिना एसएमएस लगे फसल कटाई करते हुए पाये जाने पर कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सीज की गयी है। तहसील बिन्दकी में 03 किसानों, सदर तहसील में 05 किसानों तथा तहसील खागा में 03 किसानों को पराली जलाने के कारण रू0 25 सौ रूपये प्रति किसान, जुर्माना रू0 27500 वसूला गया। खागा तहसील में 14 स्थानों, सदर तहसील में 16 स्थानों एवं बिन्दकी तहसील में 12 स्थानों में चौपाल लगाकर किसानों को पराली न जलाने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। विकास खण्ड हसवां के ग्राम रमवा में अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा तथा उप कृषि निदेशक द्वारा ग्राम सेनीपुर मलोनी ब्लॉक तेलियानी में पराली चौपाल लगाकर किसान को पराली न जलाने हेतु जागरूक किया गया। जनपद स्तर पर बने कन्ट्रोल रूम में पराली दान करने हेतु सदर तहसील से 13, बिन्दकी तहसील से 02 तथा खागा तहसील से 01 किसानों ने अपनी सहमति/नाम लिखाया गया है।

# प्रा.स्वा. केंद्र शाहपुर में तैनात एएनएम मीरा पर लगाया आरोप

- डिलीवरी के नाम पर एएनएम मीरा ने वसूले पैसे
- लहरपुर के प्रा.स्वा. केंद्र शाहपुर का मामला

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**एक ओर** जहां प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डिप्टी सीएम बृजेश पाठक स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अस्पतालों में जाकर निरीक्षण कर वहां के हालात देख रहे हैं वही कुछ ऐसे कर्मचारी उनकी मंशा पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। ऐसा ही तहसील क्षेत्र लहरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में तैनात एएनएम मीरा पर डिलीवरी के नाम पर पैसे वसूलने का आरोप लगा है। जिसके चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों पर गाँजरी क्षेत्र के गरीब तबके के मरीजों से अवैध धन उगाही करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चलें कि क्षेत्र के ग्राम बेलसुआ निवासी दिले राम पुत्र उमराव ने आरोप लगाया है कि 4 माह पूर्व बीते 23 जून को पीड़ित अपनी पत्नी गुड़िया देवी को प्रसव हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर लेकर गया था जहाँ प्रसव के दौरान अस्पताल में तैनात एएनएम मीरा ने पीड़ित पति से डिलीवरी कराए जाने के लिए 4000 की सुविधा शुल्क के रूप में मांग की, पीड़ित असहाय था जिसने अपनी पत्नी की पायल बेंचकर एएनएम मीरा को पैसे दिए। बता दें कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में बना हुआ है जहां अव्यवस्थाओ और गंदगी की भरमार के साथ-साथ मरीज पीने के पानी तक को तरस रहे हैं वही क्षेत्र के गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान नहीं हो पा रही हैं। क्योंकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मनमानी रवैया अपनाते हुए कार्य कर रहा है।

### अभाक्षम के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अजमेर सिंह

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का अजमेर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी होते ही समर्थको मे खुशी की लहर दौड़ गई। अजमेर सिंह मलवा विकास खंड के खानपुर के निवासी है। गंगा संमग्र के लिए भी सराहनीय कार्य कर रहे है। यह घोषणा राष्टीय अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने जारी पत्र के माध्यम मे बताया है कि यह पद दो वर्षो के लिए उनको दिया गया है।

## एनपीएस व निजीकरण को समाप्त करने की मांग

**फतेहपुर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिला अध्यक्ष निधान सिंह के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन प्रदेश सकरार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान को दिया। साथ ही मांग किया कि एनपीएस एवं निजीकरण की समाप्ति कर पुरानी पेंशन की बहाली की जाए। राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड एवं पंजाब राज्य ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर दी है। जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने पहले से ही पुरानी पेंशन योजना को बरकरार रखा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी पुरानी पेंशन बहाल करें। इस अवसर पर बाबूलाल पाल, रामसेवक, उदित सचान, प्रदीप पासवान, जय प्रकाश यादव, बालन्द्र पटेल, सुमित शर्मा, शत्रुघन लाल, मुकेश मौर्य, कन्हाई लाल पाल यादव, संतोष बाबूलाल पाल आदि उपस्थित रहे।

# सीएम के जनसभा स्थल का किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** गोला के पब्लिक इंटर कॉलेज के राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में सोमवार को आयोजित मुख्यमंत्री की चुनावी सभा में सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से रविवार की शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी संजीव सुमन के साथ हेलीपैडए सभास्थलए सेफ हाउस का गहन निरीक्षण किया। मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अफसरोंए मजिस्ट्रेटो को सुरक्षा के लिहाज से जरूरी निर्देश दिए।

दोनों अफसरों ने निर्देश दिए कि सुरक्षा में तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी अपने दायित्वों का सम्यक निर्वाहन करेंगे एवं सुरक्षा के लिहाज से अपनी सभी तैयारियों को ससमय में पूर्ण करा लें। इस दौरान उन्होंने हेलीपैडए सभा स्थलए सेड़हाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा के सभी मानक सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम.एसपी ने सभी अधीनस्थों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की पूरी व्यवस्था कर ली जाएए किसी प्रकार की कोई ग ?ब ?ी न होने पाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की सभा के लिए सुरक्षा के लिहाज से सभी संबंधित विभागों की अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिए जाएं।

## हर वर्ष की भांति इस बार भी छठ पूजा के पर्व पर महिलाओं ने सरोवर पर पहुंच कर की पूजा अर्चना



**मैलानी खीरी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर मैलानी के मा काली मंदिर के पीछे नगर पंचायत बनाए गये रमणीक जलाशय मे पूर्वांचल की महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला उपवास रखकर विधि विधान से तैयारियां करके शाम के समय पूजा मे गन्ना मिष्ठान्न पकवान फल फूल आदि लेकर छठ मैय्या की डूबते सूरज के समक्ष दीप प्रज्वलित करके विधि विधान से पूजा अर्चना की। साथ ही छठ मैय्या से अपने पति व पुत्र की दीर्घायु तथा घर मे सुख शांति व समृद्धि हेतु छठ मैय्या से कामना की। इसी क्रम खुटार रोड पर स्थित गा ?घाट कठिना नदी पर निकट वर्ती गाव राम पुर जवाहर पुर सुखचौनापुर फुलहईया नंण.1ए 2 व तौलेपुर नकाहघाट की रहने वाली महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इसी क्रम नारंग खुडडी व राजा मंडी भोला पुर आदि तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने सरोवरों पर पहुंच कर पूजा अर्चना की। साथ महिलाओं ने बताया कि कल सुबह सूर्य उदय के समय हम सभी महिलाओं द्वारा सरोवर के जल ख ? होकर सूर्य भगवान को अर्द्ध देंगे तथा आज सारी रात हम महिलाओं द्वारा छठ मैय्या के गीत व भजनों का आयोजन किया जाएगा।

# दवा चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा चोर किया पुलिस के हवाले

संवाददाता। रमिया बेहड़.खीरी

**विकास खंड** रमियाबेहड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़में चोरी का आतंक व्याप्त है। आए दिन मरीजों की साइकिल चोरी होती रहती हैं। मरीजों की अधिकता के कारण भीड़का फायदा उठाकर चोर साइकिल पर हाथ साफ कर देते हैं। इसी माह में लगभग 5 साइकिल में चोरी हुई जिसमें से शिव कुमार मिश्रा निवासी सेमरी भी शालि हैं। वह बीते दिनों दवा लेने रमियाबेहड़अस्पताल आए थे। जब दवा लेकर बाहर आए तो उनकी साइकिल गायब हो चुकी थी। इसी प्रकार पुरुषोत्तम शुक्ला निवासी उदयपुर जिनकी साइकिल चोरी हो गई थी जिसका कोई पता नहीं चल सका। मगर पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई। 29 अक्टूबर की शाम लगभग 5:45 पर अनजान व्यक्ति द्वारा फार्मेसी स्टोर रूम नंबर 1 से जीवन रक्षक दवाइयां व ड्रेसिंग ट्रे व 2 कैंची चोरी हो गई। इनकी शिनाख्त सीसीटीवी फुटेज के द्वारा 30 अक्टूबर को प्रदीप कुमार भार्गव पुत्र मूलचंद भार्गव निवासी ग्राम बुचवा ब्लॉक रमियाबेहड़के रूप में हुई। उसको पक ?कर पुलिस के हवाले कर दिया। चोर ने स्वीकार किया कि इससे पूर्व भी उसने काफी दवाएं चोरी की है जो उसके घर पर रखी हैं। अब देखना यह है कि पुलिस चोर के प्रति क्या कार्यवाही करती है या मामले को रफा.दफा करके शांत हो जाती है।

## शाहपुर में दो बालिकाओं की मृत्यु परिजनों का पोस्टमार्टम से इनकार

**लखीमपुर खीरी।** एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह ने बताया कि रविवार को पलिया तहसील के ग्राम शाहपुर मजरा पलियापुरवा की कुल 05 बालिकाएं मिट्टी निकालने के उद्देश्य से शारदा नदी के किनारे गई थीए जहाँ मिट्टी निकालते समय मिट्टी धसकने के कारण वे मिट्टी के नीचे दब गई। स्थानीय ग्रामीणों ने उनको निकाला। मिट्टी के नीचे दबने के कारण उनमें से एक बालिका की मौके पर ही दु:खद मृत्यु हो गई तथा दूसरी बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ;सीएचसीद्ध बिजुआ लाया गयाए जहाँ चिकित्सों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शेष तीनों बालिकाओं को साधारण चोटे आई थीं तथा वह वर्तमान में सकुशल अपने परिवारीजनों के साथ हैं। दोनों मृतक बालिकाओं के परिजनों ने थानाध्यक्ष भीरा को लिखित रूप में इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया है कि वे स्वेच्छा से मृतकों का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहतें हैं।

# परों को खोल ज़माना उड़ान देखता है, ज़मीं पे बैठ के क्या आसमान देखता है

- झाड़ी शाह के मेले में ऑल इंडिया मुशायरा संपन्न

संवाददाता। संडीला(हरदोई)



**हज़रत रब्बानी** शाह कादरी उर्फझाड़ी शाह के मेले में आयोजित ऑल इंडिया मुशायरे में शायरों ने अपने कलाम पेश किए। बड़ी संख्या में लोगों ने मुशायरे का आनंद लिया।

ऑल इंडिया मुशायरे का आगाज़ पूर्व मंत्री अब्दुल मन्नान ने शमा जलाकर किया। मुशायरे की निज़ामत मशहूर शायर इसमाइल नज़र ने और सदारत फिल्मी गीतकार शकील आज़मी ने की। मुशायरे का आगाज़ नात शरीफ से हुआ। शायर ताहिर सऊद ने कहा:-

'उसको मजनू जैसे इश्क़ की ख्वाहिश है, मुझको इश्क़ ए मोहम्मद जैसा करना है।'

शायरों ने रात भर चलने वाले इस मुशायरे में अपने कलाम स्रोताओं के सामने पेश किए। बहुत पसंद किए गए शेर निम्न हैं: -

'परों को खोल ज़माना उड़ान देखता है, ज़मीं पे बैठ के क्या आसमान देखता है।'

- **शकील आज़मी**

'ये ख़ौफकि रगों में लहू न जम जाए, तुम्हें गले से नहीं लगाया बहुत दिन स ` । '

- **अज़हर इकबाल**

'मुझमें जो शख़्स मर गया हाशिम, उसकी मैयत लिए कहां जाएं।' -

**हाशिम काकोरवी**

'यहां हिन्दू मुसलमां साथ में मिल जुल के रहते हैं, हर एक दुख दर्द को मिल के सहते हैं।'

- **कामिल पिहानवी**

'पाक मोहब्बत मिलना रब का तोहफा है, इस तोहफे को ऐसे गवांना ठीक नहीं।' -

**रुबीना अयाज़**

'वो कौन है जो बचाता है मुझको लहरों से, मैं डूबता हूं तो तिनके से जोड़ देता है।'

- **खालिद कमाल**

# पेज एक का शेष

## गुजरात में...

कहा, उन्होंने (प्रधानमंत्री मोदी) बचाव अभियान के लिए दलों को तत्काल तैनात करने को कहा है। उन्होंने स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने और प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने को कहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनकी संवेदनाएं एवं प्रार्थनाएं गुजरात के मोरबी में पुल हादसे में प्रभावित लोगों के साथ हैं। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि राहत और बचाव के प्रयासों से पीड़ितों को राहत मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहाकि प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य पूरी तत्परता से कर रहा है।

## दक्षिण कोरिया...

दिया। संबोधन के बाद राष्ट्रपति ने घटनास्थल का दौरा भी किया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, एओल ने मौके पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। आपातकालीन कर्मियों और राहगीरों ने राजधानी के इटेवन जिले में शनिवार को मची भगदड़ के बाद सड़कों पर पड़े लोगों की मदद की। इटेवन में पर्यटन को बढ़ावा देने में लगे एक एनजीओ की अधिकारी किम मी सुंग ने शनिवार की घटना को याद करते हुए कहा, जो हुआ, मैं उस पर अब भी विश्वास नहीं कर पा रही हूं। यह एक नरक की तरह था। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आंशका है क्योंकि 39 घायलों की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि इस घटना में जान गंवाने वालों में 97 महिलाएं और 56 पुरुष थे। सियोल के योंगसन अग्निशमन विभाग के प्रमुख चोई सेओंग-बीओम के अनुसार, मृतकों और घायलों में ज्यादातर किशोर और 20-30 वर्ष के आसपास की आयु के युवा शामिल हैं।मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मृतकों में 20 विदेशी भी हैं, जो चीन, रूस, ईरान और अन्य देशों के नागरिक थे। मृतकों में एक अमेरिकी नागरिक भी शामिल है।

## रक्षा व...

मील का पत्थर बताया। इन विमानों का उत्पादन टाटा समूह और यूरोप की एयरोस्पेस कंपनी एयरबस का गठजोड़ करेगा। देश में यह अपनी तरह की पहली परियोजना है जिसमें एक सैन्य विमान का विनिर्माण निजी कंपनी की तरफ से किया जाएगा। टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने कहा, यह न केवल टाटा समूह के लिए बल्कि देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि यह भारत को वास्तव में आत्मनिर्भर देश बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है। एयरबस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गिलाउम फाउरी ने कहा कि उनकी कंपनी भारत में एयरोस्पेस के लिए ऐतिहासिक क्षण में एक भूमिका निभाने को लेकर सम्मानित महसूस कर रही है। उन्होंने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा, एयरबस की हमारी टीम सी-295 कार्यक्रम के साथ भारतीय वायु सेना के आधुनिकीकरण में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो देश में निजी रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के विकास में भी योगदान देगा। इस संयंत्र में बनने वाले इन मध्यम दर्जे के परिवहन विमानों की आपूर्ति भारतीय वायुसेना को की जाएगी।

## निर्माण गतिविधियों...

का इस्तेमाल करे। डीजल से चलने वाली बसें दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर प्रदूषण का स्तर बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं, इन्हें रोकें। पर्यावरण मंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विशेषज्ञों ने पूर्वानुमान जताया है कि एक नवंबर से हवा की गति एवं दिशा में बदलाव आने से अनुकूल मौसमी दशाओं के चलते दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच जाएगी। इसलिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पाबंदियां लागू की जाएं, ग्रैप के तृतीय चरण के तहत निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर रोक लगाना शामिल है। मंत्री ने कहा कि हमने राजधानी की सभी निर्माण एजेंसियों और संबंधित सरकारी विभागों के साथ बैठक की है, जिनमें लोकनिर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), रेलवे, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) शामिल हैं। बैठक में निर्णय लिया गया है कि शहर में निर्माण कार्य और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर पाबंदी सख्ती से लागू होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक मजबूत निगरानी प्रणाली विकसित की है, ताकि निर्देशों का अनुपालन कराया जा सके और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के सहयोग से कुल 586 टीम का गठन किया गया है।

## राजधानी में...

की बढ़ती संख्या एक खतरनाक स्थिति हो सकती है। पंजाब रिमोट सेंसिंग डेटा के अनुसार, रविवार को संगरूर में पराली जलाने की 323 घटनाएं दर्ज की गईं, जो राज्य में सर्वाधिक है। इसके बाद, पटियाला में 249, तरनतारन में 110 घटनाएं दर्ज की गईं।

## सीएए पर...

ललित, न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ के समक्ष केवल सीएए के मुद्दे पर 31 अक्टूबर को 232 याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं, जिनमें ज्यादातर जनहित याचिकाएं हैं। इससे पहले, न्यायमूर्ति ललित की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि सीएए को चुनौती देने वाली याचिकाओं को तीन-न्यायाधीशों की पीठ को भेजा जाएगा। इस मुद्दे पर मुख्य याचिका इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने दायर की थी। शीर्ष अदालत ने जनवरी 2020 में स्पष्ट किया था कि वह केंद्र की बात सुने बिना सीएए के क्रियान्वयन पर रोक नहीं लगाएगी। सीएए को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगते हुए शीर्ष अदालत ने देश के उच्च न्यायालयों को इस मुद्दे पर लंबित याचिकाओं की सुनवाई पर रोक लगा दी थी। याचिका दायर करने वाले अन्य महत्वपूर्ण लोगों में कांग्रेस नेता जयराम रमेश, राजद नेता मनोज झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल हैं।

## सैनिकों को...

है। इस संघर्ष में भारतीय सैनिकों को घातक चोट पहुंचाने के लिए चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों पर क्रूर हमले करने के लिए पत्थरों, कील-जड़ी हुई लाठियों, लोहे की छड़ों और क्लबों का इस्तेमाल किया था। नई निरस्त्र लड़ाकू रणनीति में नए रंगरूटों के लिए बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के साथ-साथ पहले से सेवारत कर्मियों के लिए अभ्यास पाठ्यक्रम के रूप में 15-20 युद्धाभ्यास शामिल होंगे। आईटीबीपी में कुल 98,000 जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि निरस्त्र युद्ध तकनीक सैनिकों को अपनी शारीरिक ताकत को इस तरह से इस्तेमाल करने के लिए सशक्त बनाएगी कि वे दुश्मन सैनिक को घातक मुक्का मार कर वहीं ढेर कर सकें। बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 44 सप्ताह तक चलेगा, जबकि अभ्यास पाठ्यक्रम 24 सप्ताह का निर्धारित किया गया है। कमांडेंट स्तर तक के सभी रैंक के लिए दोनों प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अनिवार्य किए गए हैं। नए प्रशिक्षण मॉड्यूल में जूडो, कराटे और क्राव मागा जैसी विभिन्न मार्शल आर्ट तकनीकों को अपनाया गया है। क्राव मागा एक इजरायली मार्शल आर्ट, जो ऐकिडो, मुक्केबाजी और कुश्ती में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकों के संयोजन से ली गई है। इसके अलग-अलग 15 से 20 युद्धाभ्यास हैं। इन तकनीकों में विरोधी को घूंसा मारना, लात मारना, फेंकना, जाम कर देना, वहीं जकड़ना आदि शामिल हैं। सीमा सुरक्षा बल में शामिल होने से पहले नए रंगरूटों को पंचकुला के भानु में बेसिक ट्रेनिंग सेंटर (बीटीसी) में मार्शल आर्ट के तीन महीने के प्रशिक्षण से गुजरना होगा।

## भाजपा प्रत्याशियों...

सहित अन्य पार्टी सहयोगियों की मौजूदगी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ शनिवार की रात लंबी बैठक के बाद उन्होंने यह निर्णय लिया। पासवान ने इस सवाल को टाल दिया कि क्या उन्होंने अपने चाचा पशुपति कुमार पारस, जिनके पिछले साल विद्रोह के कारण लोक जनशक्ति पार्टी में विभाजन हुआ था, को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से निष्कासित करने की मांग को छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि प्रचार समाप्त होने में केवल दो दिन शेष हैं, लेकिन उनकी पार्टी भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेगी। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने चिराग पासवान को राजग का सहयोगी बताते हुए शुक्रवार को कहा था कि वे मोकामा एवं गोपालगंज विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। उन्होंने चिराग के बारे में बताया था कि वे 31 अक्टूबर को मोकामा एवं एक नवंबर को गोपालगंज मैं चुनाव प्रचार में भाग लेंगे। चिराग ने जदयू पर अपना प्रहार जारी रखते हुए कहा, मैंने हमेशा माना है कि नीतीश कुमार के पास मेरे गृह राज्य को पिछड़ेपन के दलदल से बाहर निकालने की कोई दूरदृष्टि नहीं है।

# सौर, अंतरिक्ष क्षेत्र में कमाल कर रहा है भारत : प्रधानमंत्री

**मन की बात**

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने रविवार को कहा कि भारत सौर ऊर्जा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में कमाल कर रहा है तथा पूरी दुनिया उसकी उपलब्धियां देखकर हैरान है। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की हाल में अंतरिक्ष में 36 उपग्रहों को एक साथ स्थापित करने की सफलता का जिक्र किया और इसे देश के युवाओं की ओर से दिवाली का विशेष तोहफा बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रक्षेपण के साथ ही देशभर में डिजिटल संपर्क और मजबूत हो जाएगा तथा दूरस्थ इलाकों को भी भारत के शेष हिस्सों से अधिक आसानी से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने इसे अपनी सरकार के आत्म-निर्भरता पर जोर देने का एक सफल उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा, जब देश आत्म-निर्भर होता है तो वह कैसे सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचता है, यह इसका भी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत को कभी क्रायोजेनिक रॉकेट तकनीक देने से इनकार कर दिया गया था, लेकिन इसके वैज्ञानिकों ने देश में ही यह तकनीक विकसित कर दी। अब इसकी मदद से दर्जनों उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे देश वैश्विक वाणिज्यिक बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी बनकर उभरा है तथा नए अवसर पैदा हो गए हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोले जाने के कारण कई युवाओं के स्टार्टअप इसमें शामिल हो रहे हैं तथा इससे क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

मोदी ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प के साथ काम कर रहा है और यह सभी के प्रयासों से ही अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा, भारतीय उद्योग और स्टार्टअप नए नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों को इस क्षेत्र में लाने में जुटे हैं। खासतौर पर इस क्षेत्र में इन-स्पेस के साथ भागीदारी से बहुत असर पड़ने वाला है। प्रधानमंत्री ने इस संदर्भ में छात्रों की शक्ति की भी प्रशंसा की और कहा कि इसे महज छात्र संघ की राजनीति तक ही सीमित नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र शक्ति ही भारत को शक्तिशाली बनाने का आधार है। उन्होंने कहा, जिस तरह हमारे युवा हैकाथॉन्स में समस्याएं हल करते हैं और रात-रात भर जागकर घंटों काम करते हैं, वह बहुत ही प्रेरणा देने वाला है। हाल के वर्षों में हुई हैकाथॉन में देश के लाखों युवाओं ने कई चुनौतियों को पार किया और देश को नए समाधान दिए।

मोदी ने कहा कि 14-15 अक्टूबर को सभी 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) अपने नवाचार तथा अनुसंधान परियोजनाएं दिखाने के लिए पहली बार एक मंच पर आए तथा देशभर से छात्रों एवं अनुसंधानकर्ताओं ने 75 से अधिक उत्कृष्ट परियोजनाएं दिखाईं। उन्होंने कुछ की जानकारियां देते हुए कहा कि इसमें स्वास्थ्य देखभाल, खेती, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, 5जी संचार जैसे विषयों पर परियोजनाएं बनाई गईं। कई आईआईटी संस्थान बहुभाषी परियोजना पर भी एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जो स्थानीय भाषाएं सीखने के तरीकों को आसान बनाती है। उन्होंने कहा कि इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपना लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने लोगों को छठ पर्व की बधाई देते हुए कहा कि इसका प्रकृति से गहरा जुड़ाव है तथा इसमें डूबते एवं उगते सूर्य की उपासना की जाती है। भारत जिस तरीके से सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहा है वह भी सूर्य देव का आशीर्वाद है। पूरी दुनिया पर्यावरण अनुकूल सौर ऊर्जा में अपना भविष्य देख रही है। मोदी ने कहा, भारत, आज अपने पारंपरिक अनुभवों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ रहा है। तभी आज हम सौर ऊर्जा से बिजली बनाने वाले सबसे बड़े देशों में शामिल हो गए हैं। सौर ऊर्जा से कैसे हमारे देश के गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन में बदलाव आ रहा है, यह भी अध्ययन का विषय है।

पीएम कुसुम योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे लोगों ने इसका फायदा उठाकर न केवल अपने बिजली का बिल कम किया, बल्कि इससे वे धन और कुछ मामलों में रोजगार भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने भारत के पहले सौर गांव गुजरात के मोढेरा के निवासियों से भी बात की और कहा कि ज्यादातर निवासियों ने सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, वह दिन दूर नहीं है जब भारत में सूर्यग्रामों का निर्माण बहुत बड़ा जनांदोलन बनेगा और इसकी शुरुआत मोढेरा गांव के लोग कर ही चुके हैं।

मोदी ने कहा कि सूर्य देव की उपासना की परंपरा इस बात का सबूत है कि हमारी संस्कृति और आस्था का प्रकृति से कितना गहरा जुड़ाव है। उन्होंने कहा, छठ का पर्व हमारे जीवन में स्वच्छता के महत्व पर भी जोर देता है। इस पर्व के आने पर सामुदायिक स्तर पर सड़क, नदी, घाट, पानी के विभिन्न स्त्रोतों, सबकी सफाई की जाती है। छठ का पर्व एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी उदाहरण है। आज बिहार और पूर्वांचल के लोग देश के जिस भी कोने में हैं, वहां धूमधाम से छठ का आयोजन हो रहा है। उन्होंने 31 अक्टूबर को वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर रन फॉर यूनिटी आयोजित किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह दौड़ देश में एकता के सूत्र को मजबूत करती है और हमारे युवाओं को प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल में राष्ट्रीय खेलों के दौरान भी ऐसी ही भावना देखी गई। उन्होंने कहा कि जुड़ेगा इंडिया तो जीतेगा इंडिया थीम के साथ ही राष्ट्रीय खेलों ने जहां एकता का मजबूत संदेश दिया, वहीं भारत की खेल संस्कृति को भी बढ़ावा देने का काम किया है।

## कुलपतियों पर कार्रवाई में कोई विवाद नहीं कानून का पालन कर रहा हूं: राज्यपाल

**नई दिल्ली, तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य के 11 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के खिलाफ अपनी कार्वाई का बचाव करते हुए रविवार को कहा कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में केवल अपना संवैधानिक कर्तव्य निभा रहे हैं। खान ने कहा कि उनके द्वारा उठाए गए कदमों के पीछे कोई अन्य इरादा या विवाद नहीं है, क्योंकि वह केवल शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित कानून को लागू कर रहे हैं। वह छोटे-छोटे झगड़ों पर समय बर्बाद नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने 21 अक्टूबर को एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विवि की कुलपति की नियुक्ति को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) के अनुसार, राज्य द्वारा गठित खोज समिति को कुलपति पद के लिए इंजीनियरिंग विज्ञान क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों के बीच से कम से कम तीन उपयुक्त व्यक्तियों के एक पैनल की सिफारिश करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय उसने केवल एक ही नाम भेजा। खान ने वर्ल्ड मलयाली फेडरेशन द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इसके अलावा शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि कुलपतियों की नियुक्ति से जुड़े यूजीसी के नियमों के मुताबिक खोज या चयन समिति में गैर-शैक्षणिक सदस्य नहीं होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जहां उनके विचार से कुछ गलत या राज्य के लोगों के हितों के खिलाफ नजर आएगा और उनके पास यदि उस मामले में हस्तक्षेप की शक्ति नहीं होगी, तो वह इसे जनता के सामने लाएंगे। फिर जनता तय कर सकती है कि उन्हें क्या करना है। खान ने उदाहरण देते हुए कहा कि केरल में मंत्रियों के पास अपने निजी कर्मचारियों में 25 लोगों को नियुक्त करने की शक्ति है, जो दो साल की सेवा पूरी करने पर आजीवन पेंशन के हकदार हो जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि हर दो साल के बाद 25 लोगों को नियुक्त किया जाता है और इस तरह से एक मंत्री के चार साल के कार्यकाल के दौरान 50 पार्टी कार्यकर्ता आजीवन पेंशन के हकदार हो जाते हैं।



बीकानेर में पूर्व आर्मी के जवान अभ्यास करते हुए।

## सी-295 परिवहन विमान विनिर्माण केंद्र का शिलान्यास रक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर: राजनाथ

**वडोदरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए सी-295 परिवहन विमान के उत्पादन के वास्ते गुजरात के वडोदरा शहर में एक विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखना रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता की यात्रा में मील का पत्थर है। सिंह ने वडोदरा में विमान विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखे जाने से पहले यह कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखी। विमान का विनिर्माण यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी एयरबस और टाटा समूह के एक कंसोर्टियम (संघ) द्वारा किया जाएगा। यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें एक निजी कंपनी द्वारा भारत में सैन्य विमान का विनिर्माण किया जाएगा।

पिछले साल सितंबर में, भारत ने एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ 21,935 करोड़ रुपए का सौदा किया था, जिसके तहत भारतीय वायुसेना के पुराने एवरो-748 विमानों के स्थान पर 56 सी-295 विमान मिलने हैं। ए एवरो-748 विमान 1960 के दशक की शुरुआत में भारतीय वायुसेना में शामिल किए गए थे। सिंह ने कहा कि देश में पहली बार एक निजी कंपनी विमान विनिर्माण केंद्र स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। हमारे प्रधानमंत्री द्वारा आधारशिला रखी जा रही है। यह केवल आधारशिला नहीं है, बल्कि यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर देश की यात्रा में एक मील का पत्थर है।

रक्षा मंत्री ने टाटा समूह, एयरबस और परियोजना से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। सिंह ने कहा कि यहां बनने वाले सी-295 विमान में बेहतर क्षमता और वैश्विक मानक होंगे। अत्याधुनिक परिवहन विमान भारतीय वायु सेना की सैन्य साजो-सामान आपूर्ति क्षमताओं में भारी वृद्धि करेंगे। यह भी गर्व की बात है कि सभी 56 विमान भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित स्वदेशी युद्धक सामग्रियों से लैस होंगे। मंत्री ने कहा कि देश भर के सैकड़ों एमएसएमई भी इन विमानों के निर्माण के लिए पुर्जे उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि यह विनिर्माण केंद्र इस बात का उदाहरण है कि कैसे निजी कंपनी और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) सहयोगी प्रयासों के जरिए सशस्त्र बलों की जरूरतें पूरी कर सकते हैं। सिंह ने कहा, मुझे विश्वास है कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के रक्षा मंत्रालय के प्रयास न केवल हमारे सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे, बल्कि भारत को रक्षा उपकरणों और प्लेटफार्म का विशुद्ध निर्यातक भी बनाएंगे। सिंह ने न केवल वर्तमान आवश्यकताओं, बल्कि देश की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने के लिए मोदी को दूरदर्शी राजनेता करार दिया।

## बसवलिंगेश्वर स्वामी आत्महत्या मामले में महंत, युवती और वकील पकड़े गए

**रामनगर ( कर्नाटक )।** कर्नाटक के रामनगर स्थित कुंचागल बंदे मठ के महंत बसवलिंगेश्वर स्वामी के कथित आत्महत्या से संबंधित एक मामले में एक मठ के महंत और एक महिला सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। मगदी तालुक के केम्पुपुरा स्थित मठ के प्रमुख 24 अक्टूबर को मठ के परिसर में पूजा घर की खिड़की की जाली से लटके मिले थे। इस मठ का 400 से अधिक वर्षों का इतिहास है।

पुलिस ने कहा कि उन्हें महंत के कथित सुसाइड नोट के कुछ पन्ने मिले हैं जिसमें उन्होंने कुछ लोगों पर उन्हें परेशान करने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में उनके कुछ निजी वीडियो वायरल हुए थे। पुलिस के मुताबिक, उसने तीन वीडियो जब्त किए हैं। रामनगर के पुलिस अधीक्षक के. संतोष बाबू ने कहा, बंदे मठ के महंत की आत्महत्या मामले की जांच के दौरान, यह बात सामने आई कि 21 वर्षीय नीलाम्बिके उर्फ चंदू ने वीडियो बनाया था। वह दोड्डाबल्लापुरा में इंजीनियरिंग की द्वितीय वर्ष की छात्रा है। इसके अलावा, कन्नूर मठ के मृत्युंजय स्वामीजी और एक वकील महादेवैया भी शामिल है।

पुलिस अधिकारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि तीनों ने एक वीडियो की योजना बनाई थी क्योंकि उनका बंदे मठ के महंत के साथ किसी तरह की नाराजगी थी। उन्होंने कहा कि इसलिए, उन्होंने उन्हें बेनकाब करने का इरादा किया और वीडियो की सीडी बनाई और उसे कई लोगों को भेज दिया। चूंकि यह आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला है, इसलिए उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत गिरफ्तार किया गया है और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आगे की जांच जारी है। बाबू ने कहा, बताया जाता है कि इन व्यक्तियों ने फरवरी में योजना बनाई और अप्रैल में वीडियो बनाया।

## आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक चन्द्रशेखर भंडारी का निधन

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और कर्नाटक के पूर्व प्रांत प्रचार प्रमुख चन्द्रशेखर भंडारी का रविवार दोपहर एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। आरएसएस के अनुसार, 87 वर्षीय भंडारी ने अपराह्न करीब तीन बजे अंतिम सांस ली। भंडारी अखिल भारतीय साहित्य परिषद के पूर्व राज्य सांगठनिक सचिव, विश्व सम्वाद केन्द्र (वीएसके) के संस्थापक ट्रस्टी के अलावा लेखक और कवि भी थे। आरएसएस की ओर से जारी बयान के अनुसार, भंडारी के पार्थिव शरीर को कर्नाटक में आरएसएस मुख्यालय केशव कृपा में सोमवार सुबह आठ से नौ बजे तक रखा जाएगा, ताकि लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। अंतिम संस्कार सुबह 10 बजे बनशंकरी श्मशान घाट पर किया जाएगा। आरएसएस के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबाले, क्षेत्रीय संघचालक वी. नागराज, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने भंडारी के निधन पर शोक जताया है।



अमृतसर के दुर्गियाना मन्दिर परिसर में छठ पूजा करती हुई महिलाएं।

## भारत समेत दुनिया के कई देशों में आठ नवंबर को पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखेगा

**भाषा।** कोलकाता

**दिवाली** के अगले दिन आंशिक सूर्य ग्रहण के लगभग एक पखवाड़े बाद भारत और दुनिया के कई अन्य देशों में आठ नवंबर को पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। प्रसिद्ध खगोल विज्ञानी देबी प्रसाद दुआरी ने यह जानकारी दी। दुआरी ने कहा कि भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और रूस के अलावा एशिया के कई अन्य हिस्सों, उत्तर व दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी अटलांटिक महासागर व प्रशांत महासागर क्षेत्र के लोग इस खगोलीय घटना का दीदार कर सकेंगे।

दुआरी ने कहा कि पूर्ण चंद्र ग्रहण हर जगह नहीं दिखाई देगा और शुरुआत में लातिन अमेरिका के कुछ देशों में आंशिक चंद्र ग्रहण नजर आएगा। उन्होंने कहा कि आठ नवंबर को भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 39 मिनट पर चंद्र ग्रहण शुरू होगा और लगभग तीन बजकर 46 मिनट पर यह पूर्ण चरण में पहुंच जाएगा। साढ़े चार बजे के आसपास चंद्रमा पूरी तरह से पृथ्वी की छाया से ढक जाएगा। दुआरी ने बताया कि पूर्ण ग्रहण पांच बजकर 11 मिनट पर समाप्त हो जाएगा, जबकि आंशिक ग्रहण शाम के छह बजकर 19 मिनट के आसपास खत्म होगा।

उन्होंने कहा, भारत के सभी हिस्सों में ग्रहण चंद्रोदय के समय से दिखाई देगा, लेकिन आंशिक और पूर्ण, दोनों ही रूपों के प्रारंभिक चरण नहीं दिखाई देंगे, क्योंकि दोनों घटनाएं तब शुरू होंगी, जब देश में चंद्रमा हर जगह क्षितिज से नीचे होगा। दुआरी ने बताया कि कोलकाता सहित पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों के लोग पूर्ण चंद्र ग्रहण के गवाह बन सकेंगे, जबकि देश के बाकी हिस्सों में लोगों को केवल ग्रहण का आंशिक चरण और उसमें होने वाली प्रगति दिखाई देगी। कोलकाता शहर में चंद्रमा पूर्वी क्षितिज से लगभग चार बजकर 52 मिनट पर निकलना शुरू होगा और इसके दो मिनट बाद पूरी तरह से दिखाई देगा। दुआरी ने बताया कि नई दिल्ली में चंद्रोदय के बाद लगभग साढ़े पांच बजे से आंशिक ग्रहण देखा जा सकेगा, जिसमें चंद्रमा 66 प्रतिशत ढका नजर आएगा। उन्होंने कहा कि भारत में अगला पूर्ण चंद्र ग्रहण सात सितंबर 2025 को दिखाई देगा।

## टीआरएस के 20-30 विधायकों को खरीदने व सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही भाजपा: केसीआर

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में सत्तारूढ़ टीआरएस के 20-30 विधायकों को खरीदने और उनकी सरकार गिराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के दलालों ने मौजूदा विधायकों को 100-100 करोड़ रुपए की पेशकश की। मुनुगोड़े विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि हालांकि, असली भूमि पुत्र विधायकों ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। पलटवार करते हुए भाजपा ने कहा कि विधायकों की कीमत 100 करोड़ रुपए नहीं है और जोर दिया कि टीआरएस सरकार को गिराने का उसका कोई इरादा नहीं है। केसीआर के नाम से मशहूर राव ने आरोप लगाया, आपने कल देखा। (भाजपा सोचती है कि) केसीआर ऊंची आवाज में बोल रहे हैं। आइए उनका (राजनीतिक) अंत देखते हैं। उन्होंने प्रत्एक विधायक को 100 करोड़ रुपए में खरीदने के लिए दलाल भेजे हैं। वे 20-30 विधायकों को खरीदना चाहते थे और केसीआर की सरकार गिराना चाहते थे तथा तेलंगाना की सत्ता पर कब्जा करना चाहते थे, ताकि वे अपनी इच्छा के अनुसार निजीकरण लागू कर सकें। मुख्यमंत्री का यह बयान टीआरएस के चार विधायकों को प्रलोभन देने की कोशिश करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के एक दिन बाद आया है।

## कांग्रेस, नेहरू ने भारत को विभाजित किया: शिवराज

**कलबुर्गी ( कर्नाटक )।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस पर देश को विभाजित करने का आरोप लगाया और जानना चाहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी भारत जोड़ो यात्रा का लक्ष्य किसे जोड़ना है? उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा कर्नाटक में एक बार फिर सत्ता में आएगी। चौहान ने कहा, एक तरफ नरेंद्र मोदी हैं जो देश के लिए काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ राहुल बाबा (राहुल गांधी) हैं जो भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। राहुल गांधी हमें बताएं- भारत तोड़ो किसने किया? जल्द से जल्द सत्ता पाने की चाहत में 1947 में अगर किसी ने देश का बंटवारा किया तो वह पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस थी। भाजपा के पिछड़ा वर्ग की विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस के ही लोग हैं जिन्होंने भारत को विभाजित किया, लेकिन आज वे भारत जोड़ने की बात कर रहे हैं।

रैली में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं संसदीय बोर्ड के सदस्य बी. एस. एदियुरप्पा, प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतील, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी समेत कई नेता मौजूद थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में एक तरफ भाजपा है जहां एक बहुत ही साधारण परिवार का व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री बन सकता है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस है जो एक परिवार की पार्टी है। कांग्रेस अब मल्लिकार्जुन खरगे को अपना अध्यक्ष बनाने के बारे में शेखी बघार रही है, लेकिन अनुभवी नेता सिर्फ बलि का बकरा बनाए गए हैं। आरोप लगाया, सोनिया गांधी और राहुल गांधी अच्छी तरह जानते हैं कि कांग्रेस कभी भी खत्म हो जाएगी, वे चुनाव नहीं जीत सकते, इसलिए उन्होंने खरगे को बलि का बकरा बनाने के लिए पार्टी का अध्यक्ष बनाया है।

चौहान ने कटाक्ष करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब कांग्रेस भारत जोड़ो की बात कर रही है, पार्टी के लोग कांग्रेस छोड़ो के मूड में हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत को नजर डालिए, कांग्रेस पार्टी कहीं नहीं है और जहां यह बची है, वहां वह छोटे समूह में या धड़े में है। कर्नाटक में भी कांग्रेस बंटी हुई है, जिसमें एक धड़े का नेतृत्व डी के शिवकुमार (केपीसीसी प्रमुख), दूसरे का नेतृत्व सिद्धारमैया (सीएलपी नेता) और अन्य का नेतृत्व मल्लिकार्जुन खरगे कर रहे हैं। ओबीसी समुदायों के कल्याण के लिए कांग्रेस ने जो किया उस पर सवाल उठाते हुए चौहान ने कहा कि यह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, वीपी सिंह के नेतृत्व वाली सरकार थी जिसमें भाजपा के नेता थे। इनके नेतृत्व में समुदाय के लिए अच्छी चीजें होने लगीं और यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है जिसने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को संवैधानिक दर्जा दिया। उन्होंने राज्य और केंद्र में भाजपा सरकार के तहत ओबीसी समुदाय को शिक्षा में उच्च आरक्षण और बजटीय आवंटन में वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उस पर उन्हें गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के अत्याचार और अन्याय बढ़े तो मोदी ईश्वर के आशीर्वाद के रूप में आए।

## रॉबर्ट वाद्रा ने राहुल गांधी की तुलना साईंबाबा से की

**शिरडी ( महाराष्ट्र )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जीजा और व्यवसाई रॉबर्ट वाद्रा ने रविवार को यहां कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देश में बदलाव देखने को मिलेगा क्योंकि हजारों लोग इससे जुड़ रहे हैं और उन्हें भविष्य की उम्मीद के तौर पर देख रहे हैं। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी शहर में प्रसिद्ध साईं बाबा मंदिर में पूजा करने के लिए आए वाद्रा ने यह भी कहा कि राहुल गांधी की सोच आध्यात्मिक नेता (साईं बाबा) के समान है, जिन्होंने एकता का प्रचार किया, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं कहा।

भारत जोड़ो यात्रा पर उन्होंने कहा, राहुल गांधी कई जगहों पर जा रहे हैं और हजारों लोगों से मिल रहे हैं। ए लोग बड़ी संख्या में उनसे जुड़ रहे हैं। भविष्य में बदलाव आएगा क्योंकि राहुल गांधी लोगों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा, सरकार (केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली) हमारी विफलताओं के बारे में बात करेगी। वे पार्टी (कांग्रेस) का मजाक उड़ाएंगे, लेकिन राहुल, प्रियंका (गांधी वाद्रा) नहीं रुकेंगे। हम लोगों के बीच हैं और उनके लिए एकजुट होकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार को लोगों का अपार प्यार मिल रहा है और नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) जनता की मदद करने का प्रयास करेंगे।

पुरानी प्रतिष्ठित पार्टी छोड़ने की सोच रखने वालों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा, जो छोड़ना चाहते हैं वे जा सकते हैं, लेकिन जो रहेंगे वे सोनिया गांधी के बलिदान और राहुल एवं प्रियंका के प्रयासों को समझेंगे। वाद्रा ने यहां मंदिर में पूजा करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि साईं बाबा ने एकता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा, मौजूदा वक्त में हमारा देश बहुत संकट का सामना कर रहा है। राहुल गांधी की सोच साईं बाबा के समान है। आशा है कि उन्हें आशीर्वाद (संत का) मिलेगा।

## आरएसएस असली कॉफी, भाजपा तो केवल ऊपर दिख रही उसकी झाग है: प्रशांत किशोर

**पटना।** राजनीतिक रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर ने रविवार को भाजपा-आरएसएस गठजोड़ की तुलना एक कप कॉफी से की जिसमें भगवा पार्टी उपर में झाग की तरह है और उसके मूल में ((नीचे) आरएसएस है। अपने जन सुराज अभियान के तहत दो अक्टूबर से शुरू बिहार की 3500 किलोमीटर लंबी पदयात्रा कर रहे किशोर ने पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया में आज एक सभा का संबोधित किया। उन्होंने अफसोस जताया कि उन्हें यह महसूस करने में काफी समय लगा कि नाथूराम गोडसे की विचारधारा को गांधी की कांग्रेस को पुनर्जीवित करके ही हराया जा सकता है और यह बेहतर रहा होता कि मैं नीतीश कुमार और जगन मोहन रेड्डी जैसे लोगों की मदद करने के बजाय उस दिशा में काम करता।

आईपैक के संस्थापक किशोर, जो नरेंद्र मोदी के रथ को रोकने में एकजुट विपक्ष की प्रभावशीलता पर संदेह करते रहे हैं, ने जोर देकर कहा कि जब तक कोई यह नहीं समझता कि भाजपा देश में है क्यों, तब तक कोई उसे हरा नहीं सकता। उन्होंने कहा, आपने कभी एक कप कॉफी को देखा है, सबसे ऊपर झाग रहता है। भाजपा जो आपको दिखती है उसके झाग की तरह है। उसके नीचे की काफी आरएसएस है जिसकी गहरी संरचना है। किशोर ने कहा कि सालों मेहनत कर आरएसएस ने समाज के भीतर अपनी विचारधारा को जमीन पर उतार दिया, अब आप जितना भी हाथ-पांव मारिएगा वह निकलने वाला नहीं है। उसके लिए मेहनत करनी होगी। यह संकल्प लेकर चलना होगा कि चाहे 10-15 साल लग जाएं, लेकि इसके विरोध में मजबूती से लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

राजनीतिक रणनीतिकार किशोर को पहली प्रसिद्धि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के चुनाव अभियान को संभालने से हासिल हुई थी, जिसने भाजपा को अपने दम पर बहुमत हासिल करने में मदद की थी। किशोर जो कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी लगातार निशाना साधते रहे हैं। नीतीश कुमार की पार्टी जदयू उन पर भाजपा का एजेंट होने का आरोप लगाती रही है। किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार के बार-बार बुलाने के बाद भी वे जदयू के साथ नहीं गए। उन्होंने इसका कारण बताते हुए कहा, जदयू का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहते हुए जब मुझे पता चला कि मेरी पार्टी ने सीएए-एनआरसी के पक्ष में वोट किया है तो मैंने नीतीश कुमार से पूछा की ऐसा क्यों है। तब नीतीश कुमार ने कहा कि मैं दौरे पर था मुझे पता नहीं लगा, मगर हम इसे बिहार में लागू नहीं होने देंगे। मैं तभी समझ गया की ऐसे आदमी के साथ काम करना सम्भव नहीं है और भाजपा को रोकने पश्चिम बंगाल की लड़ाई में कूद गया।

# रूस ने यूक्रेन के साथ अनाज सौदे को निलंबित किया

● वैश्विक चिंताएं बढ़ीं

भाषा। कीव



**अमेरिकी राष्ट्रपति जो** बाइडन ने चेतावनी दी है कि संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से यूक्रेन के अनाज का निर्यात करने के समझौते को रूस द्वारा निलंबित करने से वैश्विक भुखमरी बढ़ेगी। डेलवेयर के विल्मिंगटन में बाइडन ने कहा, यह वाकई अपमानजनक है। वे क्या कर रहे हैं, उसका कोई मतलब नहीं है। रूस ने घोषणा की थी कि वह समझौते के क्रियान्वयन को तत्काल रोक देगा। उसने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने शनिवार को रूस के काला सागर बेड़े के जहाजों पर ड्रोन से हमला किया था। इस समझौते की वजह से 397 जहाजों के जरिए यूक्रेन से 90 लाख टन से अधिक अनाज का निर्यात हुआ था और वैश्विक स्तर पर खाद्य कीमतों में कमी आई थी। इसका नवीनीकरण नवंबर में होना था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि इस फैसले का अनुमान पहले ही लगाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि रूस सितंबर से ही जानबूझकर खाद्य संकट बढ़ा रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि इस समय अनाज से भरे करीब 176 जहाजों को यूक्रेन के बंदरगाहों से निकलने से रोका गया। यह 70 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के लिए भोजन है। ऐसा क्यों है कि क्रेमलिन में कहीं बैठे हुए मुट्ठीभर लोग फैसला कर सकते हैं कि मिस्र या बांग्लादेश में लोगों को भोजन मिलेगा या नहीं। रूस के इस कदम की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हो रही है। यूरोपीय संघ विदेश नीति के प्रमुख जोसेफ बोरेल ने रविवार को एक ट्वीट में रूस से उसके फैसले को बदलने को कहा।संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि वैश्विक संस्था रूस के अधिकारियों के साथ संपर्क में है और यह जरूरी है कि सभी पक्ष अनाज संबंधी गतिविधियों को बाधित करने वाली कार्वाई से बचें। मास्को ने इस महीने की शुरुआत में यूक्रेन के विद्युत संयंत्रों, जलाशयों और अन्य महत्वपूर्ण केंद्रों पर मिसाइल और ड्रोन हमले तेज कर दिए थे।

## फिलीपीन में तूफान को सुनामी समझ बैठे एक गांव के निवासी, दर्जनों की गई जान

भाषा। मनीला

**फिलीपीन** के कुसियोंग गांव के निवासी देश में भारी तबाही मचाने वाले तूफान को सुनामी समझ बैठे, जिसके चलते वे पहाड़ की तरफ ऊंचे स्थान की ओर दौड़ पड़े और फिर वहीं जिंदा दफन हो गए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांववालों को यह गलतफहमी इसलिए हुई, क्योंकि कुसियोंग इससे पहले विनाशकारी सुनामी का सामना कर चुका है। उत्तर-पश्चिमी तट पर भारी तबाही मचाने वाले नालगे नामक उष्णकटिबंधीय तूफान से सबसे अधिक प्रभावित हिस्सों में शामिल दक्षिणी प्रांत मैग्विनडानाओ के कुसियोंग गांव में दूर-दूर तक लगे कीचड़ के अंबार से बचावकर्ता अब तक कम से कम 20 शव निकाल चुके हैं, जिनमें बच्चों के शव भी शामिल हैं। पूर्व गुरिल्ला अलगाववादियों द्वारा शासित मुस्लिम स्वायत्त क्षेत्र के गृह मंत्री नजीब सिनारिंबो ने कहा, अधिकारियों को बृहस्पतिवार की देर रात कुसियोंग गांव में 80 से 100 लोगों के दफन होने या बाढ़ के पानी में बहने की आशंका है। नालगे के दौरान फिलीपीन में भारी बारिश हुई, जिसके कारण कम से कम 73 लोगों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में कुसियोंग गांव के लोग भी शामिल हैं। साथ ही यह तूफान आपदा के लिहाज से सबसे संवेदनशील देशों में शुमार फिलीपीन में भारी तबाही का मंजर छोड़ गया। टेडुरे जातीय अल्पसंख्यकों की घनी आबादी वाले कुसियोंग गांव के लिए यह आपदा और भी दुखद है, क्योंकि इसके 2,000 से अधिक ग्रामीण सुनामी से बचने के लिए दशकों से हर साल आपदा प्रबंधन की तैयारियां करते रहे हैं। यह गांव सुनामी के कारण घातक तबाही का गवाह रह चुका है। सिनारिंबो ने कहा कि ग्रामीण हालांकि मिनंदर पर्वत से आए इस खतरे को भांप नहीं पाए।



सोमालिया के मोगादिशू में एक व्यस्त जंक्शन पर दोहरे कार बम हमले के एक दिन बादए विनाश के बीच लोग चलते हुए, सोमालिया के राष्ट्रपति का कहना है कि शनिवार के हमलों में कई लोग मारे गए थे और देश में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है

## सोमालिया में कार बम धमाकों में कम से कम 100 लोगों की मौत

**मोगादिशु (सोमालिया)।** सोमालिया के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि शनिवार को राजधानी मोगादिशु में हुए दो कार बम धमाकों में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद ने रविवार तड़के एक घटनास्थल पर पत्रकारों से कहा कि धमाकों में लगभग 300 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने इन हमलों को बेहद क्रूर और कायरतापूर्ण कृत्य करार दिया। फिलहाल किसी समूह ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, सोमालिया सरकार ने इन हमलों के लिए अल-कायदा से जुड़े अल-शबाब आतंकवादी समूह को जिम्मेदार ठहराया है, जो राजधानी में अक्सर हमले करता रहा है। मोगादिशु में ए हमले उस दिन हुए, जब राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी अल-शबाब सहित अन्य आतंकवादी समूहों से निपटने के विस्तारित प्रयासों पर चर्चा करने के लिए बैठक कर रहे थे। पहला धमाका शिक्षा मंत्रालय की चारदीवारी के बाहर हुआ, जबकि दूसरे विस्फोट में एक व्यस्त रेस्तरां को निशाना बनाया गया। एम्बुलेंस सेवा के निदेशक अब्दुलकादिर अदन ने एक ट्वीट में कहा, पहले हमले में घायल लोगों की मदद करने वाली एक एम्बुलेंस भी दूसरे विस्फोट से नष्ट हो गई।

## चीन में शी के तीसरे कार्यकाल का जायजा ले रहा है बाइडन प्रशासन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन चीन के राष्ट्रपति के अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल का जायजा ले रहा है। ऐसे में जब अमेरिका-चीन के संबंधों में पहले से ही खटास है, वाशिंगटन में इसे लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं कि भविष्य में और दिक्कतें सामने आ सकती हैं। शी का चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी पर काफी प्रभाव है। यह कुछ वैसा ही है जो देश के नेता माओत्से तुंग का 1949 से लेकर 1976 में उनके निधन तक था। शी का चीन की सत्ता में प्रभाव ऐसे समय और मजबूत हुआ है, जब अमेरिका ने अपनी रक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतियों को अद्यतन किया है ताकि उसमें यह दर्शाया जा सके कि चीन अब अमेरिका का सबसे संभावित सैन्य और आर्थिक प्रतिद्वंद्वी है। बाइडन इसे लेकर काफी गर्व करते हैं कि शी के साथ उनके संबंध एक दशक से भी अधिक पुराने हैं, जब वह चीन के उपराष्ट्रपति थे। हालांकि, बाइडन का सामना ऐसे शी से है जो पहले से अधिक ताकतवर और चीन को एक सुपरपावर बनाने को लेकर प्रतिबद्ध दिखते हैं।

## इमरान ने हकीकी आजादी मार्च को बीच में छोड़ने की अफवाहों को खारिज किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार के साथ बातचीत के लिए शुक्रवार से शुरू हुए अपने हकीकी आजादी मार्च को बीच में छोड़ने की अफवाहों को शनिवार को खारिज किया। उन्होंने कहा कि जब तक अधिकारी मध्यावधि चुनाव की तारीख की घोषणा नहीं करेंगे, तब तक बातचीत की कोई संभावना नहीं है। शनिवार को रैली के दूसरे दिन प्रदर्शनकारी उस निर्धारित गंतव्य तक पहुंचने में विफल रहे, जहां इमरान अपने समर्थकों को संबोधित करने वाले थे। इमरान के रैली को बीच में छोड़ने की अफवाहें तब फैलीं, जब वह कारवां के काला शाह काकू पहुंचने पर लाहौर लौट गए। इमरान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के महासचिव असद उमर ने कहा कि इमरान एक बहुत महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने के लिए लाहौर रवाना हुए हैं। इमरान ने ट्विटर पर उन अफवाहों को खारिज किया कि लाहौर में पीटीआई और सरकार के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक हो रही है। पीटीआई प्रमुख ने ट्वीट किया, लाहौर में मेरी बैठक के बारे में अफवाहें फैलाने वाले सभी लोगों के लिए, हमारे लौटने का कारण यह था कि लाहौर करीब था और हमने पहले ही रात में वहां नहीं जाने का फैसला किया था।

## आंकड़ों की इतनी सेंधमारी क्यों, चोरी के डेटा का धंधा फल-फूल रहा

**विक्टोरिया (आस्ट्रेलिया)।** मेडिबैंक हैक की गंभीरता पर नए विवरण सामने आए हैं, जिसने अब सभी उपयोगकर्ताओं को प्रभावित किया है। ऑप्टस, मेडिबैंक, वूलवर्थ्स, और बिजली प्रदाता इनर्जी ऑस्ट्रेलिया, ए ऐसी घरेलू कंपनियां हैं जो डेटा सेंधमारी के शिकार हुए हैं। डेटा सेंधमारी की शिकार इन कंपनियों में इनर्जी आस्ट्रेलिया सबसे नया है जहां से शुक्रवार को आंकड़ों की चोरी हुई है। अगर ऐसा लगता है कि इस तरह की एक और घटना की खबर के बगैर मुश्किल से एक हफ्ता बीतता, तो आप सही होंगे। साइबर अपराध बढ़ रहा है - केवल पिछले महीने ही आस्ट्रेलिया के सात प्रमुख व्यवसाय आंकड़ों की सेंधमारी से प्रभावित हुए हैं।



द.कोरिया में होलोविन के दौरान हुए हादसे में मारे गए लोगों की याद में राष्ट्रीय ध्वज झुके रहे

# अमेरिकी विदेश मंत्री ने जयशंकर से यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर को फोन कर यूक्रेन युद्ध, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और अन्य क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच शनिवार को बातचीत हुई। इस दौरान जयशंकर ने ब्लिंकन को आतंकवाद के खिलाफ मजबूत और स्पष्ट संदेश के साथ-साथ 26।11 के मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के उनके आह्वान के लिए धन्यवाद दिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने शनिवार को दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत के बारे में कहा, ब्लिंकन और जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें आतंकवाद विरोधी सहयोग और यूक्रेन के खिलाफ रूस की निरंतर आक्रामकता का मुद्दा शामिल है। इससे पहले, जयशंकर ने शनिवार को ट्वीट किया था, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से बात करके अच्छा लगा। आतंकवाद और 26।11 की जवाबदेही पर कल उनके मजबूत और स्पष्ट संदेश के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। यूक्रेन संघर्ष और अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। ब्लिंकन ने शुक्रवार को मुंबई में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) के एक अनौपचारिक सत्र को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा था कि मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा नहीं देने से गलत संदेश जाएगा। ब्लिंकन ने कहा था, हम पर मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाने की जिम्मेदारी है, जिनमें उनके मास्टरमाइंड भी शामिल हैं।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका को विस्तार देना चाहता है अमेरिका : पेंटागन

**वाशिंगटन।** अमेरिका सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे व्यापक व स्थिर भूमिका निभाने मे भारत की मदद करेगा। पेंटागन के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। जनवरी 2021 मे सत्ता संभालने के बाद से बाइडन प्रशासन ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधो को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए है। वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, भारत तेजी से रक्षा आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रहा है। मेरा मानना है कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र मे सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है और उसकी इस भूमिका को हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे भी व्यापक रूप दिया जाना चाहिए। उन्होने कहा, अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हम भारत के साथ ऐसी साझेदारी करें।

## किंग चार्ल्स तृतीय ने दिवाली पर हिंदुजा बंधुओं को भेजा संदेश

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने भारतीय मूल के अरबपति उद्यमी हिंदुजा बंधुओं को दिवाली के अवसर पर विशेष संदेश भेजकर सभी आस्थाओं एवं समुदायों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। महाराजा चार्ल्स का यह संदेश उनके प्रमुख निजी सचिव सर क्लाइव एल्डर्टन ने हिंदुजा परिवार की तरफ से बुधवार को आयोजित दिवाली जश्न के दौरान दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की 300 से अधिक हस्तियां शामिल हुईं। हिंदुजा समूह के सह-चेयरमैन गोपीचंद हिंदुजा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए उन्हें दिवाली के त्योहार की महत्ता से अवगत कराया। इस मौके पर उन्होंने अपने बड़े भाई जी पी हिंदुजा की कमी का उल्लेख किया जिनकी तबियत ठीक नहीं है। हालांकि उनके दो छोटे भाई प्रकाश और अशोक हिंदुजा इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

# कर्ज देने वाली चीन की कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें राज्य : गृह मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह मंत्रालय** ने कर्ज देने वाले मोबाइल ऐप के खिलाफ कानून प्रतर्वन एजेंसियों को सख्त कार्वाई करने को कहा है क्योंकि चीन के नियंत्रण वाली इन कंपनियों के उत्पीड़न और पैसा वसूल करने के सख्त तरीकों की वजह से आत्महत्या की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि इस मुद्दे का राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा पर बड़ा गंभीर असर हो रहा है। इसमें कहा गया कि देशभर से बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि डिजिटल तरीके से कर्ज देने वाली गैरकानूनी ऐप विशेषकर कमजोर और निम्न आय वर्ग के लोगों को ऊंची ब्याज दरों पर कम अवधि के कर्ज या सूक्ष्म कर्ज देती है और इसमें छिपे शुल्क भी होते हैं। ए कंपनियां कर्जदारों के संपर्क, स्थान, तस्वीरों और वीडियो जैसे गोपनीय निजी डेटा का इस्तेमाल कर उनका उत्पीड़न करती हैं और उन्हें भयाक्रांत कर उनका दोहन (ब्लैकमेल) भी करती हैं।मंत्रालय ने कहा, कर्ज देने वाली इन गैरकानूनी कंपनियों के खराब रवैए के कारण देशभर में कई लोगों की जान चली गई है। इस मुद्दे का राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। कर्ज लेने वालों को इन ऐप को अपने संपर्क, स्थान और फोन की स्टोरेज तक अनिवार्य रूप से पहुंच देनी पड़ती है। मंत्रालय ने कहा कि इसी डेटा का दुरुपयोग किया जाता है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, जांच में यह पाया गया है कि यह एक संगठित साइबर अपराध है जिसे अस्थाई ईमेल, वर्चुअल नंबर, अनजाने लोगों के खातों, मुखौटा कंपनियों, भुगतान सेवा प्रदाताओं, एपीआई सेवाओं, क्लाउड होस्टिंग और क्रिप्टोकरंसी के जरिए अंजाम दिया जाता है।

### एफपीआई ने अक्टूबर में अबतक शेयर बाजार से 1,586 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय शेयर बाजारों से निकासी की रफ्तार अक्टूबर मे कुछ कम हुई है। सितंबर मे शेयरों से 7,600 करोड़ रुपए की निकासी करने के बाद इस महीने अबतक एफपीआई ने पूंजी बाजारों से 1,586 करोड़ रुपए निकाले है। एफपीआई ने अगस्त में शुद्ध रूप से 51,200 करोड़ रुपए की लिवाली की थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के पीएमएस प्रमुख के दिलीप ने कहा कि नवंबर मे एफपीआई का शुद्ध प्रवाह काफी हद तक इस आंकड़े के आसपास रहेगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने 28 अक्टूबर तक शेयरों से।,586 करोड़ रुपए की निकासी की है।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने विभागों, उद्योगों को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के विकल्प तलाशने को कहा

भाषा। रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के उद्योगों और सरकारी विभागों से एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और इसके विकल्प खोजने को कहा है। जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि इन निर्देशों के मुताबिक विभिन्न कार्यालय प्रमुखों से सरकारी कार्यालयों को एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक से मुक्त करवाने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा गया है। इसके लिए अधिकारियों से देश के अन्य राज्यों में लागू किए जा रहे सर्वश्रेष्ठ तौर-तरीके अपनाने को कहा गया है। एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए गठित कार्यबल के साथ राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने हाल ही में एक बैठक की थी। इसमें उन्होंने केंद्र से मिले दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया।

## रिलायंस कैपिटल के बोलीकर्ता निविदा में नया प्रावधान लाए जाने से चिंतित

भाषा। नई दिल्ली

**कर्ज में** डूबी कंपनी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) की समाधान प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही बोलीकर्ताओं ने चुनौती व्यवस्था लाए जाने समेत निविदा प्रक्रिया से जुड़े कई बिंदुओं पर चिंताएं जताई हैं।

सूत्रों के मुताबिक, ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) की तरफ से बोली प्रक्रिया में एक नया खंड चुनौती व्यवस्था लाए जाने के फैसले ने बोलीदाताओं को परेशान कर दिया है। इस व्यवस्था के तहत कर्जदाताओं को किसी भी समाधान योजना का मनचाहे ढंग से विरोध करने की अधिकार दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि बोलीदाता निविदा प्रक्रिया के अंतिम चरण में आकर इस नए खंड को लाए जाने पर चिंतित हैं। उनका मानना है कि समाधान योजना के लिए अनुरोध (आरएफआरपी) के दस्तावेज में इस व्यवस्था का कोई उल्लेख नहीं किया गया था। आरसीएल ने सभी बोलीदाताओं को दो विकल्प दिए थे। पहले विकल्प के तहत कंपनियां रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) और उसकी आठ अनुषंगी कंपनियां या क्लस्टर के लिए समेकित रूप से बोली लगा सकती हैं। वहीं दूसरे विकल्प के तहत आरसीएल की अपनी अनुषंगी कंपनियों के लिए अलग से बोली लगाने की छूट दी गई थी। आरसीएल के मातहत आठ कारोबार संचालित किए जाते रहे हैं जिनमें सामान्य बीमा, जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, प्रतिभूति व्यवसाय और परिसंपत्ति पुनर्निर्माण शामिल हैं। लेकिन बोली प्रक्रिया के अंतिम चरण में आकर चुनौती व्यवस्था का प्रावधान करने से नाराज हिंदुजा, ओकट्री और टॉरेंट जैसे बोलीदाताओं ने गंभीर सवाल उठाए हैं। इसके अलावा ऋणदाताओं की तरफ से इस नए खंड की रूपरेखा को अभी तक परिभाषित नहीं किए जाने से भी बोलीदाताओं के बीच भ्रम की स्थिति बनी है। दूसरी तरफ रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी (आरजीआईसी) के लिए बोली लगाने वाली कंपनियों ने इसके शेयरों को लेकर चिंता जताई है। सूत्रों के मुताबिक, आरजीआईसी के शेयर कर्जदाताओं के कब्जे में न होकर फिलहाल आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज (आईटीएसएल) के पास हैं। अक्टूबर की शुरुआत में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने आरसीएल की समाधान प्रक्रिया की समयसीमा को तीसरी बार बढ़ाते हुए 31 जनवरी, 2023 तक कर दिया।

## मारुति ब्रेक असेंबली में गड़बड़ी ठीक करने के लिए 9,925 वाहन बाजार से वापस लेगी

भाषा। नई दिल्ली

**देश की** प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) रियर ब्रेक असेंबली पिन में संभावित गड़बड़ी को दुरुस्त करने के लिए तीन मॉडल....वैगन आर, सेलेरियो और इग्निस की 9,925 इकाइयों को बाजार से वापस लेगी। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी है। प्रभावित वाहनों का विनिर्माण तीन अगस्त से एक सितंबर, 2022 के बीच हुआ है। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा, ऐसी आशंका है कि रियर ब्रेक अमेंबली पिन में कुछ खराबी है। कुछ स्थितियों में यह टूट सकता है और इससे आवाज आ सकती है। इससे लंबे समय में ब्रेक के प्रदर्शन पर भी असर पड़ सकता है। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों की सुरक्षा के मद्देनजर हमने प्रभावित वाहनों को बाजार से वापस लेने का फैसला किया है। कंपनी की अधिकृत वर्कशॉप इस बारे में ग्राहकों से संपर्क करेंगी। जांच के बाद प्रभावित वाहनों में गड़बड़ी को ठीक किया जाएगा।

# यूपीआई की तरह बीमा क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी होगा बीमा सुगम : इरडा चेयरमैन

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) पॉलिसी की बिक्री, नवीकरण और दावों के निपटारे समेत विभिन्न सेवाओं के लिए एक मंच की सुविधा देने वाले बीमा सुगम पर काम कर रहा है।

प्रौद्योगिकी से लैस यह पोर्टल देशभर के ग्राहकों को सुगम अनुभव देकर बीमा की पैठ का विस्तार करेगा। बीमा नियामक इरडा के चेयरमैन देबाशीष पांडा ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि बीमा सुगम बीमा उद्योग के लिए उसी तरह परिवर्तनकारी होगा जिस तरह से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने देश में डिजिटल भुगतान को बदलकर रख दिया है। पांडा ने कहा, बीमा सुगम से बीमा की खरीद-बिक्री, पॉलिसी से जुड़े कार्यों, दावों का निपटारा जैसे सभी काम हो सकेंगे। बीमा कंपनियां इस मंच पर आ सकती हैं, इसमें एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के माध्यम से काम होंगे। उन्होंने बताया कि एजेंट, वेब एग्रीगेटर (विभिन्न कंपनियों की पॉलिसी आदि की जानकारी देने वाली वेबसाइट) समेत सभी बीमा मध्यवर्ती की इस पोर्टल तक पहुंच होगी। उन्होंने कहा कि जहां तक बीमा पॉलिसीधारकों की बात है तो वे सीधे भी उत्पाद खरीद सकते हैं या फिर मदद लेकर ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, हो सकता है कि कई लोग सहायता लेकर यह करना चाहें और इसके लिए किसी मध्यवर्ती को चुनें। यह मंच पॉलिसीधारकों और संभावित ग्राहकों को उत्पाद, कंपनी और भुगतान के कई विकल्प देगा। पांडा ने कहा, यह शॉपिंग मॉल की तरह है जहां आप जाकर खरीद कर सकते हैं। जहां तक केवाईसी की बात है, तो यह आधार संख्या के जरिए होगा।

# सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में देरी वाली परियोजनाओं की संख्या सबसे अधिक

भाषा। नई दिल्ली

**सड़क परिवहन** एवं राजमार्ग क्षेत्र में देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या सबसे अधिक 262 है। इसके बाद रेलवे की 115 और पेट्रोलियम क्षेत्र की 89 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। एक सरकारी रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। सितंबर, 2022 के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में निगरानी वाली 835 परियोजनाओं में से 262 परियोजनाएं अपने मूल कार्यक्रम से देरी से चल रही हैं। इसी तरह रेलवे की निगरानी वाली 173 परियोजनाओं में से 115 विलंबित हैं, जबकि पेट्रोलियम के लिए 140 में से 89 परियोजनाएं समय से पीछे हैं। अवसंरचना और परियोजना निगरानी प्रभाग (आईपीएमडी) केंद्रीय क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या उससे अधिक की लागत की परियोजनाओं की निगरानी करता है। आईपीएमडी परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा ऑनलाइन कंप्यूटरीकृत निगरानी प्रणाली (ओसीएमएस) पर प्रदान की गई जानकारी के आधार पर इनकी निगरानी करता है। आईपीएमडी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत आता है। रिपोर्ट से पता चलता है कि मुनीराबाद-महबूबनगर रेल परियोजना सबसे अधिक देरी से चल रही परियोजना है। यह 276 महीने की देरी से चल रही है। दूसरी सबसे विलंबित परियोजना उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल परियोजना है। यह परियोजना अपने निर्धारित समय से 247 महीने पीछे है। तीसरी देरी वाली परियोजना बेलापुर-सीवुड-शहरी विद्युतीकृत दोहरी लाइन है, जिसमें 228 महीने की देरी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र की 835 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की कुल मूल लागत (जब स्वीकृति मिली थी)4,94,300.45 करोड़ रुपए थी। इसके अब बढ़कर 5,26,481.88 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। इस तरह सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र की परियोजनाओं की लागत 6.5 प्रतिशत बढ़ी है। सितंबर, 2022 तक इन परियोजनाओं पर किया गया खर्च 3,21,980.33 करोड़ रुपए था, जो अनुमानित लागत का 61.2 प्रतिशत बैठता है। रेलवे की 173 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की कुल मूल लागत 3,72,761.45 करोड़ थी, लेकिन अब इसके बढ़कर 6,23,008.98 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। यानी रेलवे की परियोजनाओं की लागत 67.1 प्रतिशत बढ़ी है। सितंबर, 2022 तक इन परियोजनाओं पर किया गया खर्च 3,50,349.9 करोड़ रुपए या अनुमानित लागत का 56.2 प्रतिशत था। इसी तरह पेट्रोलियम क्षेत्र की 140 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की कुल मूल लागत 3,64,330.55 करोड़ रुपए थी।

## मोटरसाइकिलों की बिक्री घटने से परेशान आंध्र प्रदेश सरकार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में राज्य में मोटरसाइकिलों की बिक्री में 6.52 प्रतिशत की गिरावट आने को लेकर थोड़ी उलझन में आ गई है क्योंकि इस दौरान देश के अन्य राज्यों में बाइक बिक्री बढ़ी है। आंध्र प्रदेश देश का इकलौता ऐसा राज्य है जहां पर मोटरसाइकिलों की बिक्री घटी है। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में राष्ट्रीय स्तर पर दोपहिया वाहनों की बिक्री 26.05 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। इसके साथ ही पहली छमाही में आंध्र प्रदेश में कुल वाहनों की बिक्री भी 1.76 प्रतिशत घट गई। इस नकारात्मक वृद्धि को लेकर राज्य सरकार और वाहन उद्योग से जुड़े लोग हैरान हैं। मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने इस प्रतिकूल रुझान को गंभीरता से लिया है।

लाइसैंस नं. 04 ऑफ 2021 दिनांक 02.03.2021
एचएआरईआरए आरजी नं. 36 ऑफ 2021 दिनांक 16.07.2021

**फ्लैटों का ड्रा**

आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि एसआरवी आटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकासित किए जा रहे प्रोजैक्ट ''लैंडमार्क दि होम्स 81'' सेक्टर 81, गुरुग्राम (प्रोजैक्ट आईडी-113), के फ्लैटों का ई-ड्रा हरियाणा अफोर्डेबल हाऊसिंग पॉलिसी 2013 के अर्न्तगत 02/11/2022 को सायं: 04:00 बजे क्लब फ्लोरेंस, ब्लॉक ई, सुशांत लोक-II, सैक्टर 56, गुरुग्राम, हरियाणा 122003 में ओयोजित किया जाएंगा।

हमें ड्रा के लिए उपलब्ध इकाइयों के 74 संख्या के प्रतिकूल 22 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

एमएचए गाइडलाइन्स के अनुसार, ड्रा 50 व्यक्तियों की अधिकतम क्षमता सहित ड्रा कमेटी और साइट पर स्टाफ के साथ आयोजित किया जाएगा। शेष आवेदक यूट्यूब लाइव के उपलब्ध निम्न लिंक के जरिए ऑनलाइन ड्रा में भाग ले सकेंगे।

यूट्यूब लाइव लिंक: https://youtu.be/LT_CVA37RWs

मैसर्ज एसआरवी आटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड, सीआईएन नं. U70100DL2005PTC134174
कोर्प. कार्यालय: लैंडमार्क हाऊस, प्लाट नं. 65, सैक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा-122003 | कृपया सम्पर्क करें- 8929887878

# मेरठ में धर्म परिवर्तन के मामले में चार और आरोपियों की गिरफ्तारी

**भाषा।** मेरठ

**मेरठ** जिले में धर्म परिवर्तन के आरोप में नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, अब तक इस मामले में कुल आठ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सजवाण ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम बसंत, निक्कू, सरदार और अनिल हैं। उनकी गिरफ्तारी शनिवार रात की गई। एसएसपी के अनुसार, इससे पहले इसी सिलसिले में प्रेमा, तितली उर्फ सुनीता, रीना और बिनवा को गिरफ्तार किया जा चुका है और इस तरह इस मामले में अब तक तीन महिलाओं समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सजवाण ने शनिवार को बताया था कि धर्म परिवर्तन को लेकर पुलिस को शिकायत मिली थी, जिसकी जांच का जिम्मा पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) ब्रह्मपुरी को दिया गया था। उन्होंने बताया कि सीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना ब्रह्मपुरी में तीन महिलाओं समेत नौ लोगों को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्होंने शनिवार शाम बताया था कि इस मामले में तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा था कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के तहत वांछित प्रेमा, तितली उर्फ सुनीता एवं रीना समेत कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत मंगत पुरम बस्ती के कुछ व्यक्तियों ने दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में छबीली उर्फ शिव, बिनवा, अनिल, सरदार, निक्कू, बसंत, प्रेमा, तितली और रीना के नाम हैं। एसएसपी के अनुसार, अब तक की जांच में यह पता चला है कि इस इलाके में अधिकांश दलित समुदाय के लोग रहते हैं। लॉकडाउन के दौरान उन्हें कुछ लोग खाना-वगैरह दे देते थे। इसके बाद इन लोगों ने वहां पर प्रार्थना भी शुरू कर दी थी। एसएसपी के अनुसार, कुछ लोगों से धर्म परिवर्तन की जानकारी मिली है, जबकि कुछ ने इससे इनकार किया है।

पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ताओं के अनुसार कुछ लोगों ने क्षेत्र में रहने वाले गरीबों को कोरोना वायरस महामारी के दौरान कुछ वित्तीय सहायता दी थी और बाद में आरोपियों ने इन लोगों पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला। पुलिस ने बताया था कि शिकायतकर्ताओं के अनुसार, आरोपी मंगत पुरम कॉलोनी के लोगों के घरों से हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीर भी बाहर फेंक रहे हैं। विरोध करने पर अथवा घटना की शिकायत किसी अधिकारी से करने पर आरोपी चाकू-डंडे के साथ घर आकर जान से मारने की धमकी देते हैं।

## युवती पर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाया, मामला दर्ज

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद थाना क्षेत्र निवासी एक युवती पर अमरोहा के दूसरे संप्रदाय के एक युवक द्वारा कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रणविजय सिंह ने रविवार को बताया कि जिले के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र निवासी पीएसी के एक जवान ने पुलिस को 28 अक्टूबर को एक तहरीर देकर आरोप लगाया कि अमरोहा के गोलडीया क्षेत्र निवासी शाहरुख उर्फ विहान से उसकी 22 वर्षीय बेटी की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से हुई। तहरीर में आरोप लगाया कि 24 सितंबर 2021 को आरोपी शाहरुख शिकोहाबाद आया और उसकी बेटी को मिलने के लिए बुलाया और फिर अमरोहा ले जाकर उसकी कई तस्वीरें लीं। उससे सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए और अब बेटी को बराबर फोन कर दबाव बना रहा है कि वह धर्म परिवर्तन कर उससे निकाह कर ले, यदि ऐसा नहीं किया तो उसका व उसके भाई का सिर कलम कर दिया जाएगा। पीड़ित पिता ने यह भी बताया कि आरोपी युवक ने उसकी बेटी के इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर फोटो भी अपलोड कर दिए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 366 (किसी स्त्री को विवाह के लिए विवश करना, अपहृत करना), धारा 506 (आपराधिक धमकी) व आईटी कानून की धारा 66 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है और परिवार को सुरक्षा उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।



वाराणसी में लोक आस्था के महापर्व छठ का रंग कुछ इस तरह नजर आया, गंगा के घाटों, कुंड और सरोवरों पर दो साल बाद इतनी बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे

# यूपी रत्न अवार्ड पाकर गौरवान्वित हो रहा बांदा



## जिलाधिकारी अनुराग पटेल और जल योद्धा उमाशंकर पाण्डेय को मिला सम्मान

**आलोक निगम।** बाँदा

**बांदा** सहित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के लिए आज गौरव का विषय है कि आज 30 अक्टूबर को लखनऊ में उपमुख्यमंत्री वृजेश पाठक के कर कमलों द्वारा जिलाधिकारी अनुराग पटेल और जल योद्धा उमाशंकर पाण्डेय को श्रेष्ठ यू.पी.रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा 45 ज़िलों के शिक्षा, समाजसेवा, सुशासन कृषिए उद्योगए जलसंरक्षण आदि 13 क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 व्यक्तियों को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा श्रेष्ठ यूपी रत्न से सम्मानित किया गया जिसकी अध्यक्षता रमापतीराम त्रिपाठी ने की। सम्मान समारोह में बुंदेलखंड के बांदा जिले का नाम भी शुमार है। यहां इसका श्रेय पूरी तरह जिलाधिकारी अनुराग पटेल को जाता है। इसी केतहत लखनऊ में आज उन्हें सम्मानित किया गया।डीएम अनुराग पटेले के प्रयासों से आज जनपद में पानी का डाटा बढ़ गया हैए इन्होंने स्वयं घंटों को देखकर स्वयं पोकलैंड जेसीबी चलाकर तथा फावड़ा मजदूरों के साथ चलाकर मिट्टी खोदकर कई नदियों को जिंदा कर दिया जो विलुप्त हो चुकी थी जैसे गहरा नदी इसका एरिया 21 किलोमीटर का है मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश में मिलती है तथा चंद्रावल नदी यह भी लगभग विलुप्त हो गई थी लेकिन इसको भी जिंदा कर दिया।जिलाधिकारी ने स्वयं अपने विवेक से व्यापक अभियान चलाया। जिला प्रशासन का कार्य उसी गति से दौड़ रहा है जनता के कार्य हो रहे हैं फिर भी इतना समय निकालकर जल स्रोतों को ढूंढना बड़ी बड़ी झील बनवाना बड़े बड़े तालाब संरक्षित करना बड़े बड़े बांध संरक्षित करना जल स्रोतों को नए.नए जल स्रोतों को खोजना जलकुंभी को जड़ से खत्म करना यह बड़े.बड़े कार्य किए ह। इसीक्रम में उमाशंकर पाण्डेय ऐसे ही एक जल योद्धा हैं। उनकी उपलबिब्धयां आज सम्मान के रूप में सबके सामने हैं।

# भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह पर पत्नी ने लगाए आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप

### ज्योति सिंह ने इस मामले में अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है पुलिस जांच में जुटी

**भाषा।** बलिया

**भोजपुरी** फिल्मों के अभिनेता पवन सिंह के खिलाफ बलिया की एक अदालत में भरण-पोषण का मुकदमा दायर करने के बाद अब उनकी पत्नी ज्योति सिंह ने मानसिक उत्पीड़न व गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पवन सिंह ने उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाया था। ज्योति सिंह ने इस मामले में पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को इस तरह की शिकायत मिलने की पुष्टि की। बलिया शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ज्योति सिंह का शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पवन सिंह से उनके मोबाइल नंबर पर फोन करके उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। भोजपुरी फिल्म



अभिनेता पवन सिंह की पत्नी और बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के मिड्ढ़ी मोहल्ले की रहने वाली ज्योति सिंह ने पुलिस अधिकारियों को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि उनका विवाह छह मार्च, 2018 को भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह के साथ जिले के चितबड़ागांव के एक होटल में हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद ही पवन सिंह के साथ ही उसकी सास प्रतिमा देवी व ननद उसे कम सुंदर होने व बराबरी के स्तर का न होने का ताना मारने लगीं। ज्योति ने यह भी आरोप लगाया कि सास ने उसे मायके से मिले लगभग 50 लाख रुपए अपने पास रख लिया और इसके बाद प्रतिदिन उसके साथ गाली गलौज किया जाने लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तरह-तरह से प्रताड़ित करने के साथ ही उन्हें आत्महत्या करने के लिए उकसाया जाने लगा। शिकायती पत्र के मुताबिक जब वह गर्भवती हो गईं तो उसे विटामिन की दवा बताकर गर्भ गिराने वाली दवा खिलाई गई, जिससे उसका गर्भपात हो गया। उन्होंने कहा कि उनके पति शराब पीकर गाली गलौज व मारपीट करने लगे तथा उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाने लगे। ज्योति ने कहा कि उससे मर्सिडीज कार की मांग की जाने लगी। अभिनेता पवन सिंह ने उसे शांति से रहने की ताकीद की और ऐसा न करने पर उसका हाल भी पूर्व पत्नी नीलम की भांति करने की धमकी दी। उन्होंने पति पवन सिंह पर मानसिक उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया है। ज्योति सिंह ने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि पवन सिंह की पूर्व पत्नी नीलम ने आत्महत्या नहीं की थी लेकिन मीडिया द्वारा पैसे के प्रभाव में इसे आत्महत्या दिखाया गया। ज्योति सिंह ने रविवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में स्वीकार किया कि उसने पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र प्रेषित किया है और उसके पास शिकायतों के सभी साक्ष्य उपलब्ध हैं।

## गायत्री प्रजापति पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में विवेचक की गिरफ्तारी के आदेश

**सुलतानपुर।** एक विशेष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व खनन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में विवेचक की गिरफ्तारी का आदेश देते हुए उन्हें अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया है। लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र ने रविवार को बताया कि सांसद-विधायक अदालत ने शनिवार को विवेचक (उपनिरीक्षक) हरि प्रसाद वर्मा की गिरफ्तारी का आदेश देते हुए उन्हें अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया है। मिश्र ने बताया कि वारंट जारी होने के बाद भी वर्मा अदालत में गवाही देने नहीं आए। उन्होंने कहा कि मामले की अगली सुनवाई नौ नवंबर को होगी। पूर्व खनन मंत्री के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि अमेठी कोतवाली में 28 जनवरी 2012 को चुनाव नामांकन के दौरान अपने समर्थकों के साथ बिना अनुमति के साइकिल का जुलूस निकालकर अंबेडकर चौराहे के पास प्रदर्शन करने के आरोप में गायत्री प्रसाद प्रजापति पर जनप्रतिनिधित्व कानून तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। कथित घटना के समय ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल संजय कुमार यादव और ओमप्रकाश ने अदालत में गवाही दी थी लेकिन विवेचक ने गवाही नहीं दी।

## बाल विकास विभाग के प्रयास से बच्चे को मिला जीवनदान

**मीरजापुर।** जनपदवासी छह माह का शौर्य जन्म से ही उल्टीए बुखार और दस्त से परेशान रहता था। पिता विनोद ने बच्चे को निजी चिकित्सालयों में दिखाया। मात्र आठ दिनों में तीन लाख रुपये खर्च भी कर दिए। स्थिति जस की तस रहने पर विनोद कहने लगा कि मैं अब अपने बच्चे को गंगा में फेंकदूंगा। यह खबर जिला कार्यक्रम अधिकारीको मिली तो वह स्वयं एम्बुलेन्स को लेकर आ गईं। उन्होंने बच्चे को मण्डलीय चिकित्सालय स्थित एनआरसी सेन्टर में भर्ती कराया। डॉक्टरों की बेहतर देख रेख व उपचार के बाद मात्र चार माह में बच्चा स्वस्थ होकर लौट गया। इसी तरह विकास खण्ड चुनार के देवीयानी कलां ग्राम में एक बच्चा उत्थान मिला। सूचना मिलते ही डीपीओ वहां पहुंचीं और तत्काल अपनी गाड़ी से मण्डलीय चिकित्सालय स्थित एनआरसी सेन्टर ले गईं। भर्ती के समय उसका वजन 1ण800 किलोग्राम था। स्टाफनर्स कालिन्दी की देखरेख में 20 दिनों में उसका वजन 2ण900 किलोग्राम हो गया।डिस्चार्ज के बाद पिता सौरभने बताया कि उत्थान बचपन से ही कमजोर था। इसको नई जिंदगी देने में डीपीओ मैम और एनआरसीसेन्टर टीम ने विशेष प्रयास किया है। इन लोगों का मैं जीवनभर कर्जदार रहूंगा।

शौर्य और उत्थान तो सिर्फ बानगी भर हैं। ऐसे अनगिनत मामले हैं जो बाल विकास विभाग के जरिए लाभान्वित हो रहे हैं। बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि विभाग ने 2021 से 2022 तक 215 बच्चों को भर्ती कराया। इसमें से 183 बच्चे अपने घर लौट चुके है। उन्होंने बताया कि एनआरसी सेन्टर पर अनुभवी चिकित्सक बच्चों का उपचार करते हैं। विभाग की ओर से बच्चों के लिए निशुल्क भोजन व उनके परिजन के लिए निशुल्क आवास की सुविधा मिलती है।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा की चार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

**भदोही।** आगरा की जेल में बंद ज्ञानपुर के चार बार विधायक रह चुके बाहुबली विजय मिश्रा द्वारा कथित तौर पर अवैध रूप से अर्जित चार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति रविवार को कुर्क की गई है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि जिले के ज्ञानपुर तहसील क्षेत्र के मौजा कौलापुर में कथित माफिया और पूर्व विधायक विजय मिश्रा ने डरा धमकाकर एक ज़मीन और एक बा2394ी अपने बड़े भाई प्रकाश चंद्र मिश्रा, उनके बेटे विकास मिश्रा और बहू पुष्पलता मिश्रा के नाम से अवैध तरीके से रजिस्ट्री करा ली थी। उन्होंने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट गौरांग राठी के आदेश पर गैंगेस्टर कानून की धारा 14 (1) के तहत आज पुलिस ने उस जमीन को कुर्क कर लिया है। इस अचल संपत्ति की कीमत चार करोड़ 34 लाख 40 हजार रूपए है। कुमार ने बताया कि इससे पहले भी मिश्रा द्वारा आपराधिक तरीके से अर्जित कई करोड़ की चल-अचल संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। उसके गैंग के सदस्यों के खिलाफ अर्जित धन और संपत्ति को चिह्नित कर आगे भी कार्वाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विजय मिश्रा पर कुल 83 मुकदमे दर्ज हैं। उसे अभी तक अवैध रूप से शस्त्र लेकर दहशत फैलाने के एक मामले में पिछले 17 अक्टूबर को अदालत ने ढाई साल की सजा और 15 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी।

## व्यक्ति की ईट से कुचल कर हत्या के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक ढाबे के पास कार खड़ी करने को लेकर हाल में हुए विवाद में एक व्यक्ति की ईट से कुचल कर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने रविवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (द्वितीय) ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पिछली 25 अक्टूबर को टीला मोड़ थाना क्षेत्र के जेवली गांव में एक ढाबे पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त सहायक उपनिरीक्षक कुंवर पाल के बेटे वरुण उर्फ अरुण (35) की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में रविवार दोपहर राजपुर गांव के पास मोहित भाटी तथा सचिन नामक हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में तीसरे आरोपी चिरंजीव शर्मा उर्फ कालू पंडित को पिछली 27 अक्टूबर की रात एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उससे पूछताछ में मोहित और सचिन के नाम सामने आए थे। सिंह ने बताया कि मामले के तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या तथा अन्य सुसंगत आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि टीला मोड़ थाना क्षेत्र के जेवली गांव का रहने वाला वरुण पिछले मंगलवार की रात अपने दोस्तों के साथ एक ढाबे पर खाना खाने गया था। इस दौरान उसने अपनी कार एक अन्य वाहन के नजदीक खड़ी कर दी थी जिससे उसका दरवाजा नहीं खुल पा रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया और हत्यारोपियों ने वरुण को ईंट से पीट-पीटकर मार डाला था।

## मच्छरों के प्रकोप से हो रही बीमारियां

**रायबरेली।** बरसात का सीजन खत्म होने के बाद भी मच्छरों के प्रकोप थमने का नाम नही ले रहा है।जिससे ग्रामीण संक्रमक बीमारियों के चपेट में आ रहें है। लेकिन जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद से जागने को तैयार होते नही दिखायी दे रहें है। जिससे अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बेकाबू होती जा रही है।बतातें चलें कि विकास खंड डीह व छतोह के अंतर्गत आने वाली ज्यादातर ग्राम पंचायतों में जिम्मेदारों की उदाशीनता से नियमित रूप से सफाई व समय पर दवाओं के छिड़काव ना होने के कारण मच्छरों का प्रकोप थमने का नाम नही ले रहा है।

## सेप्टिकटैंक में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत

**कानपुर।** कानपुर जिले के चौबेपुर क्षेत्र में रविवार को एक सेप्टिक टैंक की शटरिंग हटाते वक्त जहरीली गैस के संपर्क में आने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) विजय ढुल ने बताया कि चौबेपुर के निवासी नंदू (18), उसका बड़ा भाई मोहित (24) और पड़ोस में रहने वाला 16 वर्षीय साहिल बिठूर क्षेत्र में कुछ महीने पहले बने एक सेप्टिक टैंक की शटरिंग हटाने के लिए उसमें दाखिल होने के बाद जहरीली गैस के संपर्क में आने से बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि साहिल शटरिंग हटाने के लिए टैंक में उतरा था लेकिन जहरीली गैस की वजह से वह बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए नंदू और मोहित भी टैंक में उतर गए लेकिन वे भी बेहोश हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने तीनों को बाहर निकाला और उन्हें लाला लाजपत राय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# मदरसों के किसी बोर्ड से जुड़ने का कोई मतलब नहीं

### मौलाना अरशद मदनी बोले- न ही सरकारी मदद की जरूरत

**भाषा।** सहारनपुर

**जमीयत** ए उलमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि दुनिया का कोई भी बोर्ड मदरसों की स्थापना के मकसद को नहीं समझ सकता, इसलिए मदरसों के किसी बोर्ड से जुड़ने का कोई मतलब नहीं बनता। सहारनपुर जिले के देवबंद स्थित दारुल उलूम की रशीदिया मस्जिद में रविवार को आयोजित मदरसा संचालकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मौलाना मदनी ने कहा कि मदरसों को किसी भी सरकारी मदद की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि दारुल उलूम देवबंद और उलमा ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई है।

सम्मेलन में मदरसों को किसी भी बोर्ड से संबद्ध किए जाने का विरोध किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अभी कराए गए मदरसों के सर्वे के बाद दारुल उलूम सहित गैर सरकारी मदरसों को गैर मान्यता प्राप्त बताए जाने के बाद दारुल उलूम देवबंद का यह बड़ा निर्णय सामने आया है। देशभर के साढ़े चार हजार मदरसा संचालकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए अरशद मदनी ने कहा कि दारूल उलूम सहित उलमा ने देश की आजादी में जो भूमिका निभाई इसका उद्देश्य ही केवल देश की आजादी थी। उन्होंने कहा कि मदरसों के लोगों ने ही आजादी में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि आज मदरसों पर ही प्रश्नचिह्न लगाए जा रहे हैं और मदरसे वालों को आतंकवाद से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। मदनी ने कहा कि मदरसों और जमीयत का राजनीति से रत्ती भर भी वास्ता नहीं है और हमने देश की आजादी के बाद खुद को अलग कर लिया था।



मौलाना ने कहा कि आज दारुल उलूम के निर्माण कार्यों पर पाबंदियां लगाई जा रही हैं, जबकि इससे पहले निर्माण की एक ईंट लगाने के लिए किसी की इजाजत नहीं लेनी पड़ी। उन्होंने कहा कि मदरसों में पढ़ाई का बोझ कौम उठा रही है और आगे भी उठाती रहेगी और हम हिमालय से ज्यादा मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि दारुल उलूम देशभर में मदरसों का सबसे बड़ा संगठन है और इससे 4500 मदरसे जुड़े हैं जिसमें 2100 मदरसे उत्तर प्रदेश से हैं। 29 अक्टूबर को कुल हिन्द राब्ता एक मदारिस ए इस्लामिया की कार्यकारी कमेटी की बैठक दारुल उलूम देवबंद मे हुई थी। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम (कुलपति) मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि मदरसे तालीमी निजाम को पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर ही रखें, यदि पाठ्यक्रम में तब्दीली हुई तो मदरसे अपने असली मकसद से भटक जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुछ नासमझ लोग मदरसों के पाठ्यक्रम में बुनियादी तब्दीली और मॉडर्न शिक्षा की बात करते हैं, ऐसे लोगों से प्रभावित होने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होने कहा कि मदरसे तालीम के अपने पुराने निजाम को ही कायम रखें। हम एकजुट होकर एक आवाज में पाठ्यक्रम में तब्दीली को नकारते हैं, क्योंकि यह पाठ्यक्रम ही मदरसों का असली मकसद है और यदि वे इससे हटे तो मदरसे भटक जाएंगे। नोमानी ने कहा कि मदरसे अमन शान्ति का पाठ पढाते हैं, इसलिए देश के खिलाफ उठने वाली ताकतों का सिर कुचलना भी मदरसों की अहम जिम्मेदारी है।

## संकिसा को धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनाएंगे : मंत्री

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को फुर्खाबाद जिले के मोहम्मदाबाद स्थित हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे बौद्ध तीर्थ संकिसा आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर हवाई सेवा मिल सकेगी। सिंह ने बातचीत में कहा, दुनिया युद्ध के संदेश दे रही है। लेकिन भारत ने दुनिया को बुद्ध दिए हैं। भगवान बुद्ध ने दुनिया को शांति भाईचारे और मानवता का आध्यात्मिक संदेश दिया है। मोहम्मदाबाद में स्थित हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के तौर पर विकसित किया जाएगा ताकि बौद्ध तीर्थ संकिसा आने वाले पर्यटकों को बेहतर हवाई सेवा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा, संकिसा को धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा और इसे हवाई यात्रा सुविधाओं से जोड़ने से बेहतर आर्थिक अवसर के साथ-साथ रोजगार भी उपलब्ध होगा। इससे युवाओं का भविष्य बेहतर बनेगा।

# लड़खड़ा गया शीर्ष क्रम, भारत की हार

## ● टी20 विश्वकप : दक्षिण अफ्रीका ने रोका विजय रथ

**भाषा।** पर्थ

**तेज गेंदबाज** लुंगी एनगिडी की घातक गेंदबाजी तथा एडेन मार्कराम और डेविड मिलर के अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां टी20 विश्वकप के सुपर 12 के कम स्कोर वाले मैच में भारत को पांच विकेट से हराया। भारत की हार का कारण शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी रही जो ऑप्टस स्टेडियम की तेज और उछाल भरी पिच से सामंजस्य नहीं बिठा पाए। भारत को पांचवें तेज गेंदबाज की कमी खली क्योंकि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने चार ओवर में 43 रन दिए। दक्षिण अफ्रीका ने 134 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट 24 रन पर गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद मार्कराम (41 गेंदों पर 52 रन, छह चौके, एक छक्का) और मिलर (46 गेंदों पर नाबाद 59 रन, तीन चौके, तीन छक्के) ने चौथे विकेट के लिए 76 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी करके अपनी टीम का स्कोर 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन तक पहुंचाया। भारत ने पांच विकेट 49 रन पर गंवा दिए थे, जिसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 40 गेंदों पर 68 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और छह चौके शामिल हैं। इसके बावजूद पहले बल्लेबाजी करने उतरा भारत नौ विकेट पर 133 रन ही बना पाया। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से एनगिडी ने 29 रन देकर चार विकेट और वेन पर्नेल ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप दो में पांच अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है जबकि भारत दूसरे स्थान पर खिसक गया है। भारत की तरह दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के लिए भी नई गेंद के सामने पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा। अर्शदीप सिंह (25 रन देकर दो) ने अपने पहले ओवर में ही क्विंटन डिकॉक (एक) और अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं रिली रोसो (शून्य) को आउट करके भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। मोहम्मद शमी (चार ओवर में 13 रन देकर एक) ने कप्तान तेंबा बावुमा (10) को विकेट के पीछे कैच कराया और इस तरह से दक्षिण अफ्रीका पावरप्ले में तीन विकेट पर 24 रन ही बना पाया। भारतीय गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करके दस ओवर तक दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 40 रन तक ही पहुंचने दिया। मार्कराम और मिलर ने इसके बाद तेजी दिखाई। इस बीच विराट कोहली ने अश्विन की गेंद पर मार्कराम का कैच भी छोड़ा, जिसका जश्न इन दोनों ने इस ऑफ स्पिनर के अगले ओवर में छक्के जड़कर मनाया। मार्कराम ने 38 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद हार्दिक पंड्या ने उन्हें पवेलियन की राह दिखाकर भारत की उम्मीदें जगाई। जब दक्षिण अफ्रीका को 18 गेंदों पर 25 रन की दरकार थी तब रोहित ने अश्विन को गेंद सौंपी। मिलर ने उनकी पहली दो गेंदों पर छक्के जड़कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले भारत ने पावरप्ले में ही अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट रोहित (15) और केएल राहुल (नौ) के विकेट गंवा दिए। रोहित को कैगिसो रबाडा की गेंद पर जीवनदान भी मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और जब एनगिडी पांचवा ओवर करने के लिए आए तो भारतीय कप्तान ने गेंदबाज को वापस कैच थमा दिया। राहुल की खराब फॉर्म जारी रही। एनगिडी ने अपने इसी ओवर में उन्हें स्लिप में कैच कराकर भारत को दूसरा झटका दिया। भारत ने पावरप्ले में दो विकेट पर 33 रन बनाए। एनगिडी ने अपने दूसरे ओवर में कोहली (12) के रूप में भारत को तीसरा बड़ा झटका दिया। पिछले दो मैचों में अर्धशतक जड़ने वाले कोहली ने इस ओवर की पहली दो गेंदों पर चौके लगाए लेकिन जल्द ही उन्होंने फाइन लेग पर रबाडा को कैच थमा दिया। हुड्डा को पांचवें नंबर पर उतारा गया लेकिन एनरिक नोर्किया ने उन्हें खाता भी नहीं खोलने दिया। हार्दिक पंड्या केवल दो रन बना पाए। एनगिडी की गेंद पर रबाडा ने उनका शानदार कैच लपका। अब दारोमदार सूर्यकुमार पर था जिन्होंने नोर्किया की गेंद छह रन के लिए भेज कर दबाव हटाने की कोशिश की। स्पिनर केशव महाराज पर लगाया गया उनका छक्का दर्शनीय था। सूर्यकुमार ने एनगिडी पर छक्का और फिर चौका लगाकर 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दस ओवर के बाद भारत का स्कोर पांच विकेट पर 60 रन था और सूर्यकुमार के बल्ले से निकले रनों की बदौलत उसने 15 ओवर में अपना स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया, लेकिन शुरू से रन बनाने के लिए जूझ रहे दिनेश कार्तिक (15 गेंदों पर छह) ने इसके तुरंत बाद अपना विकेट गंवा दिया। सूर्यकुमार और कार्तिक ने 52 रन की साझेदारी की।


कोहली का विकेट लेने पर एनगिडि को बधाई देते साथी

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** राहुल का मार्कराम बो एनगिडी 09,रोहित का एवं बो एनगिडी 15, कोहली का रबाडा बो एनगिडी 12,सूर्यकुमार का महाराज बो पर्नेल 68, हुड्डा का डिकॉक बो नोर्किया 00, पंड्या का रबाडा बो एनगिडी 02, कार्तिक का रोसोऊबो पर्नेल 06,अश्विन का रबाडा बो पर्नेल 07,भुवनेश्वर नाबाद 00, शमी रन आउट 02,अर्शदीप नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 08,**कुल** : 20 ओवर मे नौ विकेट पर 133 रन,विकेट पतन :1-23, 2-26, 3-41, 4-42, 5-49, 6-401, 7-124, 8-127, 9-130,**गेंदबाजी** : पर्नेल 4-1-15-3,रबाडा 4-0-26-0,एनगिडी 4-0-29-4,नोर्किया 4-0-23-1, महाराज 3-0-28-0,मार्कराम 1-0-5-0

**दक्षिण अफ्रीका पारी :** डिकॉक का राहुल बो अर्शदीप 01, बावुमा का कार्तिक बो शमी 10,रोसो पगबाधा बो अर्शदीप 00, मार्कराम का यादव बो पंड्या 52,मिलर नाबाद 59,स्टब्स पगबाधा बो अश्विन 06, पर्नेल नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 07,**कुल** : 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 134 रन,**विकेट पतन** :1-3, 2-3, 3-24, 4-100, 5-122,**गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 3.4-0-21-0,अर्शदीप 4-0-25-2, शमी 4-0-13-1,पंड्या 4-0-29-1,अश्विन 4-0-43-1

## हमने अच्छा खेल नहीं दिखाया, परिस्थितियां बहाना नहीं: रोहित



**पर्थ।** पर्थ मे बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां बेहद मुश्किल थी लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के हाथो टी20 विश्व कप मे रविवार को मिली हार के लिए इसे बहाना नही बनाया जा सकता। रोहित ने मैच के बाद कहा, हम जानते थे कि पिच से तेज गेंदबाजो को मदद मिलेगी इसलिए 130 रन का लक्ष्य हासिल करना भी आसान नही था। मेरा मानना है कि हमने आखिर तक उन्हे कड़ी चुनौती दी लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने आखिर मे अच्छा खेल दिखाया। पिच ऐसी थी कि तेज गेंदबाजो को किसी भी समय विकेट मिल सकता था। मिलर और मार्कराम ने मैच विजेता साझेदारी निभाई। हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नही रहा। हम इस तरह की परिस्थितियो मे खेलते रहे है इसलिए परिस्थितियां कोई बहाना नही है। हम प्रत्एक विभाग मे निरंतरता बनाए रखना चाहते है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने स्वीकार किया कि उनको छोड़कर टीम के अन्य बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में चल रहे है। केवल मुझे छोड़कर हमारे बाकी बल्लेबाज अच्छी फॉर्म मे है। हमारे बल्लेबाजो ने सामूहिक प्रयास से मैच जीते है। लुंगी एनगिडी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए और उन्हे मैन ऑफ द मैच चुना गया।वह अपने इस प्रदर्शन का लंबे समय तक आनंद लेते रहेंगे। यह मेरा सबसे बड़ा सपना था कि मै विश्वकप मे इस तरह का पुरस्कार हासिल करूं और अपने देश को मैच जिताने में मदद करूं। मै इस प्रदर्शन का लंबे समय तक लुत्फ उठाता रहूंगा।

## कार्तिक चोटिल, बांग्लादेश के खिलाफ खेलना संदिग्ध



**पर्थ।** भारतीय टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी दिनेश कार्तिक की पीठ रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान चोटिल हो गई और उनका एडिलेड मे बांग्लादेश के खिलाफ मैच मे खेलना संदिग्ध है। कार्तिक अभी तक टूर्नामेंट मे बल्लेबाजी मे अच्छा प्रदर्शन नही कर पाए है और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी उन्होने 15 गेंद पर केवल छह रन बनाए। दक्षिण अफ्रीकी पारी के 15 ओवर के बाद कार्तिक दर्द से कराहते हुए दिखे। उन्होने अपनी पीठ पकड़ ली और घुटनो के बल बैठ गए। फिजियो तुरंत ही उनके पास पहुंचे और कुछ देर बाद कार्तिक उनके साथ ही वापस पवेलियन लौट गए। भुवनेश्वर कुमार ने बाद मे पुष्टि की कि कार्तिक की पीठ में चोट लगी है। उन्होंने कहा, उनके साथ पीठ से जुड़ा कोई मामला है। फिजियो की रिपोर्ट मिलने के बाद ही इस बारे मे स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है। भारत को अगला मैच दो नवंबर को बांग्लादेश के खिलाफ एडिलेड में खेलना है और ऐसे मे कार्तिक के पास फिट होने के लिए बहुत कम समय है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच मे आखिरी पांच ओवरो मे कार्तिक की जगह ऋषभ पंत ने विकेटकीपिंग की।

## अटवाल तीसरे दौर के बाद संयुक्त 28वें स्थान पर

**साउथम्पटन (बरमूडा)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल ने बटरफील्ड बरमूडा चैम्पियनशिप के तीसरे दौर मे एक अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 28वें स्थान पर बने हुए है। अटवाल ने तीसरे दिन महज दो बर्डी लगाई और वह एक बोगी भी कर बैठे। पहले दिन 63 और दूसरे दिन इवन पार 71 का कार्ड खेलने वाले अटवाल का कुल स्कोर नौ अंडर है।

## महेश गवली भारत की अंडर–20 पुरुष टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**नवी मुंबई।** पूर्व भारतीय डिफेंडर महेश गवली को अंडर-20 पुरूष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को इसकी घोषणा की। गवली इस तरह क्षणमुगम वेंकटेश की जगह लेंगे जिन्होंने पद से हटने का फैसला किया था क्योंकि भारतीय टीम एएफसी अंडर-20 एशिया कप के लिए क्वालीफाई नही कर पाई थी। आईएम विजयन की अगुआई वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने यह फैसला किया। एआईएफएफ ने कहा, समिति ने भारतीय अंडर-20 पुरूष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए पूर्व डिफेंडर महेश गवली के नाम की सिफारिश की।

## विकास कंडोला ने बेंगलुरु बुल्स को जीत दिलाई

**पुणे।** विकास कंडोला के शानदार सुपर रेड की मदद से बेंगलुरू बुल्स ने रविवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में जयपुर पिंकपैंथर्स को 37-31 से हराया। दोनों टीमों ने शुरू से ही एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश की जिससे कि मध्यांतर तक स्कोर 19-19 से बराबरी पर था। मैच समाप्त होने में जब कुछ मिनट का समय बचा था तब भी दोनो टीमें 30-30 से बराबरी पर थी और लग रहा था की मैच टाई रहेगा लेकिन ऐसे में विकास ने शानदार खेल दिखाकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

## हम और बेहतर तरीके से लक्ष्य हासिल कर सकते थे: बाबर

**पर्थ।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम टी20 विश्व कप मे पहली जीत दर्ज करके राहत महसूस कर रहे है लेकिन उन्होने कहा कि नीदरलैंड के खिलाफ छोटे लक्ष्य को और बेहतर तरीके से हासिल किया जा सकता था। पाकिस्तान ने नीदरलैंड को नौ विकेट पर 91 रन पर रोक दिया था लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसने चार विकेट गंवाए। आजम ने मैच के बाद कहा, मै बहुत खुश हूं। टीम ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि लेंथ महत्वपूर्ण है। हमे अच्छी लेंथ से गेंदबाजी करने की जरूरत थी क्योंकि पिच में तेजी और उछाल थी। हर किसी ने रणनीति के अनुसार काम किया। मेरे विचार में हम इससे बेहतर तरीके से लक्ष्य हासिल कर सकते थे लेकिन जीत से हमेशा आपका मनोबल बढ़ता है। हम इस मैच के सकारात्मक पहलुओं के साथ अगले मैच में उतरेंगे। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने पहले बल्लेबाजी करने के अपने फैसले को सही ठहराया। वह सही फैसला था। हमने पूरे टूर्नामेंट में पहले बल्लेबाजी नही की थी। हमने अच्छा प्रदर्शन नही किया। हम लगातार गेंद को सीमा रेखा तक नही पहुंचा पाए। गेंदबाजों ने अच्छा प्रयास किया लेकिन 90 रन का स्कोर पर्याप्त नही था।

# पाकिस्तान ने सेमीफाइनल की उम्मीदें जीवंत रखी



## ● नीदरलैंड पर छह विकेट से जीत दर्ज

**भाषा।** पर्थ

**पाकिस्तानी** टीम की बल्लेबाजी फिर फीकी रही लेकिन उसने रविवार को यहां टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में नीदरलैंड पर छह विकेट से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल की अपनी उम्मीद जीवंत रखीं। गेंदबाजों के लिए मददगार ऑप्टस स्टेडियम की पिच पर नीदरलैंड की टीम पाकिस्तान की कसी गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 91 रन ही बना सकी। नीदरलैंड के एक बल्लेबाज बास डि लीड (06) हारिस रऊफ की गेंद लगने से रिटायर्ड हर्ट हुए। उनकी आंख के नीचे कट लग गया। पाकिस्तान के लिए यह लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था लेकिन उन्हें इस तक पहुंचने के लिए 13.5 ओवर लग गए जबकि उनके पास आईसीसी टी20 रैंकिंग का नंबर एक बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान मौजूद था जिन्होंने 125.64 के स्ट्राइक रेट से 39 गेंद में 49 रन बनाए। कप्तान बाबर आजम (04) का रन आउट होना दुर्भाग्यशाली रहा जबकि फखर जमां (16 गेंद में 20 रन) ने तीन चौके लगाए लेकिन ब्रैंडन ग्लोवर की गेंद पर कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स को कैच दे बैठे। रिजवान ने फिर टीम को जीत तक पहुंचाया। बांग्लादेश ने रोमांचक मुकाबले में जिम्बाब्वे को तीन रन से हरा दिया है जिससे पाकिस्तान के टूर्नामेंट में बने रहने की संभावना बढ़ गई है। इस जीत का पूरा श्रेय पाकिस्तानी गेंदबाजों को जाता है जिन्होंने दिन में कोई गलती नहीं की। शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह ने पावरप्ले में रन गति पर लगाम कसी। नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में केवल पांच चौके ही लगा सकी। बाबर आजम की अगुआई वाली टीम के गेंदबाजों ने रविवार को नीदरलैंड के लिए रन जुटाना भारी कर दिया जिसने पर्थ की उछाल भरी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने नौंवे ओवर तक नीदरलैंड के 26 रन पर तीन विकेट झटक लिए थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अफरीदी (19 रन देकर एक विकेट) ने अपनी रफ्तार और उछाल से नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाजों को परेशान किया जबकि शादाब खान (22 रन देकर तीन विकेट) ने अपनी लेग स्पिन से उनके लिए मुश्किलें खड़ी कीं। अफरीदी ने तीसरे ओवर में स्टीफन मेबर्ग को आउट कर पहला झटका दिया जो उनकी गेंद पर बल्ला छुआकर फाइन लेग पर मोहम्मद वसीम जूनियर को कैच दे बैठे। छठे ओवर में बास डि लीड को रिटायर हर्ट होना पड़ा ।

### स्कोरबोर्ड

**नीदरलैंड पारी :** मेबर्ग का वसीम बो अफरीदी 06,ओडोड पगबाधा शादाब खान 08,लीड रिटायर्ड हर्ट 06, कूपर का वसीम बो शादाब खान 01, एकरमैन पगबाधा शादाब खान 01,एडवर्ड्स का अहमद बो शाह 15,वान डर मर्व बो रऊफ 05, प्रिंगल बो वसीम 05,वान बीक नाबाद 06,क्लासेन बो वसीम 00,वान मीकेरेन रन आउट 07, **अतिरिक्त** : 05, **कुल** : 20 ओवर मे नौ विकेट पर 91 रन, विकेट पतन :1-7,1-18, 2-19, 3-26, 4-61, 5-69, 6-73, 7-81, 8-81, 9-91, **गेंदबाजी** : शाह अफरीदी 4-0-19-1,शाह 4-0-11-1, वसीम 3-0-15-2,रऊफ 3-0-10-1,शादाब 4-0-22-3, नवाज 2-0-11-0

**पाकिस्तान पारी :** रिजवान का एडवर्ड्स बो वान मीकेरेन 49, बाबर रन आउट 04, जमां का एडवर्ड्स बो ब्रैडन ग्लोवर 20,मसूद का वान मीकेरेन बो ब्रैडन ग्लोवर 12, अहमद नाबाद 06,शादाब खान नाबाद 04, **अतिरिक्त** : 00, **कुल** : 13.5 ओवर में चार विकेट पर : 95 रन, **विकेट पतन** : 16-1, 53-2, 83-3, 91-4, **गेंदबाजी** : क्लासेन 3-0-26-0, मीकेरेन 4-0-19-1, ग्लोवर 2.5-0-22-2, प्रिंगल 1-0-12-0, बीक 2-0-9-0,डर मर्व 1-0-7-0

# अंतिम ओवर में बांग्लादेश की रोमांचक जीत

## ● जिम्बाब्वे को तीन रन से हराया

**भाषा।** ब्रिसबेन

**बांग्लादेश ने** रविवार को यहां टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच के नाटकीय अंतिम ओवर के बाद जिम्बाब्वे पर तीन रन से जीत दर्ज की जिसमें अधिकारियों को डगआउट से खिलाड़ियों को मुकाबला पूरा करने के लिए वापस बुलाना पड़ा क्योंकि उन्होंने महसूस किया कि नुरूल हसन की अंतिम गेंद पर स्टंपिंग की अपील सही नहीं थी। बांग्लादेश खिलाड़ी जीत का जश्न मना रहे थे और डगआउट पहुंच गए थे क्योंकि जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजारबानी को हसन ने स्टंप कर दिया था। हालांकि टीवी रिप्ले में दिखा कि हसन ने विकेट के आगे से गेंद पकड़ ली थी जो नियमों के खिलाफ है जिससे जिम्बाब्वे को फ्री हिट मिला और सभी खिलाडियों को अंतिम गेंद खेलने के लिए मैदान पर वापस बुलाया गया। जिम्बाब्वे को इससे अब जीत के लिए चार रन की दरकार थी। बांग्लादेश की जीत का जश्न मनाने वाले खिलाड़ी हाथ मिलाने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे लेकिन अंतिम गेंद खेलने के लिए फिर लौटे। पर जिम्बाब्वे की टीम इस मौके का फायदा नहीं उठा सकी और मुजारबानी फिर चूक गए और अंत में बांग्लादेश ने जीत का फिर से जश्न मनाया। सलामी बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांटो (55 गेंद में 71 रन) के क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में पहले अर्धशतक की बदौलत बांग्लादेश ने सात विकेट 150 रन बनाए।



### स्कोरबोर्ड

**बांग्लादेश :** शांटो का क्रेग इरविन बो रजा 71,सरकार का चाकाब्वा बो मुजारबानी 00, दास का चतारा बो मुजारबानी 14,अल हसन का मुजारबानी बो सीन विलियम्स 23,हुसैन पगबाधा बो नगारावा 29, मुसादेक का चतारा बो नगारावा 07, नुरूल रन आउट 01, अली नाबाद 01, **अतिरिक्त** : 04,**कुल** : 20 ओवर में सात विकेट पर : 150 रन, **विकेट पतन** : 10-1, 32-2, 86-3, 122-4, 147-5, 149-6, 150-7, **गेंदबाजी** :नगारावा 4-0-24-2, मुजारबानी 2-0-13-2,चतारा 3-0-18-0, रजा 4-0-35-1,इवांस 3-0-32-0,माधेवेरे 2-0-18-0, विलियम्स 2-0-10-1

**जिम्बाब्वे पारी :** ,माधेवेरे का मुस्तफिजुर रहमान बो तास्किन अहमद 04,इरविन का नुरूल हसन बो तास्किन अहमद 08,शुम्बा का शाकिब अल हसन बो मुस्तफिजुर रहमान 08,विलियम्स रन आउट 64,रजा का अफीफ हुसैन बो मोसादेक हुसैन 02,नगारावा स्ट नुरूल हसन बो मोसादेक हुसैन 06,मुजारबानी नाबाद 00, **अतिरिक्त** : 13 रन , **कुल** : 20 ओवर विकेट पर आठ विकेट पर : 147 रन, **विकेट पतन** :1-4, 2-17, 3-35, 4-35, 5-69, 6-132, 7-136, 8-146, **गेंदबाजी** : अहमद 4-1-19-3,महमूद 4-0-36-0,हुसैन 4-0-34-2, रहमान 4-0-15-2, अल हसन 4-0-34-0

# पंजाब, विदर्भ और सौराष्ट्र सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**भाषा।** कोलकाता

**पंजाब, विदर्भ** और सौराष्ट्र ने रविवार को यहां अपने अपने मैच जीतकर सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पंजाब ने प्री क्वार्टर फाइनल में हरियाणा को 49 रन से हराया। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर प्रभसिमरन सिंह की 36 गेंदों पर 64 रन की पारी और अभिषेक शर्मा के नाबाद 55 रन की मदद से उसने सात विकेट पर 176 रन बनाए। हरियाणा की टीम इसके जवाब में नौ विकेट पर 127 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से निशांत सिंधु ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। पंजाब के लिए बलतेज सिंह ने तीन जबकि सिद्धार्थ कौल और मयंक मार्कंडेय ने दो–दो विकेट लिए। विदर्भ ने एक अन्य मैच में छत्तीसगढ़ को आठ गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराया। उमेश यादव (27 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से विदर्भ ने छत्तीसगढ़ को नौ विकेट पर 111 रन ही बनाने दिए। छत्तीसगढ़ के लिए कप्तान हरप्रीत सिंह ने 27 और अमनदीप खरे ने 25 रन का योगदान दिया। विदर्भ ने सलामी बल्लेबाज संजय रघुनाथ की 63 रन की पारी की मदद से 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 112 रन बनाकर जीत दर्ज की। सौराष्ट्र ने एक अन्य मैच में केरल को नौ रन से हराया। सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शेल्डन जैकसन के 64 रन की मदद से छह विकेट पर 183 रन बनाए और फिर केरल को चार विकेट पर 174 रन पर रोक दिया।



## एशियाई शतरंज : भारत के हर्ष भरतकोटि को बढ़त

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर हर्षा भरतकोटी ने एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप के ओपन वर्ग में पांचवें दौर में रविवार को यहां कौस्तव चटर्जी को हराकर 4.5 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल की। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर प्रज्ञानानंद उन सात खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनके समान चार अंक हैं और वह संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंद ने पांचवें दौर की बाजी हमवतन लियोन ल्यूक मेंडोंका के साथ ड्रॉ खेली।जिन अन्य खिलाड़ियों के चार–चार अंक हैं उनमें मेंडोंका, मुरली, सेथुरमन, अधिबान, अताबाएव (तुर्कमेनिस्तान) और शमसिद्धिन(उजबेकिस्तान)शामिल हैं।

## शंकर मुथुसामी को विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत

**सैंटाडर (स्पेन)।** भारत के शंकर मुथुसामी को रविवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल के फाइनल में चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन से सीधे गेम में हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तमिलनाडु का यह 18 वर्षीय खिलाड़ी 48 मिनट तक चले मैच में कुआन लिन से 14–21 20–22 से हार गया। पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी शंकर इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए हैं। उनसे पहले अपर्णा पोपट (1996), साइना नेहवाल (2006) और सिरिल वर्मा (2015) ने इस चैंपियनशिप में रजत पदक जीते थे।

## भारत प्रो लीग मैच में स्पेन से 2-3 से हारा

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के अपने दूसरे मैच मे रविवार को यहां स्पेन के हाथो 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। एडुआर्ड डी इग्नासियो सिमो (16वें मिनट) और मार्क मिरालेस (26वें मिनट) ने स्पेन को 2-0 की बढ़त दिलाई लेकिन भारत ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह (वे मिनट) और अभिषेक(54वें मिनट) के गोल से बराबरी हासिल की। भारतीय रक्षा पंक्ति हालांकि अंतिम क्षणो मे बिखर गई जिसका फायदा स्पेन ने उठाया। उसकी तरफ से मार्क रेने ने 56वें मिनट मे गोल किया जो आखिर मे निर्णायक साबित हुआ।

## क्षेत्ररक्षण अच्छा होता तो परिणाम भिन्न होता: भुवनेश्वर

**पर्थ।** भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने रविवार को यहां कहा कि यदि एडेन मार्कराम का कैच नही छूटा होता और रन आउट के दो मौके नही गंवाए होते तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ परिणाम कुछ और होता। मार्कराम जब 35 रन पर थे तब विराट कोहली ने उनका कैच छोड़ दिया था। इस बल्लेबाज ने इसका पूरा फायदा उठाकर 52 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से जीत दिलाने मे अहम भूमिका निभाई। भारत ने इसके अलावा रन आउट के दो मौके भी गंवाए। भुवनेश्वर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, अगर हमने कैच नही छोड़े होते तो परिणाम भिन्न होता। कैच लेने से ही मैच जीते जाते है और यदि हमने उन मौको को भुनाया होता तो उससे अंतर पैदा हो सकता था। उन्होने कहा, मै ऐसा नही कहूंगा कि इससे पासा पलट जाता लेकिन यह अंतर पैदा कर सकता था। लेकिन मै किसी विशेष क्षण को इस तरह इंगित नही करूंगा।

## नवीन अरोरा बने यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के अध्यक्ष



**लखनऊ।** यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का चुनाव 29 को लखनऊ में आयोजित बैठक में किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से नवीन अरोरा आईपीएस को अध्यक्ष, जावेद खान अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को महासचिव सुश्री हिना हबीब को कोषाध्यक्ष एवं अधिवक्ता रजा हुसैन को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। अध्यक्ष नवीन अरोरा ने कहा कि वे ताइक्वाण्डो खेल के विकास एवं उचित प्रशिक्षण के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर महासचिव जावेद खान ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी एवं बुके देकर उनका स्वागत किया। श्री जावेद ने यह भी बताया कि आगामी 5 व 6 नवंबर 2022 को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 18वीं यूपी राज्य ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता का आयोजन यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन द्वारा किया जाएगा जिसमें प्रदेश के लगभग 550 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में निम्न पदाधिकारियों को चुना गया। अध्यक्ष- नवीन अरोरा ,उपाध्यक्ष-एसएम कासिम आब्दी ,मनोज अवस्थी ,विकास श्रीवास्तव डॉ.माला मेहरा, महासचिव-जावेद खान,कोषाध्यक्ष. सुश्री हिना हबीब ,संयुक्त सचिवः रजा हुसैन,अमय चौहान,विधिक सलाहकार पंकज अवस्थी।

# अंपायर ने मैच खत्म करने को खिलाड़ियों को डगआउट से बुलाया

## ● जिम्बाब्वे-बांग्लादेश के बीच मैच के अंतिम गेंद नो-बॉल के बाद लिया फैसला

**भाषा।** ब्रिसबेन



**जिम्बाब्वे** और बांग्लादेश के बीच रविवार को यहां टी20 विश्व कप मैच के दौरान एक अभूतपूर्व घटना में दोनों टीमों के खिलाड़ियों को डगआउट से वापस बुलाया गया क्योंकि मैच की अंतिम गेंद को अंपायरों ने नो–बॉल करार किया। अंतिम गेंद पर पांच रन की दरकार थी, ब्लेसिंग मुजारबानी को विकेटकीपर नुरूल हसन ने मोसादेक हुसैन की गेंद पर स्टंप कर दिया जिससे बांग्लादेशी खिलाड़ी और प्रशंसक जीत का जश्न मनाने लगे। स्टंप हटा दिए गए और खिलाड़ी हाथ मिलाने के बाद डगआउट में वापस आ गए, लेकिन तभी टीवी अंपायरों ने अंतिम गेंद को नो–बॉल कर दिया क्योंकि उन्होंने नुरूल को आंशिक रूप से स्टंप के सामने से गेंद लेने का दोषी पाया जिससे स्टंपिंग अमान्य हो गई। इससे जिम्बाब्वे को एक फ्री–हिट मिला और उन्हें मैच जीतने के लिए चार रन की जरूरत थी। लेकिन मोसादेक की अंतिम गेंद मुजारबानी फिर से चूक गए।

## नो-बॉल ड्रामा पर विलियम्स ने कहा, बहुत अजीब रहा

**ब्रिसबेन।** जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज सीन विलियम्स ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप में अंतिम गेंद के नो-बॉल करार किए जाने की घटना को अजीबोगरीब करार दिया जिसमे बांग्लादेश ने तीन रन से जीत हासिल की। इस अभूतपूर्व घटना मे दोनो टीमो के खिलाड़ियो को डगआउट से वापस बुला लिया गया क्योंकि अंतिम गेंद को नो-बॉल पाया गया। विलियम्स ने कहा, यह बहुत ही अजीब था। निश्चित रूप से हमने इससे पहले क्रिकेट मैच मे ऐसा कुछ अनुभव नही किया था लेकिन टी20 मैच मे थोड़ी उम्मीद होती है कि कुछ भी हो सकता है। पहली बार मैने देखा कि नो-बॉल तब हुई जब हम अंपायर से हाथ मिलाने के लिए जा रहे थे और उन्होंने हमें रोक दिया और फिर रीप्ले बड़ी स्क्रीन पर आ गया। तभी हमने देखा कि यह एक नो-बॉल थी। बहुत दिलचस्प रहा। बांग्लादेश के बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांटो ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 71 रन की पारी खेली। उन्होंने कहा, हां, यह हमारे लिए बिलकुल नया तरह का अनुभव था।